CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :24°C
न्यूनतम: 09°C

बरेली, सोमवार 8 दिसम्बर 2025 बरेली संस्करण: वर्ष 23 अंक 9 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com पौष कृष्ण पक्ष 3 विक्रमी सम्वत् 2082 16 जमादिउल उखरा1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित




बाबर कोई मसीहा नहीं, न बने उसके नाम पर कोई मस्जिद : इकबाल अंसारी पेज 2



स्मृति मंधाना-पलाश मुच्छल की शादी कैंसिल खेल टाइम्स



लोकतंत्र में बंदों को गिना करते हैं तौला नहीं करते सम्पादकीय



इमरान खान राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा नहीं: पीटीआई पेज 12

# एलओसी पर पाकिस्तान के 68 आतंकी लॉन्च पैड सक्रिय

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में लाइन ऑफ कंट्रोल (एलओसी) पर पाकिस्तान के कब्जे वाले इलाके में 68 लॉन्च पैड सक्रिय हैं। वहां 110 से 120 आतंकी जम्मू-कश्मीर में घुसने की तैयारी कर रहे हैं। खुफिया एजेंसियों ने ये जानकारी दी है।

सूत्रों के मुताबिक, अगले कुछ हफ्तों में घुसपैठ की कोशिशें बढ़ सकती हैं। एलओसी के कई संवेदनशील इलाकों में सुरक्षा को और कड़ा कर दिया गया है। सभी सेक्टरों में निगरानी बढ़ा दी गई है, ताकि आतंकी सीमा के करीब भी न पहुंच सकें। अधिकारियों ने बताया कि पाकिस्तान समर्थित आतंकी लगातार एलओसी की ओर भेजे जा रहे हैं, लेकिन भारतीय सुरक्षा एजेंसियां पूरी तरह तैयार हैं। सभी फोर्सेज को सख्त निर्देश दिए गए हैं कि हर घुसपैठ की कोशिश को सीमा पर ही रोक दिया जाए। सीमा से लगे गांवों और आगे की चौकियों में भी गश्त बढ़ा दी गई है।



■ 120 आतंकी भारत में घुसने की तैयारी में, सुरक्षाबलों को निर्देश, टेररिस्ट सीमा के करीब न पहुंचें

## ऑपरेशन सिंदूर अभी खत्म नहीं हुआ: नेवी चीफ

**नई दिल्ली।** इंडियन नेवी चीफ एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी ने रविवार को कहा कि भले ही ऑपरेशन सिंदूर को फिलहाल रोका गया है, लेकिन ये अभी भी जारी है।

भारत पर अगर कोई भी अटैक की कोशिश करेगा, तो हमारी सेना उसे मुंहतोड़ जवाब देगी, जैसा ऑपरेशन सिंदूर के समय दिया था। रविवार को दिल्ली में आर्म्ड फोर्सेज फ्लैग डे फंक्शन 2025 में पहुंचे नेवी चीफ ने कहा कि आप जानते हैं कि ऑपरेशन सिंदूर में केंद्र सरकार ने क्या कदम उठाए थे। मुझे महसूस होता है कि इस देश के नागरिकों को अपनी सेना पर गर्व है।

■ त्रिपाठी ने कहा: जो हम पर बुरी नजर डालेगा, उसे करारा जवाब देंगे

## प्रधानमंत्री ने सशस्त्र सेना झंडा दिवस पर सशस्त्र बलों के प्रति आभार जताया

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को सशस्त्र सेना झंडा दिवस के अवसर पर सशस्त्र बलों के बहादुर पुरुषों और महिलाओं के प्रति अपनी गहरी कृतज्ञता व्यक्त की। उन्होंने सभी लोगों से सशस्त्र सेना झंडा दिवस कोष में योगदान देने की भी अपील की श्री मोदी ने कहा कि सशस्त्र बलों के जवानों का अनुशासन, दृढ़ संकल्प और अदम्य साहस राष्ट्र की रक्षा करता है और देशवासियों को सशक्त बनाता है। उनकी प्रतिबद्धता, राष्ट्र के प्रति कर्तव्य, अनुशासन और समर्पण का उदाहरण है।

# इंडिगो संकट: छठे दिन 650+ फ्लाइट कैंसिल




शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** पिछले 5 दिन से चल रहे इंडिगो संकट के कारण शनिवार को भी 800 से ज्यादा फ्लाइट्स कैंसिल हुई। छठे दिन भी यह सिलसिला जारी है।

हालांकि इंडिगो ने दावा किया है कि उसने 95 फीसदी रूट पर फ्लाइट ऑपरेशन नॉर्मल कर दिया है। एयरलाइन ने कहा कि 138 में से 135 डेस्टिनेशंस पर फ्लाइट ऑपरेट कर रहे हैं। हमें लोगों का भरोसा दोबारा जीतने के लिए काफी वक्त लगेगा। इधर, रविवार को भी इंडिगो की 650 से ज्यादा फ्लाइट कैंसिल हो चुकी हैं। इनमें दिल्ली, चेन्नई, जयपुर, हैदराबाद, भोपाल, मुंबई, त्रिची से जाने वाली फ्लाइट्स शामिल हैं। इससे पहले एयरलाइन ने शुक्रवार को लगभग 1600 फ्लाइट और शनिवार को लगभग 800 फ्लाइट कैंसिल की थीं। कंपनी को पैसे रिफंड करने और कैंसिल या रुकी हुई फ्लाइट्स के लिए पूरा रिफंड प्रोसेस 7 दिसम्बर को रात 8 बजे तक पूरा करनी होगी। अगले 48 घंटों में पैसेंजर के बैगेज को ट्रेस करके डिलीवर करना होगा। कंपनी के सीईओ को 24 घंटे में बताना होगा कि पिछले 5 दिन से जारी संकट के चलते कंपनी पर एक्शन क्यों न लिया जाए। जवाब न देने पर डीजीसीए एकतरफा फैसला ले सकेगा। बाकी एयरलाइंस के बढ़ते किराए पर रोक लगाई। हवाई किराया फिक्स किया। अब -शेष पृष्ठ दो पर

■ रात आठ बजे तक पैसा रिफंड करने के निर्देश, सरकार ने पूछा- बताएं आप पर एक्शन क्यों न हो

### एयरलाइन ने अब तक 610 करोड़ रुपये रिफंड किए

**नई दिल्ली।** इंडिगो ऑपरेशन संकट के बीच रविवार शाम तक एयरलाइन ने यात्रियों को 610 करोड़ का रिफंड कर दिया है। इसके साथ ही कंपनी ने देशभर में यात्रियों के 3 हजार से ज्यादा बैगेज भी लौटाए हैं। नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने रविवार शाम इसकी जानकारी दी। मंत्रालय ने बताया कि रिफंड या री-बुकिंग पर एक्स्ट्रा चार्ज नहीं लिया जाएगा। यात्रियों की मदद के लिए स्पेशल सपोर्ट सेल बनाए गए हैं। इसके साथ ही इंडिगो के फ्लाइट ऑपरेशन में भी तेजी आई है। डोमेस्टिक फ्लाइट फुल कैपेसिटी के साथ उड़ान भर रही हैं। इंडिगो के सीईओ पीटर एल्बर्स ने बताया कि रविवार को हम 138 में से 137 डेस्टिनेशंस पर 1650 फ्लाइट ऑपरेट कर रहे हैं। ऑन टाइम परफॉर्मेंस (ओटीपी) 75 फीसदी रहने का अनुमान है। शनिवार को यह आंकड़ा 1500 था। आमतौर पर एयरलाइन रोजाना करीब 2300 उड़ानें ऑपरेट करती है।

## संक्षिप्त समाचार

### अब ग्रेटर हैदराबाद में बाबरी मस्जिद मेमोरियल बनाने का ऐलान

**हैदराबाद।** तहरीक मुस्लिम शब्बन ने ग्रेटर हैदराबाद में बाबरी मस्जिद मेमोरियल और वेलफेयर इंस्टीट्यूशन बनाने के प्लान का ऐलान किया है। यह फैसला मस्जिद गिराए जाने की 33वीं बरसी पर लया गया। संस्था के प्रेसिडेंट मुश्ताक मलिक ने कहा कि हम जल्द ही ऐलान करेंगे कि यह कैसे और कितने समय में बनाया जाएगा। मलिक ने कहा कि बाबर के नाम से किसी को परेशान नहीं होना चाहिए। उन्होंने दावा किया कि यह मुद्दा पॉलिटिकल प्रोपेगैंडा है। इससे पहले, तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के सस्पेंड एमएलए हुमायूं कबीर ने मुर्शिदाबाद में बाबरी मस्जिद के निर्माण की नींव रखी है। तहरीक मुस्लिम शब्बन के प्रेसिडेंट ने आरोप लगाया कि अगर हम तुलसीदास की रामायण देखें, तो वह बाबरी मस्जिद बनने के 60 साल बाद लिखी गई थी।

### AI व मशीन लर्निंग से बिजली वितरण क्षेत्र में आएगा बड़ा बदलाव : मनोहर

**नई दिल्ली।** केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल ने रविवार को कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और मशीन लर्निंग (एमएल) आधारित तकनीकें भारत के बिजली वितरण क्षेत्र को पूरी तरह बदलने की क्षमता रखती हैं। उन्होंने यहां भारत मंडपम में आयोजित बिजली वितरण क्षेत्र में एआई/एमएल तकनीकों के उपयोग पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए यह बात कही। श्री लाल ने कहा कि एआई/एमएल से संचालित समाधान बुद्धिमान, उपभोक्ता-केंद्रित और स्व-अनुकूलित वितरण नेटवर्क विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेंगे।

### नाइजीरिया को ब्रिक्स सदस्य बनने की उम्मीद

**नई दिल्ली।** नाइजीरिया के विदेश मंत्री यूसुफ टुगर ने उम्मीद जताई कि आने वाले वर्षों में वह भी विश्व की उभरती हुई अर्थव्यवस्थाओं के समूह ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका के साथ ब्रिक्स का पूर्ण सदस्य बन जाएगा। श्री टुगर ने कतर में दोहा फोरम में कहा कि 2050 तक नाइजीरिया की आबादी चार करोड़ हो जाएगी। नाइजीरिया को ब्रिक्स से बहुत कुछ सीखना है।

# गोवा के नाइट क्लब में सिलेंडर ब्लास्ट, 25 लोगों की मौत, छह घायल

## क्लब का मैनेजर गिरफ्तार, चार टूरिस्ट समेत 18 लोगों के शवों की पहचान की गई

पणजी, वार्ता

**गोवा के** अरपोरा इलाके में शनिवार देर रात एक नाइट क्लब में सिलेंडर ब्लास्ट होने से 25 लोगों की मौत हो गई, जबकि 6 लोग घायल हैं। मरने वालों में 4 टूरिस्ट और 14 स्टाफ शामिल हैं, जबकि 7 लोगों की पहचान अभी नहीं हो पाई है। गोवा पुलिस ने क्लब के मैनेजर को गिरफ्तार किया है।

पुलिस के मुताबिक क्लब में करीब 12 बजे सिलेंडर ब्लास्ट हुआ। यह इतना जोरदार था कि कुछ ही मिनटों में आग पूरे क्लब में फैल गई। फायर ब्रिगेड ने काफी देर की कोशिश के बाद आग पर काबू पाया। घटना की सूचना मिलते ही सीएम प्रमोद सावंत और स्थानीय विधायक माइकल लोबो मौके पर पहुंचे। सीएम ने बताया कि 3 लोगों की मौत जलने और बाकी की मौत दम घुटने से हुई है। हादसे की पूरी जांच होगी और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। शुरुआती जांच में सामने आया है कि क्लब में फायर सेफ्टी नियमों का पालन नहीं किया गया था। प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर मौजूद हैं और फोरेंसिक (एफएसएल) टीम आग की असली वजह की जांच कर रही है। पणजी से करीब 25 किमी दूर अरपोरा गांव में यह पापुलर पार्टी वेन्यू पिछले साल खुला था। आग आधी रात के बाद रोमियो लेन के पास बिर्च में लगी। गोवा के डीजीपी -शेष पृष्ठ दो पर



फायर ब्रिगेड ने काफी मशक्कत के बाद आग पर पाया काबू | तीन की मौत जलने और बाकी की मौत दम घुटने से हुई : सीएम

### राष्ट्रपति और पीएम ने दुख जताया अनुग्रह राशि देने का ऐलान



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गोवा के अरपोरा में हुए भयावह अग्निकांड पर रविवार को गहरा दुख और शोक प्रकट किया। राष्ट्रपति मुर्मू ने सोशल मीडिया पर लिखा कि उत्तरी गोवा जिले में आग लगने की दुखद घटना से बहुत दुख हुआ। इसमें कई कीमती जानें चली गईं। पीड़ित परिवारों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं। भगवान उन्हें इस मुश्किल समय में हिम्मत दे। मैं घायलों के जल्द ठीक होने की प्रार्थना करती हूं। प्रधानमंत्री मोदी ने इस दुर्घटना में हुई मौतों पर दुख जताते हुए घायल लोगों के जल्द ठीक होने की भी कामना की। प्रधानमंत्री ने बताया कि उन्होंने स्थिति के बारे में गोवा के मुख्यमंत्री डा. प्रमोद सावंत से बात की है। केंद्र सरकार इस त्रासदी से प्रभावित लोगों को हर संभव सहायता दे रही है।

# SIR अभियान पर सतर्क दृष्टि रखें कार्यकर्ता: योगी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार शाम सहारनपुर मंडल के भाजपा के जनप्रतिनिधियों से कहा कि वह मतदाता पुनरीक्षण अभियान (एसआईआर) पर सतर्क नजर रखें। सरकार की मंशा है कि कोई भी घुसपैठिया या अवैध नागरिक इस अभियान से बचना नहीं चाहिए। योगी ने एसआईआर अभियान पूरा होने के बाद नए मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में शामिल कराने पर जोर दिया।

बैठक में शामिल राज्य मंत्री जसवंत सैनी ने बताया कि सहारनपुर मंडल में पुनरीक्षण अभियान सही तरीके से चल रहा है। बैठक में कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार, राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार कपिल देव अग्रवाल, राज्यमंत्री जसवंत सैनी, विधायक राजीव गुंबर, एमएलसी विरेंद्र चौधरी, पूर्व मंत्री सुरेश राणा, पश्चिम प्रांत मेरठ के अध्यक्ष सतेंद्र सिसोदिया, तीनों जिलों के भाजपा अध्यक्ष और पार्टी की ओर से एसआईआर के कार्य देख रहे संयोजकगण आदि शामिल रहे।

■ कहा: कोई भी घुसपैठिया या अवैध नागरिक अभियान से बचना नहीं चाहिए

### एसआईआर में लोगों के नाम काटे जा रहे हैं : अखिलेश यादव

**सहारनपुर।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने रविवार को आरोप लगाया कि एसआईआर के अंदर लोगों के नाम काटे जा रहे हैं। एक निजी समारोह में शिरकत करने पहुंचे श्री यादव ने कहा कि चुनाव आयोग का काम मतदाता प्रतिशत को बढ़ाने का था लेकिन आयोग वोटों को काट रहा है। बीएलओ फॉर्म नहीं भर पा रहे हैं, फाइनल लिस्ट जारी होने के बाद कितने नाम काटे गए। उन्होंने कहा कि सरकार महंगाई और बेरोजगारी पर बात नहीं कर रही है। खुद को खड़ा करने के लिए दूसरे देशों का सहारा लेना पड़ रहा है। डॉलर के मुकाबले रुपया गिर गया है। इस समय डॉलर की कीमत 90 रुपये हो चुकी है और रुपया नीचे गिर गया है।

### एमपी में शीतलहर, 24 शहरों में पारा 10 डिग्री से कम

**नई दिल्ली।** पहाड़ी इलाकों से बर्फबारी के चलते मैदानी इलाकों में सर्दी बढ़ गई है। मध्य प्रदेश में रविवार को शीतलहर का अलर्ट है। शनिवार को प्रदेश के 24 शहरों में तापमान 10 डिग्री से कम रहा। शहडोल का कल्याणपुर सबसे ठंडा रहा। यहां पर न्यूनतम तापमान 4 डिग्री दर्ज किया गया। राजस्थान में कड़ाके की सर्दी से राहत मिल सकती है। अगले एक सप्ताह तक प्रदेश में मौसम साफ रहने की संभावना है। वहीं, शनिवार को जोधपुर, जैसलमेर समेत कुछ जिलों में बादल छाए रहे, हालांकि बारिश नहीं हुई। इधर, उत्तराखंड में रविवार को बद्रीनाथ-केदारनाथ समेत अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी हो सकती है। वहीं, उत्तरकाशी समेत 3 जिलों में बारिश की संभावना है।

# बांग्लादेश में दो महीने भूखे-प्यासे भटके: सोनाली खातून

**नई दिल्ली।** यदि पुलिस घर आए और कहे कि आप बांग्लादेशी हैं। सामान समेटिए, आपको बांग्लादेश डिपोर्ट कर रहे हैं। अपने बचाव में आप आधार, राशन कार्ड दिखाएं, लेकिन पुलिस एक न सुने और आंख पर पट्टी बांधकर सीधे बांग्लादेश बॉर्डर भेज दे। ऐसा फरमान किसी की भी जिंदगी को पलभर में उजाड़ देगा।

26 साल की सोनाली खातून की जिंदगी ऐसे ही एक फरमान ने नरक बना दी थी। गर्भवती खातून के साथ उसके 8 साल के बेटे ने भी इस नरक को भोगा। शुक्र है कि 3 दिसम्बर को सुप्रीम कोर्ट ने मानवीय आधार पर सोनाली को भारत लाने का आदेश दिया। सोनाली अब पश्चिम बंगाल में हैं। कुपोषण का इलाज करा रही हैं। इनकी लड़ाई लड़ रहे प. बंगाल माइग्रेट बोर्ड -शेष पृष्ठ दो पर

■ बीएसएफ ने आंख पर पट्टी बांधकर बांग्लादेश भेजा, बोले- पीछे मुड़े तो गोली मार देंगे

### यूनेस्को का अमूर्त सांस्कृतिक विरासत सम्मेलन आज से

**नई दिल्ली।** अमूर्त सांस्कृतिक विरासत की सुरक्षा के लिए संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन (यूनेस्को) के सम्मेलन का आयोजन पहली बार भारत में किया जा रहा है। यूनेस्को की अंतरसरकारी समिति का यह 20वां सत्र दिल्ली के लाल किला परिसर में आठ से 13 दिसम्बर तक आयोजित किया जाएगा। इस सत्र की अध्यक्षता विशाल वी. शर्मा करेंगे।

# राजनाथ ने बीआरओ के 125 इंफ्रा प्रोजेक्ट्स का किया उद्घाटन

लेह, वार्ता

**रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह** ने रविवार को लद्दाख में बॉर्डर रोड्स ऑर्गनाइज़ेशन (बीआरओ) के 125 इंफ्रा प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन किया। उन्होंने इसे बीआरओ और केंद्र के बॉर्डर इंफ्रास्ट्रक्चर को मज़बूत करने के लिए एक बड़ी उपलब्धि बताया।

राजनाथ सिंह ने कहा कि अच्छी सड़कों, रियल टाइम कम्युनिकेशन, सेटेलाइट स्पोर्ट, सर्विलांस नेटवर्क व लॉजिस्टिक स्पोर्ट से देश की सीमाओं पर आज हमारे सैनिक मजबूती के साथ खड़े हैं। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता में मजबूत कनेक्टिविटी ने मुख्य भूमिका निभाई थी।

■ रक्षा मंत्री ने कहा: ऑपरेशन सिंदूर की सफलता में मजबूत कनेक्टिविटी ने अहम भूमिका निभाई

उन्होंने लद्दाख में दारबुक-श्योक-दौलत बेग ओल्डी रोड पर बनी 920 मीटर लंबी श्योक टनल, गलवान मेमोरियल, कश्मीर, राजस्थान, चंदीगढ़ समेत अन्य राज्यों के 5000 करोड़ रुपये के प्रोजेक्ट्स देश को समर्पित किए। रक्षा मंत्री सिंह ने कहा कि ये प्रोजेक्ट्स सेना के बहादुर सैनिकों और बीआरओ के उन जवानों को श्रद्धांजलि हैं, जो देश के लिए बिना थके काम करते हैं।



उन्होंने आगे कहा कि इससे पहले बीआरओ के इतने सारे प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन कभी नहीं हुआ। रक्षा मंत्री ने कहा कि श्योक टनल इंजीनियरिंग का कमाल है। इस इलाके में हर मौसम में भरोसेमंद कनेक्टिविटी सुनिश्चित करेगा, और यह टनल कड़ाके की सर्दियों के दौरान तेजी से तैनाती की क्षमता को बढ़ाएगी। उन्होंने कहा कि आज हम लद्दाख में दारबुक-श्योक-दौलत बेग ओल्डी रोड पर बनी 920 मीटर लंबी श्योक टनल का उद्घाटन कर रहे हैं। दुनिया के सबसे मुश्किल और चुनौतीपूर्ण इलाकों में से एक में बनी यह इंजीनियरिंग की अनोखी मिसाल, इस स्ट्रेटेजिक इलाके में हर मौसम में भरोसेमंद कनेक्टिविटी पक्का करेगी। रक्षा मंत्री ने कहा कि लद्दाख के साथ-साथ आज जम्मू-कश्मीर, चंडीगढ़, राजस्थान, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, सिक्किम, पश्चिम बंगाल, अरुणाचल प्रदेश और मिजोरम में भी दूसरे प्रोजेक्ट्स देश को समर्पित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ सालों में, जिस तेजी और कुशलता से बीआरओ ने बॉर्डर इलाकों में इंफ्रास्ट्रक्चर बनाया है, उससे देश के

## संक्षिप्त समाचार

### संविधान को सही तरीके से लागू करे सरकार: मायावती

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी अध्यक्ष मायावती ने रविवार को कहा कि बाबा साहेब डा. भीमराव आंबेडकर ने करोड़ों गरीबों, दलितों, शोषितों और वंचितों को सामाजिक न्याय व अधिकार दिलाने के लिए अपना जीवन समर्पित किया। उनके मिशनरी विचार बहुजन समाज के लिए प्रेरणा स्रोत हैं। डा. भीमराव अम्बेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस (6 दिसम्बर) पर देशभर में आयोजित कार्यक्रमों के लिए समर्थकों और कार्यकर्ताओं को धन्यवाद देते हुए उन्होंने वर्तमान परिस्थितियों पर चिंता जताते हुए कहा कि देश आज महंगाई, बेरोजगारी, गरीबी, वायु प्रदूषण, रुपये की गिरती कीमत और आर्थिक अस्थिरता जैसे गंभीर संकटों से जूझ रहा है। एयरलाइंस संचालन में अव्यवस्था से लेकर आम लोगों की प्रतिदिन की समस्याओं तक हर ओर चिता का माहौल है।

### यूपी में एसआईआर का कार्य प्रगति पर

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि प्रदेश में चल रहे एसआईआर के कार्यों में तेज प्रगति है। उन्होंने बताया कि बीएलओ को चिन्हित अनुपस्थित, शिफ्टेड तथा मृत मतदाताओं का एक बार पुन: अपने स्तर पर गहन जांच करने तथा इस कार्य में राजनीतिक दलों द्वारा नियुक्त बीएलए का पूर्ण सहयोग लेने के भी निर्देश दिए गए हैं। राजनीतिक दल भी बूथों पर नियुक्त बीएलए को अपने स्तर से सहयोग करने के लिए निर्देशित करने का कष्ट करें, जिससे प्रदेश की आलेख्य मतदाता सूची में पात्र मतदाताओं के नाम दर्ज हों सके। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि अब तक प्रदेश में 34 विधानसभा क्षेत्रों में तथा 91,441 बूथों पर शत प्रतिशत कार्य बीएलओ द्वारा पूर्ण कर लिया गया है।

# बाबर कोई मसीहा नहीं, न बने उसके नाम पर कोई मस्जिद: इकबाल

शाह टाइम्स ब्यूरो



**लखनऊ/अयोध्या।** बाबरी मस्जिद-राम जन्मभूमि विवाद के पूर्व वादी इकबाल अंसारी ने पश्चिम बंगाल के बेलडांगा में निलंबित टीएमसी विधायक हुमायूं कबीर द्वारा कथित रूप से बाबरी मस्जिद के नाम पर निर्माण की नींव रखे जाने को लेकर कहा कि यह कदम पूरी तरह चुनावी राजनीति से प्रेरित है और उनका मानना है कि बाबर के नाम पर कोई मस्जिद नही बननी चाहिए, क्योंकि बाबर कोई मसीहा नहीं था। अंसारी ने रविवार को पत्रकारों से बातचीत में कहा कि 9 नवम्बर 2019 को उच्चतम न्यायालय ने राम जन्मभूमि-बाबरी मस्जिद भूमि विवाद पर अपना अंतिम फैसला सुनाया था, जिसके बाद देशभर के मुसलमानों ने न्यायालय के निर्णय का सम्मान किया और अमन बनाए रखा। कोर्ट ने फैसला किया और पूरे देश में एक पत्ता भी नहीं हिला। यही इस बात का सबसे बड़ा सबूत है कि आज देश में इस मुद्दे को लेकर कोई विवाद नहीं है। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में चुनाव नजदीक आते देख कुछ नेता फिर से मंदिर-मस्जिद की राजनीति शुरू कर रहे हैं।

### केंद्र व राज्य की भाजपा सरकार विफल साबित: अखिलेश

**लखनऊ/सहारनपुर।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भाजपा सरकार पर महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार को लेकर कड़ा प्रहार किया है। रविवार को सहारनपुर में पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य दोनों ही जगह भाजपा सरकार पूरी तरह विफल साबित हुई है। जनता महंगाई की मार झेल रही है, नौजवानों को रोजगार नहीं मिल रहा और थानों में कानून-व्यवस्था की स्थिति खराब है। अखिलेश यादव ने भारतीय मुद्रा में लगातार गिरावट पर चिता जताते हुए कहा कि रुपया डॉलर के मुकाबले तेजी से कमजोर होता जा रहा है। उन्होंने कहा कि रुपया गिरते-गिरते 90 रुपये प्रति डॉलर पर पहुंच चुका है।

# यूपी बोर्ड की उत्तर पुस्तिकाओं में हुए बदलाव

प्रयागराज, वार्ता

उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद (यूपी बोर्ड) की 10वीं और 12वीं की परीक्षा में इस बार उत्तर पुस्तिकाओं में दो अहम बदलाव किए गए हैं। अभी तक उत्तर पुस्तिका में महज एक कवर पेज होता रहा है, जिस पर परीक्षार्थी अपना पूरा विवरण लिखता था, लेकिन पहली बार इस परीक्षा में दो कवर पेज किया जा रहा है।

पहला कवर पेज परीक्षार्थियों के लिए होगा तो दूसरा कवर पेज परीक्षकों के लिए होगा। दूसरे कवर पेज पर परीक्षक अंक लिखेंगे कि किस पेज पर कितने अंक परीक्षार्थी को मिले हैं। अभी तक परीक्षक कापियों के मूल्यांकन के समय उसी कवर पेज पर अंक भी लिख देते थे,

**परीक्षाएं 18 फरवरी से 12 मार्च के बीच आयोजित होगी**

जिस पर परीक्षार्थी अपना विवरण भरा होता था। इससे कई बार कन्फ्यूजन भी होता था। इसी तरह दूसरा बदलाव कापियों की साइज में किया गया है। कापियां अब वर्टिकल साइज में की गई है। यूपी बोर्ड की हाईस्कूल और इंटर की परीक्षाएं 18 फरवरी से 12 मार्च के बीच आयोजित होगी। यूपी बोर्ड की 2026 की परीक्षा में 52,30,297 परीक्षार्थी पंजीकृत हैं। हाईस्कूल में 27 लाख 50 हजार 945 और इंटरमीडिएट में 24 लाख 79 हजार 352 परीक्षार्थी पंजीकृत हैं। जबकि यूपी बोर्ड की 2025 की परीक्षा में 5438597 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। हाईस्कूल में 2740151 और इंटर मीडिएट में 2698 446 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। 2025 में कुल 8140 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे, लेकिन इस बार परीक्षार्थियों की संख्या लगभग दो लाख घटी है, जिससे प्रस्तावित परीक्षा केंद्रों की संख्या भी 209 तक कम हुई है।

### देश भर में क्लैट-2026 परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न

**लखनऊ।** देश के विभिन्न लॉ कॉलेजों में प्रवेश के लिए कॉमन लॉ एडमिशन टेस्ट (क्लैट)-2026 का आयोजन रविवार को पूरे देश में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। परीक्षा का आयोजन दोपहर 2:00 बजे से 4:00 बजे तक किया गया। इस वर्ष की परीक्षा का आयोजन कंसोर्टियम ऑफ नेशनल लॉ यूनिवर्सिटीज द्वारा डा. राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय, लखनऊ के सहयोग से किया गया। देशभर के 173 टेस्ट केंद्रों पर आयोजित इस परीक्षा में कुल 92,344 अभ्यर्थियों ने पंजीकरण कराया था। इनमें 75,008 अभ्यर्थी स्नातक पाठ्यक्रम तथा 17,336 अभ्यर्थी स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए सम्मिलित हुए। परीक्षा शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित माहौल में हुई। लखनऊ क्षेत्र में कुल 5,365 पंजीकृत अभ्यर्थियों में से 5,212 ने परीक्षा दी, जबकि 153 अनुपस्थित रहे। इस प्रकार क्षेत्र में 97 प्रतिशत उपस्थिति दर्ज की गई, जो उल्लेखनीय मानी जा रही है। परीक्षा केंद्र पर व्यवस्था की निगरानी विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा विशेष रूप से की गई।

## आंशिक रूप से भुगतान करने वाले उपभोक्ताओं को भी मिलेगा लाभ: शर्मा

# बिजली बिल राहत योजना में करा सकेंगे पंजीकरण

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने आम उपभोक्ताओं को राहत प्रदान करने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया है। ऊर्जा मंत्री एवं नगर विकास मंत्री एके शर्मा ने विद्युत बिल राहत योजना के दायरे को विस्तारित करने का बड़ा निर्णय लिया है।

अब वे उपभोक्ता भी योजना का लाभ प्राप्त करेंगे, जिन्होंने 31 मार्च के बाद भी आंशिक रूप से बिजली बिलों का भुगतान किया है, लेकिन अब भी बकाया शेष है। इससे पहले केवल 31 मार्च 2025 तक भुगतान करने वाले उपभोक्ताओं को ही योजना में शामिल किया गया था, जिसके कारण हजारों परिवार लाभ से वंचित रह जा रहे थे। विभिन्न जनपदों में भ्रमण व विद्युत बिल राहत शिविरों के निरीक्षण के दौरान कई उपभोक्ताओं ने मंत्री से



ऊर्जा मंत्री के आदेशों के बाद अब 30 नवम्बर 2025 तक भुगतान करने वाले सभी आंशिक बकाएदार उपभोक्ताओं को विद्युत बिल राहत योजना में शामिल कर लिया गया है। इस फैसले से प्रदेश के लाखों उपभोक्ताओं को सीधा लाभ होने जा रहा है और उनके आर्थिक बोझ में बड़ी कमी आएगी।

अपनी व्यथा रखी। उन्होंने बताया कि अप्रैल, मई, जून सहित बाद के महीनों में उन्होंने कुछ-न-कुछ भुगतान किया है, फिर भी वे योजना के पात्र नहीं बन पाए थे। इन शिकायतों के मद्देनजर ऊर्जा मंत्री ने अत्यंत संवेदनशीलता दिखाते हुए अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से निर्देश दिए कि ऐसी स्थिति वाले उपभोक्ताओं को योजना में सम्मिलित किया जाए। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य है कि अधिक से अधिक लोगों को राहत मिले। जिन्होंने अपनी क्षमता के अनुसार भुगतान किया है, उन्हें लाभ से वंचित नहीं रखा जा सकता। फिलहाल सरकार का यह कदम उपभोक्ता हितों के संरक्षण, संवेदनशील प्रशासन और जनसरोकारों के प्रति प्रतिबद्धता का सशक्त उदाहरण माना जा रहा है।

### क्या कहते हैं पावर कारपोरेशन के एमडी

पावर कारपोरेशन के प्रबंध निदेशक पंकज कुमार ने बताया कि दो किलोवाट तक के घरेलू नेवर पेड उपभोक्ता और एक किलोवाट तक के कामर्शियल नेवरपेड उपभोक्ता भी अब इस बार लागू हुई बिजली बिल राहत योजना में रजिस्ट्रेशन करा सकेंगे। अभी तक उन्हें इस योजना में लाभ न देने का फैसला लिया गया था, लेकिन ऊर्जा मंत्री के निर्देश पर अब उन्हें भी शामिल कर लिया गया है। 11 दिसंबर से अन्य उपभोक्ताओं की तरह ही नेवर पेड उपभोक्ता भी इस योजना में लाभ पाने के लिए अपना पंजीकरण करा सकें,उनके लिए भी व्यवस्था लागू कर दी गई है। प्रदेश में नेवर पेड 5412443 उपभोक्ता हैं, जिन पर मूल धनराशि के रूप में 16105 करोड़ रुपया बकाया है। लॉन्ग अनपेड उपभोक्ता 9145985 हैं, जिन पर मूल धनराशि के रूप में 15100 करोड़ रुपया बकाया है। इस तरह कुल 14558428 उपभोक्ता हैं, जिन पर मूल धनराशि 31205 करोड़ रुपया बकाया है। सरचार्ज मिलाकर यह राशि 45980 करोड़ रुपये है, जिसमें 24775 करोड़ रुपये सरचार्ज के रूप में है।

### 11 दिसम्बर से पंजीकरण होगा शुरू

यूपीपीसीएल के प्रबंध निदेशक पंकज कुमार की तरफ से सभी डिस्काम को निर्देशित किया गया है कि अब 11 दिसंबर से नेवरपेड उपभोक्ताओं का भी बिजली बिल राहत योजना में पंजीकरण कराना शुरू किया जाए। विद्युत बिल राहत योजना के अंतर्गत उपभोक्ताओं को एक और बड़ी राहत प्रदान करते हुए महत्वपूर्ण निर्णय लिया है।

# अलीगढ़- मुजफ्फरनगर में सबसे अधिक फर्जी वोटर

शाह टाइम्स संवाददाता



**अलीगढ़।** सीएम योगी ने रविवार को अलीगढ़ पहुंचकर कलेक्ट्रेट परिसर में जिले के अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और पार्टी पदाधिकारियों के साथ एक घंटे तक समीक्षा बैठक की। मुख्यमंत्री ने मंडल में चल रही विकास परियोजनाओं की प्रगति पर जानकारी ली। सांसद और विधायक भी बैठक में मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि आगामी चुनाव को देखते हुए मतदाता विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम (एसआईआर) सबसे महत्वपूर्ण कार्य है और इसमें किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि चुनाव सिर्फ प्रशासन के भरोसे नहीं जीते जाते। पार्टी कार्यकर्ताओं को खुद मैदान में उतरकर एसआईआर के काम में पूरी गंभीरता से जुटना होगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सबसे ज्यादा फर्जी वोटरों के

**कार्यकर्ता सब काम छोड़कर एसआईआर का काम कराएं**

मामले अलीगढ़ और मुजफ्फरनगर में मिल रहे हैं, इसलिए यहां विशेष सावधानी की जरूरत है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों के साथ-साथ जनप्रतिनिधियों और पार्टी पदाधिकारियों को साफ निर्देश दिए कि वे खुद निगरानी करें और किसी भी पात्र मतदाता को सूची से छूटने न दें। मुख्यमंत्री ने विपक्षी दलों की रणनीति पर भी टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि विपक्ष पूरी गंभीरता के साथ मतदाता सूची में अपने पक्ष में माहौल बनाने की कोशिश कर रहा है और साइलेंट रूप से काम कर रहा है।



सेंसेक्स 85712.37
निफ्टी 26146.45



सोना रु. 128578
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 179025
प्रति किलो



# खुदरा महंगाई पर रहेगी निवेशकों की नजर

मुंबई, वार्ता



बीते सप्ताह घरेलू शेयर बाजारों में रही गिरावट के बाद अब निवेशकों की नजर अगले सप्ताह अमेरिकी फेडरल रिजर्व की बैठक और खुदरा महंगाई के आंकडत्रें पर रहेगी। अमेरिकी फेडरल रिजर्व की बैठक 9 और 10 दिसम्बर को होने वाली है। वहीं घरेलू स्तर पर खुदरा महंगाई के नवम्बर के आंकड़े 12 दिसम्बर को जारी होंगे।

डॉलर के मुकाबले रुपये की कीमत में उतार-चढ़ाव का असर स्पष्ट रूप से बाजारों पर दिखेगा। औद्योगिक उत्पादन के कमजोर आंकड़ों के बाद पिछले सप्ताह शेयर बाजारों में बिकवाली हावी रही। रुपये की गिरावट से भी निवेश धारणा कमजोर हुई। हालांकि सप्ताह के अंतिम दिन शुक्रवार को रिजर्व बैंक द्वारा रेपो दर में 0.25 प्रतिशत की कटौती से बाजार में रौनक लौट आई, विशेषकर बैंकिग कंपनियों में। गत सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 5.70 अंक की नगण्य बढत्र के साथ 85,712.37 अंक पर बंद हुआ। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक 0.06 प्रतिशत की गिरावट के साथ सप्ताहांत पर 26,186.45 अंक पर बंद हुआ। मझौली और छोटी कंपनियों पर दबाव जयादा रहा। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.23 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 1.80 प्रतिशत लुढ़क गया। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से 16 में साप्ताहिक गिरावट रही, जबकि अन्य 14 में तेजी दर्ज की गई। इटनरल को सबसे अधिक 2.58 प्रतिशत का नुकसान हुआ। टाइटन का शेयर 2.42 फीसदी, हिंदुस्तान यूनीलिवर का 1.75 और रिलायंस इंडस्ट्रीज का 1.66 प्रतिशत टूट गया। सप्ताह के दौरान ट्रेंट का शेयर 1.45 फीसदी, सनफार्मा का 1.44, बीईएल का 1.18 और महिंद्रा एंड महिंद्रा का 1.10 फीसदी लुढ़क गया। एनटीपीसी, टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स, भारतीय स्टेट बैंक, एलएंडटी और अडानी पोर्ट्स में 0.50 फीसदी की गिरावट रही। इनफोसिस का शेयर 3.61 प्रतिशत की साप्ताहिक बढ़त में बंद हुआ। टेक महिंद्रा में 3.49 प्रतिशत, एचसीएल टेक्नोलॉजीज में 3.39, एशियन पेंट्स में 3.26 और टीसीएस में 3.16 प्रतिशत की गिरावट रही।

# 300 महिला उद्यमियों ने दिखाया आजीविका मिशन का प्रभाव

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में आयोजित हुए सरस फूड फेस्टिवल 2025 में दीनदयाल अंत्योदय योजना- राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की सफलता तब स्पष्ट रूप से दिखाई दी जब इस साल मेले में 25 राजयों से लगभग 300 'लखपति दीदी' और स्वयं सहायता समूह उद्यमी भाग लेने पहुंचीं। इतनी बड़ी संख्या में इन महिला उद्यमियों का भाग लेना ग्रामीण भारत में आजीविका और सशक्तिकरण की एक बड़ी सफलता है। मेले के आकर्षण का केंद्र मोहाली, पंजाब की वंदना भारद्वाज रहीं। श्रीमती भारद्वाज अपनी आकर्षक और खास तरह की कढ़ाई 'फुलकारी' को लेकर आई थीं। उन्होंने साल 2018 में मात्र दस महिलाओं के एक छोटे स्वयं सहायता समूह से शुरुआत की थी। वह आज 25 गांवों में 500 से अधिक स्वयं सहायता समूह का नेतृत्व करती हैं। उन्होंने बताया कि ग्रामीण विकास मंत्रालय से मिली सिलाई मशीनें और 30,000 की कार्यशील पूंजी जैसी मदद ने उनके उद्यम को बदल दिया। उनके नेतृत्व में ये समूह अब स्वेटर, स्कूल यूनिफॉर्म और उच्च गुणवत्ता वाले फुलकारी कपड़े बनाते हैं। इनकी खरीद सरकारी विभाग राष्ट्रीय और विदेशी गणमान्य व्यक्तियों को उपहार देने के लिए होती है। ओडिशा के 'मां' नाम के स्वयं सहायता समूह की एक सदस्य ने बताया कि इस समूह से जुड़ने के बाद उन्हें आसान कर्ज और सरकारी अधिकारियों से नियमित मदद मिली। उन्होंने गर्व से बताया कि उन्होंने पिछले सरस मेले में पांच लाख के इकत सूती कपड़ों की बिक्री दर्ज की थी। इकत ओडिशा की खास छपाई का नाम है।

# गेहूं, चीनी मजबूत, दालों, खाद्य तेलों में रही घट-बढ़

नई दिल्ली, वार्ता

घरेलू थोक जिस बाजारों में बीते सप्ताह चावल के औसत भाव स्थिर रहे। ग्राहकी आने से गेहूं और चीनी में तेजी रही जबकि खाद्य तेलों और दालों में उतार-चढ़ाव का रुख रहा। घरेलू थोक जिस बाजारों में सप्ताह के दौरान चावल की औसत कीमत कमोबेश कोई साप्ताहिक बदलाव नहीं हुआ और सप्ताहांत पर यह 3,823.09 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा।

गेहूं छह रुपये बढ़कर 2,844.45 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गया। आटे की कीमत 13 रुपये फिसलकर 3,288.75 रुपये प्रति क्विंटल रह गई। बीते सप्ताह मूंगफली तेल 83 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ। सरसों तेल की कीमत 44 रुपये और सूरजमुखी तेल की 13 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ी। सोया तेल 11 रुपये महंगा हुआ। वनस्पति में चार रुपये और पाम ऑयल में दो रुपये प्रति क्विंटल की गिरावट देखी गई। दाल-दलहनों में सप्ताह के दौरान मसूर दाल की औसत कीमत आठ रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। वहीं चना दाल 20 रुपये सस्ता हुआ। तुअर दाल और मूंग दाल 14.14 रुपये प्रति क्विंटल फिसल गई।



उड़द दाल भी तीन रुपये प्रति क्विंटल टूट गई। मीठे के बाजार में सप्ताह के दौरान गुड़ के औसत भाव 28 रुपये प्रति क्विंटल चढ़ गए। चीनी भी 10 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के औसत थोक भाव शनिवार को इस प्रकार रहे। दाल-दलहन: दाल चना 7812.14 रुपये, मसूर काली 8116.37 रुपये, मूंग दाल 10089.27 रुपये, उड़द दाल 10356.15 रुपये, तुअर दाल 10525.12 रुपये प्रति क्विंटल। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2844.45 रुपये और चावल 3823.09 रुपये प्रति क्विंटल, आटा (गेहूं) 3288.75 रुपये प्रति क्विंटल। चीनी-गुडत्र: चीनी एस 4335.25 रुपये और गुड़ 5024.90 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल: सरसों तेल 17705.97 रुपये, मूंगफली तेल 17654.54 रुपये, सूरजमुखी तेल 15699.01 रुपये सोया तेल 13781.16 रुपये, पाम ऑयल 12440.97 रुपये और वनस्पति 14461.12 रुपये प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**गोवा के...** आलोक कुमार ने बताया कि 25 लोगों के शव बरामद किए जा चुके हैं। मरने वालों में ज्यादातर क्लब में काम करने वाले कर्मचारी थे। डीजीपी ने कहा कि आग सबसे पहले ग्राउंड फ्लोर में बनी रसोई से क्लब के दूसरे हिस्सों में फैली। इसलिए सबसे ज्यादा शव किचन एरिया से मिले हैं। भागने की कोशिश में दो लोगों की मौत सीढ़ियों पर हुई। चश्मदीद फातिमा शेख के मुताबिक, आग लगते ही अंदर जोरदार भगदड़ मच गई। उस समय क्लब में वीकेंड पार्टी चल रही थी और करीब 100 लोग डांस फ्लोर पर थे। जैसे ही धुआं और लपटें दिखीं, कई लोग घबराकर नीचे की ओर भागे और गलती से ग्राउंड फ्लोर के किचन में पहुंच गए। वहां पहले से मौजूद स्टाफ भी फंस गया। कई लोग जैसे-तैसे बाहर निकले, लेकिन कुछ अंदर ही रह गए। सीएम सावंत ने एक्स पर पोस्ट कर बताया कि आज का दिन गोवा के लिए बहुत दुखद है। अरपोरा में लगी भीषण आग में 25 लोगों की मौत हो गई। मैं बेहद दुखी हूं और इस कठिन समय में सभी पीड़ित परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं। मैंने मौके पर जाकर हालात देखे और इस घटना की जांच के आदेश दे दिए हैं।

**इंडिगो संकट:...** कोई भी एयरलाइन 500 किमी की दूरी तक 7500 रुपये, 500-1000 किमी तक 12 हजार रुपये से ज्यादा किराया नहीं ले पाएगी। एयरलाइंस का अधिकतम किराया 18 हजार रुपये तय किया गया है। हालांकि ये किराया सीमा बिजनेस क्लास के लिए लागू नहीं होगी। रविवार को कोलकाता के नेताजी सुभाषचंद्र बोस अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर इंडिगो की 76 उड़ानें रद्द हुई हैं। इनमें 53 फ्लाइट उड़ान भरने वालीं और 23 फ्लाइट लैंड होने वालीं कैंसिल हुई हैं।

**बांग्लादेश में...** के अध्यक्ष समीरुल इस्लाम और सुप्रीम कोर्ट में वकील संजय हेगड़े ने सोनाली की पूरी कहानी बताई। सोनाली खातून, उनके बेटे और परिवार के अन्य सदस्यों को दिल्ली पुलिस ने 18 जून 2025 को रोहिणी इलाके से हिरासत में लिया था। पुलिस ने सोनाली, पति दानिश, बेटे साबिर, स्वीटी बीबी और उनके दो बेटों को 18 जून को दिल्ली के रोहिणी इलाके से उठाया था। पुलिस उस वक्त गृह मंत्रालय के आदेश पर बांग्लादेशियों को पकड़ रही थी। लेकिन, पुलिस ने मंत्रालय का सर्कुलर ठीक से पढ़ा ही नहीं था। सोनाली कबाड़ बीनती है। उसने पुलिस को आधार, वोटर आईडी दिखाए।

1952 के जमीन के कागजात और साबिर का जन्म प्रमाण पत्र दिखाया था। लेकिन, किसी ने गुहार नहीं सुनी। पुलिस ने सोनाली, साबिर, स्वीटी बीबी और तीन अन्य सदस्यों को गृह मंत्रालय की टीम को सौंपा था। यहां से बीएसएफ की टीम सभी को प्लेन से पश्चिम बंगाल में मालदा जिले की महादी सीमा चौकी पर ले गई थी। बीएसएफ की एक टीम ने रात के अंधेरे में इनकी आंखों पर पट्टी बांधी और बांग्लादेश बार्डर की ओर धकेल दिया था। चेतावनी दी कि पीछे मुड़े तो गोली मार देंगे। सोनाली बेटे और गर्भ को लेकर बांग्लादेश में शारीरिक और मानसिक यातनाएं झेल रही थी। फिर बांग्लादेश पुलिस ने इन्हें भारतीय घुसपैठिया कहकर पासपोर्ट एक्ट और फॉरेनर्स एक्ट में गिरफ्तार किया, क्योंकि उनके पास भारतीय दस्तावेज थे इन्हें चापैनवाबगंज की जिला जेल भेज दिया गया, जहां दो वक्त का खाना भी नहीं मिला। इससे सोनाली कुपोषण का शिकार हो गई थी।

# उप्र में सड़क परिवहन होगा और सुरक्षित

लखनऊ, वार्ता

उत्तर प्रदेश सरकार ने राज्य में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने, ट्रैफिक प्रबंधन को तकनीकी रूप से सुदृढ़ बनाने और नागरिकों को सुरक्षित परिवहन सुविधा उपलब्ध कराने के लिए परिवहन विभाग और यातायात निदेशालय द्वारा प्रस्तुत कई महत्वपूर्ण योजनाओं को मंजूरी दे दी गई है।

इन योजनाओं के तहत राजय के प्रमुख शहरों और हाई-रिस्क जिलों में अत्याधुनिक इलेक्ट्रॉनिक इंफोर्समेंट डिवाइस, इंटीग्रेटेड सीसीटीवी कैमरा नेटवर्क, के-इन-मोशन सेंसर और इंटरसेप्टर वाहनों की खरीद की जाएगी। इसके साथ ही सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियानों पर भी विशेष बल दिया जाएगा। राजधानी लखनऊ और मुरादाबाद में सड़क सुरक्षा निगरानी को और मजबूत बनाया जाएगा। सरकार ने लखनऊ के प्रमुख चौराहों पर

**सरकार ने दी आधुनिक तकनीक को मंजूरी**

सीसीटीवी इंस्टॉलेशन के लिए 4.96 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की है। इसी प्रकार मुरादाबाद और बलिया जनपदों में भी इंटीग्रेटेड सीसीटीवी व्यवस्था के लिए 3.10 करोड़ रुपये मंजूर किए गए हैं। साथ ही बीटीटीई इकाइयों के लिए ट्रक सिमुलेटर और तकनीकी उपकरणों की खरीद के लिए 1.28 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं। मुख्यमंत्री के निर्देश पर हाई-रिस्क जिलों में सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के लिए इलेक्ट्रॉनिक इंफोर्समेंट प्रणाली को तेजी से लागू किया जा रहा है। इसके तहत 25 जिलों में 1 करोड़ रुपये प्रति जनपद की दर से कुल 25 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी गई है। इसके अतिरिक्त शेष जनपदों के लिए 50 लाख रुपये प्रति जिला की दर से 25 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। यातायात निदेशालय की ओर से बताया गया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 के अंतर्गत स्वीकृत राशि से 70 इंटरसेप्टर वाहनों की खरीद हो चुकी है। साथ ही 18 के-इन-मोशन सेंसर स्थापना के लिए 14.05 करोड़ रुपये की राशि पहले ही भेजी जा चुकी है।परिवहन विभाग ने सड़क सुरक्षा जागरूकता को मजबूत करने के लिए 2.10 करोड़ रुपये से अधिक की राजस्व योजनाओं को भी मंजूरी दी है। इसके तहत प्रचार-प्रसार कार्यक्रमों के अलावा साइनेज बोर्ड, ई-चालान प्रणाली, वाहन व उपकरणों का रख-रखाव, इंटरनेट सेवा और अन्य आवश्यक प्रक्रियाएं संचालित की जाएंगी। इसके अतिरिक्त 25 करोड़ रुपये की लागत से 4,500 आयरन बैरियर, 4,525 फोल्डिंग बैरियर, 7,200 सेफ्टी हेलमेट, 8,000 फ्लोरोसेंट जैकेट, 270 ब्रेथ एनालाइजर, 85 स्पीड लेजर गन, 15 चारपहिया और 62 दोपहिया इंटरसेप्टर वाहन खरीदे जाएंगे।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त

भूख की कमी, बदहज़मी, जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

## रस्सी को लेकर दो भाईयों में हुआ खूनी संघर्ष

### दोनों घायल, रिपोर्ट दर्ज कराने को दी तहरीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। कोतवाली क्षेत्र के गांव करनखाल में एक मामूली सी रस्सी को लेकर हुए विवाद ने खूनी संघर्ष का रूप ले लिया। शनिवार को दो सगे भाइयों के बीच जमकर लाठी-डंडे चल गये। जिसमें दोनों भाई गंभीर रूप से घायल हो गये। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

बताया गया है कि गांव करनखाल निवासी रविंद्र,महेश पुत्र मुकुंदराम एवं उनके भाइयों के बीच यह विवाद हुआ। रविंद्र हसनपुर के बाजार से एक रस्सी लाया था। जिस पर उनके दूसरे भाई ने अपना हक जताते हुए उसे अपनी बताने लगा। इसी कहा. सुनी ने जल्द ही बड़ा रूप ले लिया और दोनों भाइयों के बीच जमकर मारपीट होने लगी। जिसमें रविंद्र और महेश घायल हो गये। घायल अवस्था में दोनों भाई कोतवाली पहुंचे और पुलिस को तहरीर देकर अपने भाई के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने तत्काल घायलों को साम. ुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मेडिकल के लिए भेज दिया।

## दो किशोरी व युवती रहस्यमयी तरीके से गायब

### तीनों के प्रेमियों के साथ जाने की चर्चा, दो थानों की पुलिस जुटी तलाश में

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। स्कूल जाने के लिए घर से निकलीं दो नाबालिग सहेलियों के अलावा एक युवती लापता हो गई। परिजनों ने तीनों को काफी तलाश किया लेकिन उनका कुछ पता नहीं चला। दोनों मामले अलग-अलग थाना क्षेत्र से जुड़े हैं। वहीं, तीनों के प्रेमियों के साथ जाने का भी चर्चा है। मामले में परिजनों ने बेटियों को बहला-फुसलाकर ले जाने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज कराई है। दो थानों की पुलिस तीनों की बरामदगी का प्रयास कर रही है।

पहला मामला कस्बा जोया के एक मोहल्ले से जुड़ा है। यहां पर एक कारोबारी का परिवार रहता है। उनकी 16 वर्षीय बेटी स्थानीय एक स्कूल में पढ़ती है। शनिवार सुबह वह मोहल्ले में ही रहने वाली अपनी हमउम्र सहेली के साथ स्कूल गई थी लेकिन छुट्टी का समय बीतने के बाद भी यह दोनों घर वापस नहीं लौटीं। परेशान होकर परिजनों ने जब स्कूल जाकर पता किया तो जानकारी मिली कि दोनों स्कूल ही नहीं आई थीं। इसके बाद परिजनों की बेचैनी और बढ़ती चली गई। वहीं, तलाश के बीच सहेली की छोटी बहन के स्कूल बैग में एक लेटर मिला जिसमें उन्होंने अपनी मर्जी से घर छोड़कर जाने की बात लिखी थी। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन सिंह ने बताया कि मामले में अज्ञात के खिलाफ बहला-फुसलाकर ले जाने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। दोनों किशोरियों को जल्दी ही बरामद करते हुए परिजनों के सुपुर्द कर दिया जाएगा। वहीं, दूसरा मामला अमरोहा देहात थाना क्षेत्र एक एक गांव से जुड़ा है। यहां पर रहने वाले एक किसान की 22 वर्षीय पोती 24 नवंबर की सुबह अचानक घर से गायब हो गई। युवती का मुरादाबाद के रहने वाले एक युवक के साथ प्रेम-प्रसंग चल रहा था। किसान का आरोप है कि पोती को बहला-फुसलाकर ले जाने में गांव के रहने वाले कुछ लोगों ने युवक का सहयोग किया है। प्रभारी निरीक्षक सनोज प्रताप सिंह ने मामले में आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने की बात कही।

**परिजनों की चिंता बढ़ी, सहेली के बैग से मिला लेटर**

## अवैध कटान पर वन विभाग ने की कार्रवाई

### एक आरोपी पकड़ा, तीन फरार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा**। वन विभाग ने रविवार को अवैध कटान की सूचना मिलते ही त्वरित कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को मौके से गिरफ्तार कर लिया, जबकि तीन अन्य आरोपी और पिकअप चालक अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए। विभाग ने मौके से पिकअप वाहन और उसमें लदी यूकेलिप्टस की लकड़ी बरामद कर सीज कर दी।

सूचना मिली थी कि ग्राम बेरखेड़ा में रामगंगा पोषक नहर के पास सरकारी भूमि पर लगे यूकेलिप्टस के पेड़ों का अवैध कटान किया जा रहा है। टीम मौके पर पहुंची तो आरोपी लकड़ी को पिकअप में लादकर भागने की तैयारी में थे। दबिश के दौरान वन विभाग ने लईक निवासी ढ्यौटी थाना बछरायूं को गिरफ्तार कर लिया, जबकि तारिक, अंकित, जयप्रकाश और वाहन चालक रिजवान मौके से फरार हो गए। वन क्षेत्राधिकारी संजय चौधरी ने बताया कि फरार आरोपियों की तलाश जारी है और जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करने पर जोर

### अपना दल एस की समीक्षा बैठक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा**। अपना दल एस जनपद के कैम्प कार्यालय पर पार्टी की मासिक समीक्षा बैठकका आयोजन किया गया।

रविवार को आयोजित बैठक में पार्टी पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष हाजी मुजफ्फर अली अंसारी ने कहा कि सभी पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता वूथ स्तर तक संगठन को मजबूत कर पंचायत चुनाव की तैयारीयों में जुट जाये। और पार्टी की नीतियों व विचारधारा की जानकारी जनता को देकर उनको अपना दल एस पार्टी से जोड़ने का काम करें।वैठक में जिला उपाध्यक्ष उरुमान मंसूरी ने कहा कि पार्टी के जिला पंचायत के सभी वार्डो में मजवूत प्रत्याशी उतारेगी।वैठक में जिला अध्यक्ष हाजी मुजफ्फर अली अंसारी , पूर्व जिला अध्यक्ष हरपाल प्रजापति,वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष रामकिशोर सिहं,जिला उपाध्यक्ष उरुमान मंसूरी,कोषाध्यक्ष मुफीद अहमद, हरपाल सिंह विधानसभा अध्यक्ष अमन यादव, फारुक अहमद, नितीन गुर्जर, योगेश कुमार, अशरफ अली,रजत चौहान, देव गुर्जर, मनीष चौहान, अनवर अली,अकित कुमार, आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## किसानों की फसल का नहीं मिल रहा उचित मूल्य

### जोया में राकेश टिकैत का स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं ने संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष का फूल माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया।

भारतीय पंचायत के राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश टिकैत जनपद की डिडौली कोतवाली क्षेत्र के नेशनल हाईवे 9 पर स्थित गांव ढकिया चमन पर रुके। यहां पर किसान नेताओं ने उनका स्वागत किया। पत्रकारों से बात करते हुए राकेश टिकेट ने कहा कि प्राइवेट सेक्टर को भारत में बढ़ावा नहीं मिलना चाहिये। किसानों को



उनकी फसल के सही दाम नहीं मिल रहे। इस दौरान मोहम्मद उमर अफताब तौसीफ मुशाद अली जावेद अली आदि लोग मौजूद रहे।

## एक नजर

### हादसे में बाइक सवार युवक घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता जोया**। हाईवे पर अज्ञात वाहन ने बाइक सवार युवक को रौंद दिया। गंभीर हालत में घायल को हायर सेंटर रेफर किया गया है। सूचना पर परिजन भी अस्पताल पहुंच गए थे। हादसा शनिवार दोपहर लगभग तीन डिडौली क्षेत्र में कस्बा जोया के फ्लाईओवर पर हुआ। मुरादाबाद महानगर निवासी सुनील आर्य बाइक पर सवार होकर गजरौला से मुरादाबाद दिशा की तरफ जा रहे थे।जैसे ही बाइक फ्लाईओवर के ऊपर पहुंची तो पीछे से आ रहे तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में सुनील आर्य गंभीर घायल हो गए। पुलिस ने घायल को जोया सीएचसी में भर्ती कराया। जहां पर डॉक्टरों ने सुनील आर्य की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। सूचना मिलते ही पहुंचे परिजन बाद में हायर सेंटर ले गए।

### छात्रों ने टीएमयू का किया अवलोकन



**शाह टाइम्स ब्यूरो जोया**। राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत विज्ञान क्विज आयोजित की गई। जिसमें सफल हुए छात्रों को शैक्षिक भ्रमण पर भेजा गया। रविवार को बीआरसी नारंगपुर से खंड शिक्षा अधिकारी जोया ने बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। सभी छात्र मुरादाबाद पहुंचे, जहां उन्होंने मेडिकल कॉलेज, नर्सिंग कॉलेज, स्टेडियम, फिजिक्स लैब, केमिस्ट्री लैब, ऑडिटोरियम आदि का अवलोकन किया। जहां टीएमयू की फैकल्टी ने छात्रों को करियर टिप्स दिए तथा विश्वविद्यालय में संचालित विभिन्न कोर्सों की विस्तृत जानकारी भी उपलब्ध कराई। छात्रों ने संविधान साहित्य वाटिका मुरादाबाद का भ्रमण किया। इस शैक्षिक भ्रमण में भूपेंद्र कुमार, रश्मि चौधरी, पूनम माहेश्वरी, सतेन्द्र सिंह, पुरुजीत सिंह, सतेंद्र सिंह, राकेश चाहल, सुरेश सिंह, अजय बामल आदि उपस्थित रहे।

### गोल्डन पेटल्स स्कूल ने जीता मैच



**शाह टाइम्स ब्यूरो हसनपुर**। गोल्डन पेटल्स इंटरनेशनल स्कूल ने इंटर स्कूल टग-ऑफ-वार चौंपियनशिप 2025 मुरादाबाद में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक अपने नाम किया है। यह प्रतियोगिता डिस्ट्रिक्ट टग-ऑफ-वार एसोसिएशन, मुरादाबाद द्वारा 6 दिसम्बर 2025 को कृष्णा इंटरनेशनल स्कूल अगवानपुर बाईपास मुरादाबाद में आयोजित की गई। विद्यालय के चेयरमैन खुर्रम आजाद खघन तथा प्रधानाचार्य अफजल सिद्दीकी ने इस उपलब्धि पर पूरी टीम को हार्दिक बधाई दी। दोनों ने विद्यार्थियों के अनुशासन, मेहनत और टीम भावना की सराहना करते हुए कहा कि यह सफलता विद्यालय के लिए गर्व का विषय है।विद्यालय के पी.टी.आई. द्वारा खिलाड़ियों को दिया गया प्रशिक्षण टीम की सफलता में महत्वपूर्ण रहा। विद्यालय प्रशासन ने पी.टी.आई. और समस्त स्टाफ के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।

### शार्ट सर्किट से लगी दुकान में आग

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर**। थाना आदमपुर की दढ़ियाल पुलिस चौकी से चंद दूरी पर बीती रात को शॉर्ट सर्किट से इलेक्ट्रॉनिक्स की दुकान में आग लग गई इससे हजारों का नुकसान हुआ है । क्षेत्र के सूवरा गांव निवासी अजयपाल की दढ़ियाल चौराहे पर इलेक्ट्रॉनिक्स की दुकान है। बीती रात को अज्ञात कारणों से लगी आग की पुष्टि नहीं हुई है । इससे हजारों के नुकसान का आकलन किया गया है।चौकी प्रभारी दढियाल असलम ने बताया है कि इलेक्ट्रॉनिक की दुकान में लगी आग की कोई सूचना प्राप्त नहीं है।

### बैलगाड़ी की टक्कर से बाइक सवार घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता रहरा**। अलीगढ़ हसनपुर मार्ग पर तीन दोस्तों की बाइक बैलगाड़ी से टकरा गई। जिससे तीनों दोस्त गंभीर रूप से घायल हो गए। उपचार के लिए निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार रहरा गांव निवासी प्रेम सिंह, कपिल एवं अंकित के मोबाइल खराब हो गए थे। तीनों दोस्त मोबाइल ठीक कराने के लिए अपनी बाइक से हसनपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव कालाखेड़ा जा रहे थे। जैसे ही उनकी बाइक अलीगढ़ हसनपुर मार्ग पर रहरा थाना क्षेत्र के गांव दौरारा गांव के नजदीक पहुंची तो आगे चल रही बैलगाड़ी से टकरा गई। हादसे में तीनों दोस्त गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया गया है।

## पुलिस लाइन में लगा चिकित्सा शिविर

### होम्योपैथिक टीम ने की जांच, दवा का वितरण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। वामा सारथी उत्तर प्रदेश पुलिस फैमिली वेलफेयर एसोसिएशन एवं आयुष विभाग उत्तर प्रदेश के संयुक्त संयोजन में रविवार को रिजर्व पुलिस लाइन में होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। जिसमें विशेषज्ञ चिकित्सकों ने पुलिसकर्मियों के अलावा पुलिस परिवार. जन विशेषकर महिलाओं और बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। दवाईयां वितरित करते हुए लगभग 100 पुलिसकर्मी व उनके परिवार के सदस्यों को स्वास्थ्य को लेकर परामर्श भी दिया। शिविर में जिला होम्योपैथिक चिकित्सालय अमरोहा से आए चिकित्साधिकारी डा.हुक्म सिंह फार्मासिस्ट स्वतन्त्र कुमार व विकास त्यागी एवं उनकी टीम द्वारा पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों एवं परिजनों को निःशुल्क होम्योपैथिक परामर्श दिया। बदलते मौसम में होने वाली सर्दी-जुकाम, वायरल संक्रमण, एलर्जी व सामान्य स्वास्थ्य समस्याओं के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। लाभार्थियों को आवश्यकता अनुसार निःशुल्क होम्योपैथिक दवाओं का वितरण भी किया गया। इस दौरान सीओ कार्यालय शक्ति सिंह, आरआई धनश्याम सिंह के अलावा अन्य पुलिस अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## तथाकथित सैकुलर पार्टियों की खुल रही पोल

### एमआईएम की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। रविवार को विधानसभा क्षेत्र नौगांवा सादात के गांव मनोटा में आल इंडिया मजलिस -ए-इत्तेहाद-उल-मुस्लिमीन पार्टी की एक बैठक आयोजित की गई।

रविवार को आल इंडिया मजलिस -ए- इत्तेहाद-उल- मुस्लिमीन पार्टी के जिला अध्यक्ष साजिद चौधरी ने मौजूद लोगों को पार्टी की नीतियों से अवगत कराया। जिला अध्यक्ष एडवोकेट साजिद अली चौधरी ने कहा कि अब देश व प्रदेश का मजलूम, दलित और मुसलमान इस बात को समझ रहा है कि संविधान रक्षक बैरिस्टर असदुद्दीन ओवैसी ही देश की मजबूत आवाज हैं। आज तथाकथित सेक्युलर पार्टियों की पोल खुल गई है। कहा कि उनकी बातों में सच्चाई नहीं है अपनी जमीन खिसकती दिखने पर पूरी तरह से बौखलाए हुए हैं। और बेबुनियाद इल्जाम दराजी हमारी पार्टी पर करते हैं लेकिन अब देश व प्रदेश के दलित, मजलूम और मुसलमान ने



ठान लिया है कि ए आई एम आई एम प्रमुख बैरिस्टर असदुद्दीन ओवैसी के हाथों को मजबूत करेंगे। इस मौके पर जिला अध्यक्ष ने ग्राम निवासी आदिल सैफी को जिला संयुक्त सचिव के पद पर मना. ेनीत किया यहां मौजूद लोगों में पार्टी जिला मुख्य महासचिव नबीहसन सैफी, धनौरा विधानसभा अध्यक्ष जाने आलम, जिला सचिव अनवर खान, नासिर सैफी, अनादिल मलिक, ब्लॉक अध्यक्ष धनौरा इकरामुद्दीन सैफी आदि मौजूद रहे और कई दर्जन लोगों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

## किसान नेता पर दर्ज मुकदमा वापस हो

### भाकियू इंडिया ने दी आंदोलन की धमकी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। भारतीय किसान इंडिया ने किसान नेता पर दर्ज हुए मुकदमे को तुरंत वापस लिए जाने की मांग की है।

रविवार को भारतीय किसान यूनियन इंडिया इंडिया की एक महत्वपूर्ण बैठक राष्ट्रीय सचिव श्याम सिंह की अगुवाई में गांव रुस्तमपुर में आयोजित की गई। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दिमाक सिंह प्रधान ने इसकी अध्यक्षता की मलखान सिंह ने संचालन किया। बैठक में किसानों ने किसान नेता पर दर्ज झूठे मुकदमे को लेकर भारी आक्रोश व्यक्त किया। संगठन ने भारतीय किसान यूनियन अंबेडकर के राष्ट्रीय अध्यक्ष



दिग्विजय भाटी पर दर्ज मुकदमा तुरंत वापस लेने की मांग की। किसानों ने चेतावनी दी कि अगर मुकदमा वापस नहीं लिया गया तो वे आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। इसके अलावा, मंगरौला स्थित सहकारी समिति जयतौली पर किसानों को डीएपी और यूरिया खाद न मिलने का मुद्दा उठाया गया। रुस्तमपुर खादर, मंगरौला, गांगटकोला और रुखालू जैसे गांवों के किसानों को इससे हो रही भारी परेशानी पर चिंता व्यक्त की गई। संगठन ने सड़कों पर घूम रहे आवारा पशुओं को जल्द से जल्द पकड़वाकर गौशाला भेजने की भी मांग की, क्योंकि ये आवारा पशु सड़क हादसों का कारण बन रहे हैं। बैठक में संजय कुमार, नेपाल सिंह, रामकेश, लो. केश विधूड़ी, सुरेंद्र सिंह, जयकरन, लल्लू, रमेश सिंह, प्रवीण कुमार आदि किसान मौजूद रहे।

## चार दिन बाद भी पुलिस के हाथ खाली

### हादसे में हुई थी चार डाक्टरों की मौत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। डॉक्टरों की मौत के आरोपी डीसीएम चालक को पुलिस अभी तक गिरफ्तार नहीं कर सकी है हालांकि आरोपी की तलाश में दबिश डालने का दावा किया जा रहा है। क्षतिग्रस्त दोनों वाहन थाना परिसर में खड़े हुए हैं वहीं मृतक डॉक्टरों में से किसी के परिजन अभी लौटकर नहीं आए हैं। बुधवार रात करीब साढ़े दस बजे नेशनल हाईवे पर रजबपुर थाना क्षेत्र में डीवीआर के सामने भीषण सड़क हादसा हुआ था।

गजरौला की तरफ से आ रही तेज रफ्तार एक स्विफ्ट डिजायर कार सड़क सर्विस रोड पर खड़ी डीसीएम में पीछे से घुस गई थी। हादसे में कार में सवार चार मेडिकल छात्रों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई थी। बाद में मृतकों की शिनाख्त सप्तऋषि दास पुत्र सुशांत शेखर दास निवासी वार्ड 12, रामनगर रोड मौजा सदर, रामनगर अगरतला, जिला वेस्ट त्रिपुरा, आयुष शर्मा पुत्र महेश कुमार शर्मा निवासी एफ-22, टाइप-2, पुलिसिंग हाउसिंग प्रोजेक्ट, डीपीआरसी, सेक्टर-16बी द्वारका साउथ वेस्ट दिल्ली, अर्नव चक्रवर्ती पुत्र अरुण कुमार चक्रवर्ती निवासी 164 पूर्वापारा कामाराठी बलघेरिया, नार्थ 24 परगना पश्चिमी बंगाल तथा श्रेयस पंचोली पुत्र बलराम सिंह पंचोली निवासी गांव नगला खूबा थाना खंडली जिला अलवर राजस्थान के रूप में हुई थी। चारों श्री वेंक्टेश्वरा यूनिवर्सिटी में एसबीबीएस की पढ़ाई पूरी कर चुके थे। इसके बाद यूनिवर्सिटी में संचा. लित हॉस्पिटल से इंटर्नशिप कर रहे थे। काफी मशक्कत के बाद चारों के शव क्षतिग्रस्त कार को गैस कटर से काटकर बाहर निकाले गए थे। दरअसल, चारों दोस्त गजरौला में पार्टी सेलिब्रेट कर लौट रहे थे। रास्ते में हादसे का शिकार हो गए थे। पोस्टमार्टम के बाद परिजन चारों के शव घर ले गए थे। मामले में मृतक आयुष के पिता महेश कुमार शर्मा की तहरीर पर पुलिस ने डीसीएम के अज्ञात चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था लेकिन हादसे के चार दिन बाद भी पुलिस आरोपी चालक को गिरफ्तार नहीं कर सकी है। थानाध्यक्ष कोमल तोमर ने आरोपी चालक को जल्दी गिरफ्तार कर चालान करने की बात कही।

## संत रविदास जन्मोत्सव समिति के अध्यक्ष बने मुनेन्द्र

**शाह टाइम्स ब्यूरो,**

**अमरोहा**। नगर के अंबेडकर धर्मशाला मोहल्ला सराय कोहना में रविवार को संत शिरोमणि गुरु रविद. ास जन्मोत्सव समिति की बैठक में गत वर्ष की आय-व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया गया, साथ ही वर्षभर किए गए कार्यों की विस्तृत जानकारी दी गई। बैठक में आगामी वर्ष गुरु रविदास जन्मोत्सव समिति 2026 की नई कार्यकारिणी का गठन सर्वसम्मति से किया गया। नई कार्यकारिणी में डॉ. मुनेंद्र मोहन अध्यक्ष, योगाचार्य महेश कुमार महामंत्री, कपिल देव कोषाध्यक्ष व देवेंद्र कुमार भगत ऑडिटर नामित किए गए। इस दौरान बैठक में डॉ. डी. चंद्रा, शब्द कुमार वाल्मीकि, वरुण सिंह, डॉ. अशोक कुमार, सत्यप्रकाश, विनोद कुमार मौर्य, राजेंद्र भगत, मुन्नालाल गौतम, सुरेंद्र कुमार व्यास, संजू जाटव, कृष्णपाल सिंह, जयप्रकाश सिंह, इंजीनियर जॉनी कुमार, नितिन कसेरवा एडवोकेट, अंकित सिंह,



राहुल कुमार, पूर्व बैंक मैनेजर रमेश सागर, राजेश कुमार, अतुल मोहन, श्याम मोहन आदि मौजूद रहे। बैठक की अध्यक्षता पूर्व प्रोफेसर डॉ. रमेश चंद्र तथा संचालन योगाचार्य महेश कुमार ने किया।

### दंबगों पर लगाया प्लॉट पर कब्जे का आरोप

**गजरौला**। एक व्यक्ति ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र भेजकर दबंग लोगों पर अपने प्लॉट पर कब्जा करने की कोशिश करने का आरोप लगाया है। नगर के मुहल्ला शिवपुरी निवासी हरिओम कश्यप द्वारा भेजे गए शिकायती पत्र के अनुसार आरोप है कि उनकी माता मालती देवी के नाम से एक प्लॉट तिगरी में है। 20 नवम्बर को वह इस प्लॉट पर निर्माण कार्य कराने पहुंचे तो कुछ लोगों ने इस प्लॉट को अपना बताते हुए निर्माण करने से रोक दिया और कहा कि उन्होंने तुम्हारे पिता के खाते में 95 हजार रूपये डाले हैं। हरिओम का आरोप है कि बिना रजामंदी के ही पैसे खाते में भेजकर दंबग लोग जबरन उनके प्लॉट पर कब्जा करना चाहते हैं। हरिओम ने दंबगो पर कार्रवाई की मांग की है।

### वन विभाग की भूमि कब्जा करने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। एक ग्रामीण ने कुछ लोगों पर वन विभाग की भूमि पर कब्जा करके फसल बोने का आरोप लगाते हुए अधिकारियों को शिकायती पत्र भेजा है।

मंडी धनौरा तहसील क्षेत्र के गांव सिहाली मेव निवासी असर मुहम्मद का आरोप है कि गांव गुलालपुर मुस्तकम में वन विभाग की भूमि गाटा संख्या 160 व 167 पर कुछ लोगों ने कई वर्षों से अवैध कब्जा करके फसल बो रखी है। कोई उनके इस कृत्य का विरोध करता है तो उसके साथ मारपीट पर उतारू हो जाते हैं। कोई पशु चारा चरने पहुंच जाता है तो उसे भी घायल कर देते हैं। ग्रामीण ने पुलिस और प्रशासन के उच्चाधिकारियों को शिकायती पत्र भेजकर वन विभाग की भूमि से कब्जा हटवाने की मांग की है।

## बाबा साहेब के पास था ज्ञान का भण्डार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। मैथिली गार्डन में गौतम बुद्ध जन्मोत्सव समिति के बैनर तले बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर सभी ने बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर के जीवन परिचय और उनके संघर्षों पर प्रकाश डाला।

अखिल भारतीय अम्बेडकर युवक संघ के अध्यक्ष रामवीर सिंह ने कहा कि बाबा साहब के पास ज्ञान का भंडार था। इसलिए उन्हें अमेरिका ने सिंबल ऑफ नॉलेज की उपाधि से नवाजा और पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा ने कहा कि था कि बाबा साहब अगर अमे.



रिका में पैदा हुए होते थे तो उन्हें सूरज कहा जाता। कहा कि डॉ अंबेडकर के दर्शन, शिक्षाओं एवं वर्तमान समय की घटनाओं पर चर्चा की। कहा कि हम सब मिलकर रहेंगे। तभी भारत की एकता व अखंडता सुरक्षित रहेगी।गौतम बुद्ध जन्मोत्सव समिति के अध्यक्ष दिनेश कुमार गौतम ने कहा कि बाबा साहब के जागरण के जीवन संघर्ष, संवैधानिक मूल्य, सामाजिक समरसता, शिक्षा के महत्व तथा राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान पर विस्तृत चर्चा की गई। इस अवसर पर गौतम बुद्ध जन्मोत्सव समिति के अध्यक्ष दिनेश कुमार गौतम, पूर्व सभासद अरविंद कुमार अन्ना, लवी सागर, पवन राज जाटव, शिवम कुमार,ध सिंह, विनोद कुमार गौतम, डॉक्टर अशोक कुमार, विजय कुमार गौतम, मुखराम सिह,जंगबहादुर आदि मौजूद रहे।

# सनातन ही है एकमात्र धर्म: स्वामी यतीन्द्रानन्द

**■ जूना अखाड़ा के महामंडलेश्वर का स्वागत**

**शाह टाइम्स, संवाददाता**

**गजरौला।** जूना अखाडा के महामंडलेश्वर स्वामी यतीन्द्रानन्द गिरि ने कहा कि एसआईआर की प्रक्रिया बहुत ही जरूरी है, इसके माध्यम से देश में अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशियों व रोहिंग्याओं की पहचान करने में मदद मिलेगी। कहा कि जो भारत की नागरिकता सिद्ध न कर सके, उसे बलपूर्वक बाहर निकल जाना चाहिए।

रविवार की शाम को बरेली से एक शादी समारोह से लौटते समय गजरौला की मानसरोवर कॉलोनी में उधम सिंह के आवास पर कुछ देर के लिए ठहरे स्वामी यतीन्द्रानन्द ने कहा कि है जामिया में हुए एक शोध के अनुसार, 96 प्रतिशत हिंदू मुसलमान बने, सिर्फ चार प्रतिशत ही मूल मुस्लिम हैं। अब यह उचित समय आ गया है कि मुगल आक्रांताओं के आतंक से मुस्लिम बने हिंदू मूल धर्म में घर वापसी करें। हिंदुओं को उनका स्वागत करना होगा। स्वीकारना होगा, क्योंकि वह मुगल आक्रांताओं के आंतक से मुस्लिम बने थे। उन्होंने कहा कि वर्तमान में चल रही विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम (एसआईआर) की प्रक्रिया बहुत ही प्रशंसनीय है। कांग्रेस, सपा और टीएमसी ने करोड़ों बांग्लादेशियों, रोहिंग्याओं के नाम मतदाता सूची में दर्ज करा रखे हैं। एसआईआर से उन्हीं राजनैतिक दलों को तकलीफ है जो अवैध रूप से देश में रह रहे लोगों के संरक्षक हैं। कहा कि अब समय आ गया है कि जो भारत की नागरिकता सिद्ध न कर सके उसे देश से बलपूर्वक बाहर कर देना चाहिए। कहा कि कलयुग का तीर्थ संभल है, मुगल आक्रांताओं ने न केवल हमारी आध्यात्मिक धरोहर को नष्ट किया बल्कि हमारी संस्कृति को नष्ट करने का प्रयास किया। लेकिन सनातन को कभी खत्म नहीं किया जा सकता क्योंकि यह धर्म शांति का धर्म है। यहां पहुं. चने पर फूल मालाओं से स्वागत किया। इस मौके पर उधम सिंह, दमन चौधरी, सुनील गुप्ता, राघवेन्द्र शर्मा, विरेन्द्र उर्फ लाला गुर्जर, नरेन्द्र चौधरी, भूदेव चौहान, जसवंत पहलवान आदि मौजूद रहे।


गजरौला। महामंडलेश्वर स्वामी यतीन्द्रानन्द का स्वागत करते लोग।

# आम के हरे पेड़ काटने वालों पर रिपोर्ट दर्ज हो

## वन विभाग ने पुलिस को दी तहरीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** वन विभाग ने आम के हरे पेड़ काटने वाले दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने को तहरीर दी है। वन दरोगा पलटराम सिंह ने कोतवाली में तहरीर देकर आम के हरे भरे वृक्षों को काटने के मामले में दो व्यक्तियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराये जाने को तहरीर दी है।

रविवार को उच्च अधिकारियों के निर्देशों पर वन दरोगा पलटराम सिंह ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि शनिवार की बीती रात्रि किसी समय नगर में आम के हरे-भरे पांच पेड़ों का कटान किया गया था। जहां सूचना मिलने के बाद वन विभाग टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की थी। वहीं आम के हरे-भरे पांच पेड़ काटे जाने की पुष्टि हो गई थी। और वन दरोगा पलटराम सिंह ने बताया कि आम के हरे-भरे पेड़ों को काटने वाले बाग स्वामी एवं ठेकेदार को नामजद कर तहरीर दी गई है। फिलहाल मामले में वरिष्ठ उप निरीक्षक अमित कुमार का कहना है कि तहरीर प्राप्त हो गई है।

# विशेष पुनरीक्षण में धनौरा नंबर वन, डीएम ने किया सम्मानित

## गणना प्रपत्रों का शत-प्रतिशत डिजिटाइजेशन पूरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** तहसील ने विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण प्रक्रिया में शत-प्रतिशत गणना प्रपत्रों के डिजिटाइजेशन का लक्ष्य पूरा कर जिले में नया रिकॉर्ड बनाया है। शुरुआत में जहां धनौरा की प्रगति धीमी मानी जा रही थी, वहीं अंतिम चरणों में तेज रफ्तार ने सभी को पीछे छोड़ दिया। जिले में आयोजित सम्मान समारोह में जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने धनौरा विधानसभा के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सहायक अधिकारी व पूरी टीम को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।



अभियान के दौरान एसडीएम विभा श्रीवास्तव की कार्यशैली खास चर्चा में रही। उन्होंने लगातार निरीक्षण करते हुए रातभर तहसील में बैठकर मॉनिटरिंग की। डेटा एंट्री से लेकर त्रुटि सुधार तक, हर चरण में उन्होंने स्वयं समीक्षा की देर रात तक चलने वाली यह सक्रियता कर्मचारियों के लिए प्रेरणा बनी और अभियान ने नई गति पकड़ ली। जिलाधिकारी ने धनौरा टीम की प्रशंसा करते हुए कहा कि मजबूत नेतृत्व और समयबद्ध कार्यशैली ने इस उपलब्धि को संभव बनाया। सम्मान पाने वालों में तहसीलदार मूसाराम थारू, एडीएम गरिमा सिंह, नायब तहसीलदार योगेश लोधी, बीडीओ धनौरा नरेंद्र पाल, और एडीओ गजरौला समेत फील्ड टीम शामिल रही। अभियान की शुरुआत में तकनीकी दिक्कतें, प्रपत्रों की अधिक संख्या और फील्ड सत्यापन की चुनौतियाँ बाधा बनी थीं, लेकिन दिनभर फील्ड काम और रातभर तहसील में डेटा अपलोड की प्रक्रिया ने को जिले में उत्कृष्ट स्थान दिला दिया। धनौरा की यह उपलब्धि प्रशासनिक कार्यकुशलता, टीमवर्क और जिम्मेदारी का उत्कृष्ट उदाहरण बनकर सामने आई है।

# खेलों में छात्र-छात्राओं ने दिखाई प्रतिभा

## अक्षरा पब्लिक स्कूल हुई खेल प्रतियोगिता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** रविवार को अक्षरा पब्लिक स्कूल में राणा सिंह इंटर कॉलेज खंडसाल शीला संस्कृति स्कूल खंडसाल फाउंडेशन प्री स्कूल में तीन दिवसीय इंटर स्कूल मीट में छात्र द्वारा भाग लिया गया। कक्षा तीन से कक्षा 11 तक के छात्रों ने कबड्डी खो खो एथलीट रस्साकशी ऊंची कूद लंबी कूद स्पर्धाओ में भाग लिया। युवा एथलीट ने प्रतियोगिताओं के दौरान जबरदस्त प्रदर्शन किया। छात्रों का उत्साह अनुशासन और खेल भावना का प्रदर्शन किया। यह दिन




वास्तव में एक्शन से भरपूर प्रेरणा दायक बन गया। कार्यक्रम में विधान परिषद सदस्य ढिल्लो, डीआईओएस डॉक्टर प्रवेश कुमार यादव, पारुल सिसोदिया, सुश्री शगुन राहल, सुरेंद्र सिंह, निपेंद्र कुमार आदि मौजूद थे।

# आईआईटी कानपुर में सम्मानित हुई गीता वर्मा

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** आईआईटी कानपुर के प्रोफेसर जयकुमार और एससीईआरटी के संयुक्त निदेशक पवन कुमार सचान ने आईआईटी कानपुर में प्रशिक्षण अवधि के दौरान कई कार्यो और मूल्यांकन को सफलतापूर्वक पूर्ण करने पर गजरौला क्षेत्र की शिक्षिका गीता वर्मा को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। 05 और 06 दिसम्बर को आईआईटी कानपुर में प्रशिक्षण समाप्त होने के बाद गीता वर्मा को प्रमाण पत्र



देकर सम्मानित किया गया। गीता वर्मा गजरौला ब्लॉक के गांव चौबारा में संविलियन विद्यालय में शिक्षिका हैं।

# पुलिस ने महिलाओं को बांटी रजाईयां

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** मिशन शक्ति अभियान के तहत स्थानीय पुलिस ने जरूरतमंद और निराश्रित महिलाओं के लिए विशेष जागरूकता एवं सहायता कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में महिलाओं को सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी देने के साथ-साथ ठिठुरन भरी सर्द रात में गर्म रजाइयां वितरित की गईं।

शनिवार देर शाम हुए कार्यक्रम में प्रभारी निरीक्षक और मिशन शक्ति टीम ने महिलाओं को 1090 महिला हेल्पलाइन, 181 महिला सहायता, 112 आपातकालीन नंबर, 1098 चाइल्डलाइन और साइबर हेल्पलाइन 1930 के बारे में विस्तार से जानकारी दी। टीम ने महिलाओं को किसी भी प्रकार की उत्पीड़न, छेड़छाड़, घरेलू हिंसा या साइबर धोखाधड़ी की स्थिति में तुरंत पुलिस की मदद लेने की सलाह दी। इसके साथ ही महिलाओं को वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन और अन्य सरकारी कल्याणकारी योजनाओं की पात्रता और आवेदन प्रक्रिया से भी अवगत कराया गया। कार्यक्रम में एसएसआई सतीश कुमार मौर्य, सुधीर कुमार, अखिल कुमार, सुदीप कुमार समेत पुलिस टीम के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# 21 को होगा रामलीला समिति का चुनाव

## शरद गर्ग व राजीव बने चुनाव अधिकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** रामलीला प्रबंध समिति के चुनाव अधिकारी ज्ञानेंद्र अग्रवाल के इस्तीफे के बाद समिति के चुनाव अब 21 दिसंबर को कराए जाएंगे। शनिवार की रात गढ़ी मंदिर धर्मशाला में आयोजित बैठक में सर्वसम्मति से शरद गर्ग और राजीव अग्रवाल को संयुक्त रूप से चुनाव अधिकारी नियुक्त किया गया।

निवर्तमान कमेटी द्वारा समय पर चुनाव न कराने पर आजीवन सदस्यों ने जागेश अग्रवाल को अध्यक्ष चुनकर इस वर्ष रामलीला का भव्य आयोजन कराया था। आयोजन समाप्त होने के बाद सदस्यों ने विधिवत चुनाव कराए जाने की मांग तेज की थी। इसी क्रम में पहले नियुक्त चुनाव अधिकारी ज्ञानेंद्र कुमार उर्फ कमल को पत्र भी सौंपा गया था, मगर लगातार आरोप-प्रत्यारोपों के बीच उन्होंने सार्वजनिक रूप से इस्तीफा दे दिया। इस्तीफे के बाद बुलाए गए बैठक में मास्टर इंद्रपाल सिंह, कपिल अग्रवाल एडवोकेट, वीरेंद्र सिंह और प्रदीप अग्रवाल को निर्वाचन अधिकारी की जिम्मेदारी सौंपी गई। सभी आजीवन सदस्यों की सहमति के साथ यह तय किया गया कि नए चुनाव अब 21 दिसंबर को ही होंगे। चुनाव की तारीख तय होते ही शहर में चुनावी सरगर्मियां तेज हो गई हैं और यह चर्चा जोर पकड़ने लगी है कि समिति की बागडोर इस बार किसके हाथ में जाएगी। बैठक में नगर पालिका अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल, जागेश अग्रवाल, संजीव गर्ग, अवनीश कुमार, पवन गुप्ता, राजू बादशाह, सुनील कुमार, बिंदू शर्मा आदि सदस्य मौजूद रहे।

# रामपुर पहुंचे भाजपा प्रदेश महामंत्री और विधान परिषद के सदस्य

**■ एस आई आर को लेकर पार्टी कार्यकर्ताओं को दिए दिशा निर्देश**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** शनिवार को भारतीय जनता पार्टी कार्यालय पर मतदाता पुन: निरीक्षण अभियान के अंतर्गत चल रहे मतदाता गहन पुन निरीक्षणद्धएस आई आरऋ को लेकर बैठक में मुख्य अतिथि के तौर पर भारतीय जनता पार्टी, उत्तर प्रदेश के प्रदेश महामंत्री और विधान परिषद के सदस्य सुभाष यदुवंशी उपस्थित रहे।



सुभाष यदुवंशी ने सभी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया और कहा मतदाता गहन पुन निरीक्षण जनहित में एक बहुत बड़ा कदम है। वोटर लिस्टों का शुद्धिकरण जनता के लिए बहुत ही आवश्यक था। हम सब भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता हैं जो कि विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है और भारतीय जनता पार्टी को विश्व की सबसे बड़ी पार्टी हम सब कार्यकर्ताओं ने जनता का विश्वास जीतकर बनाया है। जनता भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं पर जनता विश्वास करती है क्योंकि हमेशा हमने जनहित में कार्य किया है। अब हम सब का दायित्व बनता है की जनता के बीच में जाकर सभी का गणना फॉर्म जमा हो यह सुनिश्चित करें और उनको आ रही समस्याओं का निस्तारण करने का प्रयास करें। आने वाले समय में जो भी वोटर छूट गया है या जिनका वोट नहीं है, उन सबको फार्म भरवा कर वोटर लिस्ट में शामिल करना, हम सब की जिम्मेदारी है और मुझे यकीन है आप सब इस जिम्मेदारी को भली भांति निभाएंगे, हमारा संकल्प होना चाहिए कि कोई भी वोटर बच्चे ना जिसका वोट ना हो । जिला अध्यक्ष हरीश गंग. वार ने कहा मुझे यकीन है की रामपुर जनपद के कार्यकर्ता एस आई आर में जनता के बीच जाकर उनका हर कदम पर सहयोग करेंगे की रामपुर की जनता में निश्चित ही विश्वास का एक नया कीर्तिमान स्थापित करेंगे और जनता के विश्वास पर खड़े उतरेंगे।

बैठक में जिला अध्यक्ष हरीश गंगवार, जिला प्रभारी चौधरी राजा वर्मा, जिला संयोजक द्धएस आई आरऋ अर्जुन रस्तोगी, महिला आयोग की सदस्य सुनीता सैनी, पूर्व जिला अध्यक्ष अभय गुप्ता, जिला महामंत्री अशोक बिश्नोई, रविंद्र सिंह रवि, सतनाम सिंह, जिला उपाध्यक्ष मोहन कुमार लोधी, अनुज सक्सेना, ब्लॉक प्रमुख अर्चना गंगवाल, मोहित सैनी, नगर पालिका अध्यक्ष दीक्षा गंगवार, विधानसभा संयोजक विवेक रुहेला, पवन कुमार, सुनील मौर्य, नेतराम कश्यप, ओमवीर दिवाकर आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# रामपुर में मनाया गया बाबा साहब का 70वां महापरिनिर्वाण दिवस



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** शनिवार को संत शिरोमणि गुरु रविदास उत्थान सेवा समिति द्धरजिस्टर्डऋ रामपुर के तत्वावधान में बाबा साहब डॉक्टर भीम राव अंबेडकर साहब का 70 वां महापरिनिर्वाण दिवस , डाक्टर अम्बेडकर पार्क सिविल लाइन रामपुर में मनाया गया। सर्व प्रथम बाबा साहब की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित एवं मालिया अर्पण प्रदेश अध्यक्ष बाबू जी राम प्रसाद सागर ने किया। कार्यक्रम का संचालन प्रदेश महासचिव प्रमोद कुमार सागर ने किया। श्रद्धांजलि सभा में शहर के तमाम धर्म बंधुओ ने भाग लिया और अपने विचार व्यक्त किए। सभा में हिमांशु सागर, राम सिंह खन्ना, एडवोकेट शिवकुमार सागर, डॉक्टर जेपी अंबेडकर, चरण सिंह सागर, अरुण कुमार सागर, महा सिंह सागर, राजू जाटव, विपिन कुमार गौतम ,सुशील चौधरी, सामाजिक साथी मौजूद रहे।

## नाम परिवर्तन सूचना

मैं सत्य पाल, पुत्र राम सिंह, निवासी ग्राम. नवाब गंज शुमाली, तहसील. सदर, जिला.रामपुर (उत्तर प्रदेश), यह सूचित करता हूं कि मेरे नाम की वर्तनी मेरे दस्तावेजों में सत्य पाल लिखी गई है।

मैंने अपना सही एवं पूर्ण नाम सत्यपाल सिंह रखने का निश्चय किया है। अत: भविष्य में मैं सत्यपाल सिंह नाम से ही जाना और पहचाना जाऊंगा।

## खोया-पाया

मेरी एक आराजी स्थित हसनपुर बाहर चुंगी निकट मुहल्ला होली वाला राजपूत कालोनी में स्थित है। जिसमें धर्म कांटा तथा सैटरिंग का कार्य किया जा रहा है। उक्त संपत्ति प्रार्थी एवं प्रार्थी की पत्नी मंजू सैनी के नाम बजरिये विक्रय पत्र क्रय की गई। प्रथम मूल विक्रय पत्र जो कि केवलराम सैनी व आनंदी सिंह सैनी पुत्रगण गोकलराम सैनी से विक्रय पत्र संख्या 9169 दिनांक 26 अक्टूबर 2009 को सुनीता अग्रवाल पत्नी अनुराग अग्रवाल के हक में पंजीकृत है। दूसरा विक्रय पत्र संख्या 8732 दिनांक 14 अक्टूबर 2009 को सोनल अग्रवाल पत्नी मनुज अग्रवाल के हक में पंजीकृत किया गया था। दोनों विक्रय पत्र कहीं खो गए हैं।

राजकुमार पुत्र केवलराम सैनी निवासी मोहल्ला होली वाला निकट से वाला मंदिर हसनपुर अमरोहा।

# उद्यान विभाग में बिचौलिए हावी किसानों को नहीं मिल रहा लाभ: उस्मान

**■ किसान यूनियन ने तहसील दिवस में एसडीएम को सौंपा ज्ञापन**

**रामपुर।** शनिवार को निर्धारित कार्य क्रम के अंतर्गत किसान यूनियन के पदाधिकारी व कार्यकर्ता राष्ट्रीय महासचिव उस्मान अली पाशा के नेतृत्व में तहसील दिवस पहुंचे और वहां पर प्रदर्शन करने के बाद तहसील दिवस के अध्यक्षता कर रहे उप जिला अधिकारी सदर कुमार गौरव को मुख्यमंत्री को संबोधित पांच सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उद्यान विभाग के घोटाले की जांच कराने नकली कृषि रसायन की बिक्री रोकने प्लाईवुड फैक्ट्रीयों में नीम कोटेड यूरिया का प्रयोग रोकने आदि मांगे शामिल है। इस अवसर पर राष्ट्रीय महासचिव उस्मान अली पाशा ने कहा जनपद का उद्यान विभाग दलालों से मिली भगत कर किसानों को किसी योजना का लाभ नहीं दे रहा। अभी कुछ दिन पहले घोटाला उजागर होने पर एक निरीक्षक को निलंबित भी किया गया है। लेकिन असल दोषी किला नर्सरी इंचार्ज और



पूर्व इंचार्ज को बचा लिया गया जिससे विभाग की मंशा साहब जाहिर होती है उन्होंने ईडी से जांच करा कर अरे भाई की मांग की। ज्ञापन देने वालों में तहसील अध्यक्ष नूर आलम, सुनील कुमार सक्सेना, सोनू, मोहम्मद नईम, वकार अली, अकरम, दिनेश कुमार सागर आदि लोग मौजूद रहे।

# युवक का सेना में चयन, ग्रामीणों ने ढोल-नगाड़ों के साथ किया स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पूरनपुर।** युवा समाजसेवी चांद मियां ने नव चयनित सिराजुद्दीन का गड़वा खेड़ा में फूल माला पहना कर स्वागत किया। रैली गड़वा खेड़ा से धनेगा होते हुए गोरा गांव में उनके घर तक पहुंची। ग्रामीणों ने ढोल नगाड़े बजाकर उनका स्वागत किया स्थानीय युवाओं ने तिरंगे झंडे के साथ 'भारत माता की जय' और 'वंदे मातरम' जैसे नारे लगाए। ग्रामीणों ने रास्ते भर जगह-जगह रुककर सिराजुद्दीन का फूल-मालाओं से स्वागत किया। इस दौरान बच्चों और बुजुर्गों सहित सभी ग्रामीणों में उत्साह देखा गया। गांव के बुजुर्गों ने भी सिराजुद्दीन को माला पहनाकर स्वागत किया।

# आमजन की समस्याओं के समाधान को प्रशासन प्रतिबद्ध

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण के उद्देश्य से जिला प्रशासन सतत प्रयासरत है। इसी क्रम में दिनांक 01.12.2025 को जनसुनवाई में नगीना निवासी चिचौली, ब्लॉक मिलक द्वारा आशा के पद पर चयन न होने के संबंध में शिकायत प्रस्तुत की गई थी। जिला. धिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए तत्काल मुख्य चिकित्सा अधिकारी को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। निर्देशों के अनुपालन में प्रकरण का परीक्षण किया गया तथा निर्धारित प्रक्रिया के अनुरूप कार्यवाही करते हुए नगीना का आशा के पद पर चयन सुनिश्चित किया गया। समस्या के समाधान के उपरांत जनसुनवाई के दौरान नगीना ने जिलाधिकारी का आभार व्यक्त किया। जिलाधिकारी ने पुन: आश्वस्त किया है कि आमजन की समस्याओं के त्वरित एवं पारदर्शी निस्तारण के लिए प्रशासन पूर्णत: संकल्पित और प्रतिबद्ध है।



# चिकित्सक द्वारा इंजेक्शन लगाने से वृद्धा महिला की हालत बिगड़ी, मौत

**मसवासी।** नगर के काशीपुर मार्ग स्थित एक अस्पताल व मेडिकल में बुजुर्ग महिला की इंजेक्शन लगने से हालत खराब हो गई थी उसे गंभीर अवस्था में दूसरे अस्पताल में भर्ती कराया गया था। चिकित्सक ने महिला सोमवती उम्र 60 पत्नी नेमचंद निवासी मोहल्ला चाउपुरा वार्ड नंबर 5 के घर पहुंच कर दवाई लिखा पर्चा छीनकर फाड़ने का प्रयास किया था। नगर में कई स्थानों पर अवैध रूप से नर्सिंग होम संचालित है जिन पर अनट्रेंड युवतियां काम कर रही हैं इन नर्सिंग होम पर डिलीवरी तक की जाती है हालत गंभीर होने पर महिला रोगियों को काशीपुर या बाजपुर के अस्पतालों में रेफर कर दिया जाता है। शनिवार को एक बुजुर्ग महिला सोमवती उम्र 60 काशीपुर मार्ग स्थित एक अस्पताल व मेडिकल स्टोर में बुखार की दवाई लेने गई थी अनट्रेंड चिकित्सक ने उसे इंजेक्शन लगा दिया जिससे उसकी हालत बिगड़ गई और परिजन उसे उठाकर अपने घर ले गए। हालत बिगड़ने पर उसे दूसरे अस्पताल भर्ती कराया गया था। इस मामले की भनक लगते ही अस्पताल का चिकित्सक वृद्ध महिला के घर पहुंच गया और उसने परिजनों से दवाई का पर्चा लेकर फाड़ने का प्रयास किया।

# बिजली व्यवस्था को मजबूत बनाने की तैयारी राज्य मंत्री संजय सिंह गंगवार ने भेजे कई बड़े प्रस्ताव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** गन्ना विकास एवं चीनी मिलें राज्य मंत्री संजय सिंह गंगवार ने पीलीभीत विधानसभा क्षेत्र में बिजली आपूर्ति को सुदृढ़ बनाने के लिए व्यापक सुधारों से जुड़े कई प्रस्ताव शासन को भेजे हैं। इन प्रस्तावों का उद्देश्य शहर और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में बेहतर व सुचारू विद्युत सुविधाएं उपलब्ध कराना है। राज्य मंत्री द्वारा भेजे गए प्रस्तावों में प्रमुख रूप से शहर के गैस चौराहा स्थित पुराने बिजलीघर के पास 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र का निर्माण तथा माधोटांडा क्षेत्र में प्रस्तावित टेंट सिटी के लिए 132 केवी उपकेंद्र की स्थापना शामिल है, जिससे पर्यटन और स्थानीय विकास को नई दिशा मिलेगी। इसके अलावा ललौरीखेड़ा में 33/11 केवी स्टेशन, अमरिया उपकेंद्र में पावर परिवर्तन, तथा जहानाबाद क्षेत्र में विद्युत व्यवस्था में सुधार से जुड़े कई प्रस्ताव शासन को भेजे गए हैं। राज्य मंत्री ने वितरण क्षमता में वृद्धि के लिए कई स्थानों पर परिवर्तन क्षमता बढ़ाने के प्रस्ताव दिए हैं।

शाह टाइम्स

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं मौहल्ला सुफी टोला शाहजहांपुर रोड़ बरेली, उप्र।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎0581-2562222 (बरेली)
**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No UPHIN/2003/11165
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# दो कारों की जबरदस्त भिड़ंत में दो की मौत, तीन घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** बाबूगढ़ थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग-9 पर स्थित शिवा होटल के सामने शनिवार देर रात हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में दो युवकों की जान चली गई, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। तेज रफ्तार कार डिवाइडर पार कर दूसरी ओर से आ रही स्कॉर्पियो से टकरा गई, जिसके बाद हाईवे पर अफरा-तफरी मच गई।

जानकारी के मुताबिक मेरठ के परतापुर थाना क्षेत्र के ग्राम सोलन निवासी शाकिब, गुलजार, मुजीब, मौज्जम और लिसाड़ी गेट निवासी इसरार कार से मुरादाबाद की ओर से लौट रहे थे। देर रात शिवा होटल के पास अचानक चालक कार पर नियंत्रण खो बैठा। तेज रफ्तार कार डिवाइडर से टकराते हुए हवा में उछली और दूसरी लेन में जाकर स्कॉर्पियो से सीधे टकरा गई। टक्कर





इतनी भीषण थी कि कार और स्कॉर्पियो दोनों के परखच्चे उड़ गए। कार में सवार सभी युवक गंभीर रूप से घायल हो गए और हाईवे पर कुछ देर के लिए यातायात बाधित रहा।

घटना को देख आसपास के लोग मौके पर दौड़ पड़े और कार में फंसे घायलों को निकालने का प्रयास किया। सूचना मिलते ही बाबूगढ़ थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को एंबुलेंस से अस्पताल भिजवाया। अस्पताल में डॉक्टरों ने शाकिब और मौज्जम को मृत घोषित कर दिया। जबकि गुलजार, मुजीब और इसरार की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें मेरठ के बड़े अस्पताल में रेफर किया गया है। इनमें से एक की स्थिति अत्यंत चिंताजनक बनी हुई है।



पुलिस के अनुसार स्कॉर्पियो में सवार लोग भी दुर्घटना में घायल हुए। लेकिन उनके परिजन उन्हें मौके से किसी अन्य वाहन के जरिए ले गए। उनकी पहचान और स्थिति की जानकारी जुटाई जा रही है। थाना प्रभारी निरीक्षक मुनीष प्रताप सिंह ने बताया कि हादसे में दो युवकों की मौत हुई है।

शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है और हाईवे से वाहनों को हटवाकर यातायात बहाल कर दिया गया है।

# सपा नेता की बेटी ने ससुराल पक्ष पर लगाए गंभीर आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** समाजवादी पार्टी के स्थानीय नेता संजय गर्ग की बेटी शैफाली गर्ग द्वारा अपने ससुराल पक्ष पर लगाए गए गंभीर आरोपों ने पूरे जनपद में सनसनी फैला दी है। शैफाली ने पति सहित ससुराल के चार लोगों पर मारपीट, मानसिक प्रताड़ना और जबरन गर्भपात जैसे गंभीर आरोप लगाए हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए कोतवाली देहात पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पिता संजय गर्ग के अनुसार, शैफाली की शादी 28 जून 2021 को बुलंदशहर निवासी सूर्यांश अग्रवाल से धूमधाम से हुई थी। परिवार का कहना है कि शादी में लाखों-करोड़ों खर्च करने के बाद भी शैफाली को ससुराल में लगातार प्रताड़ना झेलनी पड़ी। इसी दौरान शैफाली का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, जिसमें उसने पति सूर्यांश, ससुर बृजमोहन,



सास मीनाक्षी और ननद पर गंभीर उत्पीड़न के आरोप लगाए। शैफाली ने पुलिस को बताया कि गर्भावस्था के दौरान भी उसके साथ मारपीट की गई, जिसके कारण उसका गर्भपात हो गया। पीड़िता का कहना है कि उसने पहले बुलंदशहर पुलिस से शिकायत की थी, पर कार्रवाई न मिलने पर परिवार ने हापुड़ पुलिस से मदद मांगी। एसपी हापुड़ के निर्देश पर आरोपी पक्ष के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली गई है। सीओ वरुण मिश्रा ने बताया कि मामले की जांच जारी है और सभी तथ्यों की गहराई से पड़ताल की जा रही है। उन्होंने आश्वासन दिया कि दोषियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# केंद्रीय राज्यमंत्री ने किया वीर शहीद सतपाल सिंह की प्रतिमा का अनावरण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** बहादुरगढ़ क्षेत्र के लुहारी गांव में रविवार का दिन ऐतिहासिक बन गया, जब राष्ट्र रक्षा में प्राण न्योछावर करने वाले कारगिल युद्ध के वीर शहीद सतपाल सिंह की स्मृति में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर केंद्रीय राज्यमंत्री और राष्ट्रीय लोक. दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी ने विशेष रूप से उपस्थित होकर शहीद की आदमकद प्रतिमा का अनावरण किया। पूरा वातावरण देशभक्ति के गीतों और शौर्य के जयकारों से गूंज उठा।

प्रतिमा का अनावरण करने के पश्चात जयंत चौधरी ने शहीद की वीरता को नमन करते हुए कहा कि सतपाल सिंह जैसे जांबाज सैनिकों ने अपने अदम्य साहस से राष्ट्र का



मान बढ़ाया है। उनका बलिदान आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का अमिट स्रोत है। शहीद सतपाल सिंह उन्हीं वीर सपूतों में से एक हैं जिन पर देश गर्व करता है। लुहारी गांव पहुंचने पर केंद्रीय राज्यमंत्री का रालोद कार्यकर्ताओं, ग्रामीणों और शहीद परिवारजनों ने फूलमालाओं के साथ जोरदार स्वागत किया। बताया गया कि प्रतिमा और स्मारक के निर्माण में शहीद के परिवार का महत्वपूर्ण योगदान रहा है, जिन्होंने अपने प्रिय के सम्मान में इस स्थान को प्रेरणा केंद्र के रूप में विकसित किया। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने भी शहीद सतपाल सिंह की वीरता को याद करते हुए भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर शहीद सतपाल सिंह के परिवारजन, पूर्व सैनिक मनवीर सिंह, रालोद नेता शिवकुमार त्यागी, नानक शर्मा, नानव शर्मा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण, युवा और सम्मानित नागरिक मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में दो मिनट का मौन रखकर शहीद को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

# दम्पति के निधन पर शोकसभा, क्षेत्र में व्याप्त शोक की लहर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** तगासराय निवासी विश्व हिन्दू परिषद हापुड़ के जिला उपाध्यक्ष, रामनिवास बालिका इंटर कॉलेज तगासराय प्रबंधन समिति के पूर्व मंत्री तथा शहीद स्मारक समिति हापुड़ के सक्रिय सदस्य गिरीश त्यागी फायर वाले के बड़े भाई एडवोकेट मुकेश त्यागी और भाभी अनिता त्यागी का सड़क दुर्घटना में आकस्मिक निधन हो गया। दम्पति के इस असमय निधन की खबर से पूरे क्षेत्र में शोक की गहरी लहर दौड़ गई। स्थानीय लोगों, सामाजिक संगठनों व परिचितों में दु:ख और स्तब्धता का माहौल बना हुआ है।



मृतक मुकेश त्यागी का फोटो



मृतका अनिता त्यागी का फोटो

दिवंगत दम्पति की आत्मा की शांति के लिए राष्ट्रीय सैनिक संस्था, जिला इकाई हापुड़ के तत्वावधान में जिला कार्यालय पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। शोकसभा में उपस्थित पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने गायत्री मंत्र का जाप किया तथा दो मिनट का मौन धारण कर दिवंगत आत्माओं को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। सभी ने ईश्वर से प्रार्थना करते हुए कहा कि वह शोकग्रस्त परिवार को इस दु:खद घड़ी को सहने की शक्ति प्रदान करे। श्रद्धांजलि सभा में पश्चिमी उत्तर प्रदेश महिला ब्रिगेड की अध्यक्ष सुमन त्यागी, जिला अध्यक्ष ज्ञानेन्द्र त्यागी, जिला सचिव मुकेश प्रजापति, जिला उपाध्यक्ष मुकेश त्यागी, जिला सूचना प्रसारण मंत्री श्याम वर्मा, युवा कमांड के जिला अध्यक्ष तरुण ध्यानी, उपाध्यक्ष अनिल त्यागी, प्रशास. निक सदस्य मोनू खां मौजूद रहे। सभी पदाधिकारियों ने कहा कि एडवोकेट मुकेश त्यागी व अनिता त्यागी का सरल, मित्रवत और सामाजिक व्यक्तित्व हमेशा स्मरणीय रहेगा। उनके असमय निधन से समाज को बड़ी क्षति हुई है।

# चार ट्यूबवेलों के ताले तोड़कर चोरों ने मचाई लूट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना बाबूगढ़ क्षेत्र के गांव बछलौता के जंगल में चोरों ने देर रात बड़ी चोरी की वारदात को अंजाम देकर किसानों की परेशानी बढ़ा दी। चोरों ने एक नहीं बल्कि चार ट्यूबवेलों के ताले तोड़कर अंदर रखा कीमती सामान उड़ा लिया। चोरी की इस घटना से क्षेत्र के किसानों में भारी रोष व्याप्त है।

जानकारी के अनुसार, चोर देर रात खेतों में बने ट्यूबवेल कमरों के ताले तोड़कर अंदर घुसे और वहां रखा डीएपी, खाद, स्टार्टर सहित अन्य कृषि उपकरण चोरी कर ले गए। अनुमान लगाया जा रहा है कि चोर हजारों रुपये का माल ले उड़े। सुबह जब किसान ट्यूबवेल पर पहुंचे तो ताले टूटे मिले और सामान गायब देखकर हड़कंप मच गया। पीड़ित किसानों ने बताया कि



लगातार हो रही ऐसी घटनाओं से उनकी फसलें और कृषि कार्य खतरे में पड़ जाते हैं।

उनका कहना है कि ट्यूबवेल पर रखे उपकरण और खाद की चोरी से खेती लागत भी प्रभावित होती है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और जल्द ही आरोपियों को पकड़ने के लिए प्रयास तेज किए जाएंगे।

ग्रामीणों ने क्षेत्र में गश्त बढ़ाने और चोरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

# हापुड़ में कड़ाके की ठंड का प्रकोप, प्रशासन अलर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** बढ़ती ठंड और गिरते तापमान ने प्रशासन को अलर्ट मोड पर ला दिया है। जिले में न्यूनतम तापमान 7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जिसके बाद जिला. धिकारी अभिषेक पांडेय के निर्देश पर नगर पालिका ने शहर के प्रमुख क्षेत्रों में अस्थायी रैन बसेरों की व्यवस्था की है, ताकि कोई भी निराश्रित व्यक्ति खुले आसमान के नीचे रात बिताने को मजबूर न हो।

नगर पालिका ने हापुड़ सिटी में तीन स्थानों रेलवे स्टेशन परिसर, अतरपुरा चौपला और मजीदपुरा में रैन बसेरे स्थापित किए हैं। यहां साफ-सफाई से लेकर बेड, गद्दे, कंबल और रजाई तक की पर्याप्त व्यवस्था की गई है, जिससे जरूरतमंद लोगों को कड़ाके की ठंड से राहत मिल सके। रैन बसेरों में



रातभर बैठने और सोने की आवश्यक सुविधाओं के साथ सुरक्षा के लिए कर्मचारियों की ड्यूटी भी तैनात की गई है। नगर पालिका ईओ संजय मिश्रा ने बताया कि जैसे-जैसे ठंड बढ़ेगी, रैन बसेरों की क्षमता और संसाधनों को और बढ़ाया जाएगा। जरूरत पड़ने पर अतिरिक्त कंबल और बिस्तर भी उपलब्ध कराए जाएंगे। प्रशासन ने समाजसेवी संगठनों और आम नागरिकों से अपील की है कि यदि कोई व्यक्ति ठंड में खुले में बैठा दिखाई दे, तो तुरंत नियंत्रण कक्ष या नगर पालिका को सूचित करें। समय रहते उसकी सहायता कर सुरक्षित रैन बसेरे तक पहुंचाया जाएगा। ठिठुरन भरे मौसम में जिला प्रशासन की यह पहल जरूरतमंदों के लिए बड़ी राहत साबित हो रही है।

## एक नजर

### महिला से छेड़छाड़ का आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जिले में महिलाओं के प्रति अपराधों पर रोकथाम के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत पिलखुवा थाना पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। थाना पिलखुवा पुलिस ने महिला से छेड़छाड़ के मामले में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

थाना प्रभारी श्योपाल सिंह ने बताया कि पिलखुवा पुलिस टीम ने छेड़छाड़ के आरोपी रहीस पुत्र सगीर, निवासी मोहल्ला पेंदापुरी, पिलखुवा, जनपद हापुड़ को आरकेजी कॉलेज के पास से दबोच लिया। मामले के अनुसार पिलखुवा क्षेत्र की एक महिला ने आरोपी के खिलाफ छेड़छाड़ का मुकदमा दर्ज कराया था। शिकायत दर्ज होते ही पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपी की तलाश शुरू कर दी थी। रविवार को पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए जेल भेज दिया गया है। पुलिस का कहना है कि महिलाओं से जुड़े अपराधों पर सख्त कार्रवाई जारी रहेगी और किसी भी आरोपी को बख्शा नहीं जाएगा। थाना पुलिस ने बताया कि मामले में अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### चेकिंग के दौरान गांजा तस्कर गिरफ्तार 600 ग्राम अवैध गांजा बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना हापुड़ नगर पुलिस ने अपराध और अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत एक बड़ी कार्रवाई करते हुए रविवार को एक गांजा तस्कर को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 600 ग्राम अवैध गांजा बरामद कर उसे सलाखों के पीछे भेज दिया है।

थाना प्रभारी देवेंद्र बिष्ट ने बताया कि पुलिस टीम रामपुर रोड पर चे. कंग कर रही थी, तभी एक युवक संदिग्ध अवस्था में पुलिस को दिखाई दिया। पुलिस ने जब उसे रोका और पूछताछ की तो उसके बैग से 600 ग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ। आरोपी की पहचान सलमान पुत्र साबिर निवासी नवाजीपुरा, गली नंबर 4, थाना हापुड़ नगर के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार वह इस गांजे को बेचने के लिए जा रहा था, तभी उसे पकड़ लिया गया। थाना प्रभारी ने कहा कि क्षेत्र में किसी भी प्रकार की अवैध मादक पदार्थों की तस्करी नहीं होने दी जाएगी। ऐसे कृत्य में लिप्त पाए जाने वाले व्यक्तियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

### अज्ञात लोगों ने घर में फेंके धमकी भरे पत्र, रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** क्षेत्र के गांव अठसैनी निवासी व्यक्ति के घर में धमकी भरे पत्र फेंकने के मामले में पुलिस ने एक महिला और युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

गांव निवासी जैन सिंह ने बताया कि उनके घर पर पिछले काफी समय से अज्ञात लोगों द्वारा धमकी भरे पत्र फेंके जा रहे है। धमकी भरे पत्र में परिवार को जान से मारने की धमकी दी गई है। धमकी से वह भयभीत हो गए है। उन्होंने बताया कि उन्होंने जानकारी की तो मालूम हुआ कि उनके घर पर गांव निवासी पूनम और मोहित द्वारा धमकी भरे पत्र फेंके जा रहे है। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की। पुलिस नें तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

### पुलिस ने किया 6 अंतर्राज्यीय साइबर ठगों को गिरफ्तार

**बागपत।** पुलिस की साइबर और स्वाट टीम ने एक संयुक्त अभियान में 6 अंतर्राज्यीय साइबर ठगों को गिरफ्तार किया है। ये ठग लोगों को लुभावने ऑफर देकर धोखाधड़ी करते थे। पुलिस ने इनके पास से ठगी में इस्तेमाल होने वाले उपकरण, सोने-चांदी के आभूषण, दो लग्जरी गाड़ियां और 5 लाख रुपये नकद बरामद किए हैं। पुलिस अधीक्षक सूरज राय ने बताया कि पुलिस को पोर्टल पर ठगी से संबंधित कुल नौ शिकायतें प्राप्त हुई थीं, जिन पर टीम कार्रवाई कर रही थी। इसी क्रम में इन 6 अभियुक्तों को पकड़ा गया है। गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों की पहचान अनुज पुत्र बलराम कस्बा बड़ौत, हिमांशु पुत्रर धर्मपाल गौसपुर, बागपत, मोनू पुत्र विजय दिल्ली, विनीत उर्फ गोलू पुत्र विनोद सुभानपुर

# पुलिस ने चोरी की वारदातों का किया खुलासा, एक शातिर चोर गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना पिलखुवा पुलिस ने थाना क्षेत्र में हुई लगातार चोरी की घटनाओं पर बड़ी कार्रवाई करते हुए एक शातिर चोर को गिरफ्तार कर चोरी के सामान के साथ नकदी बरामद की है। पुलिस की इस सफलता से क्षेत्रवासियों ने राहत की सांस ली है।

थाना प्रभारी श्योपाल सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि पिलखुवा थाना पुलिस लगातार क्षेत्र में गश्त और चेकिंग अभियान चला रही थी। इसी दौरान पुलिस टीम ने चोरी की घटनाओं में शामिल आरा. पी शाकिब पुत्र हारून, निवासी मौहल्ला शफी की मस्जिद, थाना पिलखुवा को रामलीला मैदान के पास से दबोच लिया। पुलिस ने



आरोपी के कब्जे से चोरी की दो बेडशीट, एक चादर तथा 2200 रुपये की नकदी बरामद की है। पूछताछ में आरोपी ने क्षेत्र में हुई चोरी की घटनाओं में शामिल होने की बात कबूल की। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# सड़क हादसे में हुई चार साल के मासूम की मौत, कई अन्य घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** शनिवार की देर रात राष्ट्रीय राजमार्ग पर खड़ी डग्गामार बस बड़े हादसे का कारण बन गई। बदरखा गांव के पास खड़ी बस में पीछे से कार के टकराने से चार माह के मासूम अदिवन की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि उसकी मां मिनी सचदेव और बहन दिसानी गंभीर रूप से घायल हो गईं। हाईवे पर मौजूद लोगों ने कई बार एंबुलेंस को फोन किया, लेकिन करीब आधे घंटे तक कोई सहायता नहीं पहुंची। इसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अपनी गाड़ी से अस्पताल पहुंचाया। जानकारी के मुताबिक, मिनी सचदेव पत्नी अनिल सचदेव निवासी द्वारका, दिल्ली अपनी बहन भावना निवासी संभल के यहां से बेटी दिसानी और चार माह के बेटे अदिवन के साथ किराए की कार से दिल्ली जा रही थीं। जब कार गढ़ क्षेत्र स्थित बदरखा गांव के पास दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग पर पहुंची, तभी हाईवे पर देर रात से खराब खड़ी डग्गामार बस को कार चालक जयप्रकाश देख नहीं पाया।

बिना किसी चेतावनी चिन्ह के खड़ी बस में कार की जोरदार लग गई, हादसे में मिनी सचदेव, उनकी बेटी और मासूम अदिवन गंभीर रूप से घायल हो गए। टक्कर इतनी तेज थी कि कार के अगले हिस्से के परखच्चे उड़ गए। राहगीरों ने तुरंत एंबुलेंस और हाईवे पुलिस को सूचना दी, लेकिन एंबुलेंस काफी देर तक नहीं पहुंची। घायलों की गंभीर हालत देखते हुए पुलिस टीम मौके पर पहुंची और अपनी गाड़ी से घायलों को पास के निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां चिकित्सकों ने चार माह के अदिवन को मृत घोषित कर दिया।

इसके बाद पुलिस ने बच्चे और घायलों को सरकारी अस्पताल पहुंचाया। स्थानीय लोगों का कहना है कि खराब बस कई घंटों से हाईवे पर बिना किसी रिफ्लेक्टर, टेप या सुरक्षा व्यवस्था के खड़ी थी। हाईवे पर लगे कैमरों और गश्त टीमों के बावजूद बस को हटवाने की कोई कार्रवाई नहीं की गई। लोगों ने आरोप लगाया कि हाईवे कर्मियों और जिम्मेदार अधिकारियों की लापरवाही के कारण यह बड़ा हादसा हुआ और एक मासूम की जान चली गई।

## फाइनेंस कंपनी का अधिकारी बनकर ठगे 40 हजार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** क्षेत्र के गांव हैदरपुर निवासी विनित ने बताया कि उनके फोन पर एक व्यक्ति का फोन आया। उसने स्वयं को फाइनेंस कंपनी का अधिक. ारी बताते हुए आधार कार्ड और पेन कार्ड देने की बात कहीं। पीड़ित उनकी बातों में आ गया और अपने भतीजे से आधार कार्ड और पेनकार्ड उसके नंबर पर डाल दिए। उसके बाद आरोपी ने उसके भतीजे को बातों में लगाकर खाते में 40 हजार रुपये भी डलवा लिए। पीड़ित ने ठगी होने का अहसास होने पर कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने तहरीर पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# अवैध तमंचे के साथ एक बदमाश गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** ऑपरेशन शस्त्र अभियान के अंतर्गत हापुड़ नगर पुलिस को उल्लेखनीय सफलता हाथ लगी है। थाना हापुड़ नगर पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक ऐसे युवक को दबोच लिया, जो किसी आपराधिक वारदात को अंजाम देने की फिराक में घूम रहा था। पुलिस ने उसके कब्जे से एक अवैध तमंचा और जिंदा कारतूस भी बरामद किया है।

थाना प्रभारी देवेंद्र बिष्ट ने बताया कि पुलिस टीम मीनाक्षी रोड पर नियमित चेकिंग अभियान चला रही थी। इसी दौरान पुलिस की नजर एक संदिग्ध युवक पर पड़ी। शक के आधार पर पुलिस ने उसे रोककर पूछताछ की और तलाशी ली, जिसमें युवक के पास से अवैध देशी तमंचा और एक जिंदा कारतूस मिला। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई



करते हुए युवक को हिरासत में लेकर थाने पहुंचाया। पूछताछ में उसकी पहचान वसीम पुत्र शरीफ मंसूरी निवासी अमृत विहार कॉलोनी, थाना हापुड़ नगर के रूप में हुई। थाना प्रभारी के अनुसार युवक किसी गंभीर आपराधिक घटना को अंजाम देने की तैयारी में था, लेकिन इसके पहले ही पुलिस ने उसके मंसूबों पर पानी फेरते हुए उसे मौके से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। प्रशासन द्वारा संचालित ऑपरेशन शस्त्र अभियान के तहत यह गिरफ्तारी पुलिस की बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है।

# सड़क हादसे में हुई महिला की मौत, दो घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** क्षेत्र के गांव सरुरपुर में कार ने बाइक सवार परिवार को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार महिला की मौत हो गई, जबकि उनका बेटा और पौती घायल हो गई। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराते हुए पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

थाना देहात क्षेत्र के गांव सुल्तानपुर निवासी चांद मौहम्मद ने बताया कि उनका भाई चाहत मां शमीम, उनकी बेटी हानिया फुलडी से अपनी बहन से मिलकर वापस सुल्तानपुर जा रहे थे। जैसे ही क्षेत्र के गांव सरूरपुर से पहले बिस्मिल्लाह ढाबा के पास पहुंचे तभी उनकी मोटर साइकिल को पीछे से तेज गति से आ रही अनियत्रित कार ने जोर दार टक्कर मार दी। घटना में उक्त सभी लोग घायल हो गए। घायलों को सीएचसी गढ में भर्ती कराया गया। जहां उनकी मां को चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। शेष घायलों को हापुड़ अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

## दहेज में कार की मांग पूरी न होने पर तोड़ा रिश्ता, रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** क्षेत्र के गांव निवासी व्यक्ति ने बेटी के ससुराल पक्ष पर दहेज में कार और 11 लाख रुपये की मांग पूरी न होने पर रिश्ता तोड़ने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की। पुलिस ने छह लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। गांव निवासी व्यक्ति ने बताया कि उसने अपनी बेटी का रिश्ता मेरठ के एक गांव निवासी युवक से तय किया था। रिश्ता तय करने में उनके करीब साढ़े तीन लाख रुपये से अधिक का खर्चा हो गया। शादी की तारीख 15 फरवरी 2026 तय की गई। इसको लेकर मैरिज होम, हलवाई आदि को बुक कर दिया गया। पीड़ित ने बताया कि शादी की तिथि निकट आने पर बेटी के ससुराल पक्ष के लोगों ने दहेज में कार और 11 लाख रुपये नकद देने की मांग की। पीड़ित ने उनको मांग पूरी न होने की बात कहीं तो आरोपियों ने शादी करने से इंकार कर दिया। वहीं पुलिस में शिकायत करने पर अंजाम भुगतने की धमकी दी। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर सजने लगा शहर

- सड़कों की मरम्मत, सफाई के साथ डिवाइडरों पर हो रहा पेंट



शाह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 11 दिसंबर को बरेली का दौरा कर सकते हैं। उनके संभावित आगमन से पहले शहर में तैयारियां तेज हो गई हैं। इस दौरान वे झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार के बेटे के विवाह समारोह में शामिल हो सकते हैं। साथ ही, बीडीए की रामवाटिका में भगवान श्रीराम की प्रतिमा और कुछ अन्य विकास परियोजनाओं का लोकार्पण भी कर सकते हैं।

मुख्यमंत्री के संभावित दौरे को देखते हुए नगर निगम ने शहर को चमकाने का अभियान शुरू कर दिया है। विकास भवन रोड और चौकी चौराहा रोड सहित विभिन्न मार्गों पर डिवाइडरों का रंग-रोगन किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त, कई स्थानों पर सड़कों की मरम्मत और साफ-सफाई का कार्य भी युद्धस्तर पर जारी है।

लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) ने भी पीलीभीत बाईपास रोड पर डिवाइडरों पर पेंटिंग और सड़कों के गड्ढे भरने की तैयारी पूरी कर ली है। इस समारोह में मुख्यमंत्री के साथ राज्यपाल आनंदी बेन पटेल और उत्तराखंड के मुख्यमंत्री के भी शामिल होने की संभावना है। नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य ने शनिवार को त्रिशूल एयरबेस के आसपास सफाई व्यवस्था और अन्य तैयारियों का जायजा लिया।

# बीडीए नई टाउनशिप में बनाएगा स्पोर्ट्स स्टेडियम

- पीलीभीत बाईपास पर 267 हेक्टेयर में विकसित होगी, अगले सप्ताह से अधिग्रहण



शाह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** बरेली विकास प्राधिकरण (बीडीए) पीलीभीत बाईपास रोड पर प्रस्तावित नई टाउनशिप के लिए अगले सप्ताह से भूमि अधिग्रहण शुरू करेगा। 267 हेक्टेयर में विकसित होने वाली इस परियोजना में आमजन की सुविधाओं के साथ-साथ युवाओं के लिए पीपीपी मोड पर एक स्पोर्ट्स स्टेडियम भी बनाया जाएगा। मुख्यमंत्री के हाथों इसके लोकार्पण की तैयारी है।

बीडीए अधिकारियों के अनुसार, यह परियोजना बड़ा बाईपास से सटे नौ गांवों में 267 हेक्टेयर भूमि पर विकसित की जाएगी और इसे 13 सेक्टरों में बांटा गया है। पहले चरण में चार सेक्टरों में विकास की योजना है, जिसके लिए 300 करोड़ रुपये सुरक्षित किए गए हैं। अगले सप्ताह से भूमि अधिग्रहण के साथ-साथ सेक्टर-वार विकास कार्य भी शुरू हो जाएंगे, जिसमें सड़क, सीवर-नाला, पार्क और विद्युत उपकेंद्र का निर्माण शामिल है। बीडीए उपाध्यक्ष डॉ. मनिकंडन ए ने बताया कि नई टाउनशिप में भूमिगत लाइनें, एम्यूजमेंट पार्क, कम्युनिटी सेंटर, होटल, अस्पताल, शैक्षिक संस्थान, साइबर सिटी और मल्टीप्लेक्स जैसी आधुनिक सुविधाएं स्थापित की जाएंगी। परियोजना का उद्देश्य युवाओं को खेल के क्षेत्र में अवसर प्रदान करना और आमजन को आधुनिक जीवनशैली उपलब्ध कराना है।

आधुनिक सुविधाओं से युक्त स्पोर्ट्स स्टेडियम का निर्माण और संचालन एक निजी एजेंसी को सौंपा जाएगा। इस स्टेडियम में मंडल और प्रदेश स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा सकेगा। परियोजना पूरी होने के बाद यह क्षेत्र शहर के प्रमुख आवासीय और खेल केंद्र के रूप में विकसित होगा, जिससे शहर के आर्थिक और सामाजिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान मिलेगा।

टाउनशिप के लिए बड़ा बाईपास से सटे ग्राम अडुपूरा जागीर, आसपुर खूबचंद, अहिलादपुर, कुम्हरा, कलापुर, बरकापुर, मोहर. नियां, हरहरपुर और नवदिया कुर्मियान की कुल 267.19 हेक्टेयर भूमि चिह्नित की गई है। इसमें 2276 भू-स्वामियों-कृषकों से भूमि खरीदी जाएगी। योजना में 255.52 हेक्टेयर निजी भूमि और 11.66 हेक्टेयर ग्राम समाज-शासकीय भूमि शामिल है।

# भाजपा नेता-ईओ विवाद ने पकड़ा तूल

- सोशल मीडिया पर छिड़ी जंग
- राज्यमंत्री अरूण कुमार सक्सेना से मिले व्यापारी



शाह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** फतेहगंज पश्चिमी कस्बे में अतिक्रमण हटाने के दौरान भाजपा नेता आशीष अग्रवाल और ईओ पुष्पेंद्र राठौर के बीच विवाद गहरा गया है। आशीष अग्रवाल पर रिपोर्ट दर्ज होने के बाद यह मामला अब राजनीतिक रंग ले चुका है, जिसमें सोशल मीडिया पर जातिगत टिप्पणियां और आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी है।

इस विवाद में भाजपा से जुड़े नेता ही सोशल मीडिया पर एक-दूसरे पर जातिगत टिप्पणी कर रहे हैं। मीरगंज विधायक डॉ. डीसी वर्मा के करीबी क्रय विक्रय गन्ना समिति के निदेशक बबलू गंगवार ने ईओ को अपनी कुर्मी बिरादरी से जुड़ा बताते हुए आरोप लगाया है कि आशीष अग्रवाल ने गाली-गलौज कर पूरी बिरादरी का अपमान किया है। दूसरी ओर, आशीष अग्रवाल पर दर्ज रिपोर्ट को खारिज कराने और ईओ के खिलाफ मामला दर्ज कराने की मांग को लेकर जिला कमेटी के व्यापार मंडल नेता रविवार को व्यापारियों के साथ वन राज्यमंत्री अरुण कुमार सक्सेना से मिले। उन्होंने मंत्री से मामले में हस्तक्षेप करने की अपील की है। यह विवाद लगभग 15 दिन पहले अतिक्रमण हटाने के दौरान शुरू हुआ था। ईओ पुष्पेंद्र राठौर ने भाजपा से नगर पंचायत अध्यक्ष की पूर्व प्रत्याशी प्रीति अग्रवाल के पति आशीष अग्रवाल के खिलाफ गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई है। आशीष अग्रवाल ने इस कार्रवाई को राजनीति से प्रेरित बताते हुए मीरगंज विधायक डीसी वर्मा पर आरोप लगाए हैं और पार्टी के वरिष्ठ नेताओं को शिकायत भेजी है।

दरअसल, 21 नवंबर को नगर पंचायत की टीम मुख्य बाजार में राहुल गुप्ता की दुकान पर अतिक्रमण हटाने गई थी। इसी दौरान ईओ पुष्पेंद्र राठौर और व्यापारी राहुल के समर्थन में पहुंचे भाजपा नेता आशीष अग्रवाल के बीच तीखी बहस हुई थी। ईओ ने उसी शाम आशीष अग्रवाल और दो अज्ञात लोगों के खिलाफ सरकारी कार्य में बाधा डालने, गाली-गलौज करने और दस्तावेज फाड़ने का आरोप लगाते हुए फतेहगंज पश्चिमी थाने में तहरीर दी थी। इसके जवाब में, व्यापारी राहुल गुप्ता और आशीष अग्रवाल ने भी ईओ पर अतिक्रमण अभियान रोकने के एवज में दो लाख रुपये मांगने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी थी।

इस पर पुलिस जांच कर रही थी। शुक्रवार को पुलिस ने आशीष अग्रवाल व दो अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली। थाना प्रभारी अभिषेक सिंह ने बताया कि आशीष अग्रवाल के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। आशीष की ओर से दी गई तहरीर पर जांच आख्या एडीएम प्रशासन को भेजी गई है। उच्चाधिकारियों के निर्देश पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# गृह सम्पर्क अभियान के अंतर्गत स्वयंसेवकों ने बांटे पत्रक



शाह टाइम्स संवाददाता

**सेंथल।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने पर स्वयंसेवकों ने सेंथल नगर पंचायत के मो0 ठाकुरद्वारा, मो0 चौधरी, जामा मस्जिद, मो0 पुलिस चौकी सहित नगर के सभी परिवारों में भारत माता का चित्र व संघ साहित्य व निशुल्क वितरण किया। गृह सम्पर्क अभियान के अंतर्गत घर-घर जाकर दरवाजा खटखटाकर पंच परिवर्तन सामा. जिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण, कुटुंब प्रबोधन, नागरिक कर्तव्य बोध व स्व आधारित जीवन के महत्व के बारे में विस्तार से बताया गया। संघ आज विश्व का सबसे बड़ा संघठन बन चुका है। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की स्थापना 1925 में डॉ. केशव राव बलिराम हेडगेवार ने की थी। 2025 में संघ अपना शताब्दी वर्ष मना रहा है।

इसलिए समाज में भी स्वभाविक रूप से ही संघ को जानने की उत्सुकता समाज में बड़ी है, संघ को जानना है, तो संघ के संस्थापक डॉ. केशव राव बलिराम हेडगेवार को जानना आवश्यक है, वें जन्मजात देशभक्त थे इसीलिए दो बार 1921 व 1930 में कारावास में भी रहना पड़ा।

संघ की स्थापना ऐसे समय में हुई थी जब हमारा देश स्वाधीनता के लिए संघर्षरत था, तब डॉ. हेडगेवार का मत था कि राष्ट्र की स्वतन्त्रता उसके पश्चात परम् वैभव की प्राप्ति तथा समाज की विविध समस्याओं का समाधान हिन्दू समाज के संघठित होने से ही होगा। आज सम्पूर्ण भारत के कुल 924 जिलों में से 850 से अधिक जिलों में संघ कार्य चल रहा है।

गृह जनसम्पर्क अभियान में श्याम स्वरूप गुप्ता, जिला सहकार्यवाह ज्ञान जी, विश्व हिन्दू परिषद जिला मंत्री अविनाश मिश्रा, मंडल महामंत्री उमाकांत जोशी, राहुल गुप्ता, डॉ. सौरभ गुप्ता, नगर अध्यक्ष भाजपा आशीष देवल, पूर्व जिला सहसंयोजक सोशल मीडिया व पूर्व मंडल मंत्री अनुपम पंडित, घनश्याम दास, राकेश चन्द्र गुप्ता, अनुभव शर्मा, सत्यपाल यादव, संदीप सागर, ज्ञान सिंह यादव, राजेन्द्र यादव, डॉ. लेखराज मौर्य, सेवाराम मौर्य, चंद्रपाल मौर्य, मुनीश मौर्य, हिमांशु अग्रवाल, अनुज कश्यप, विनय चौधरी आदि स्वयंसेवक रहे।

## एक नजर

# नशे की हालत में युवक ने अपने घर में लगाई आग

शाह टाइम्स संवाददाता

**नवाबगंज।** एक युवक ने नशे की हालत में अपने ही घर में आग लगा दी। आग की लपटें देख दौड़े आस पड़ोस के लोगों ने आग पर काबू पाने का प्रयास किया। लेकिन वह आग पर काबू नहीं पा सके। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की गाड़ी ने आग पर काबू पाया।

नवाबगंज थाना क्षेत्र के गंगापुर उर्फ खामपुर का मुकेश शराब का आदी है। रविवार को वह शराब के नशे में धुत था। इसी बीच उसका परिजनों से विवाद हो गया। जिससे गुस्साए मुकेश ने अपने ही घर में आग लगा दी। घर से आग की लपटें निकलते देख आस पड़ोस के लोगों ने आग पर काबू पाने का प्रयास किया। लेकिन वह आग पर काबू नहीं पा सके। जिसकी सूचना ग्रामीणों ने फायर ब्रिगेड को दी। फायर ब्रिगेड की गाड़ी ने मौके पर पहुंच कर आग पर काबू पाया, लेकिन जब तक घर में रखा हजारों रुपये का सामान जलकर राख हो गया।

# ठेकेदार ने काट डाले हरे भरे फलदार पेड़ वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची

शाह टाइम्स संवाददाता

**नवाबगंज।** ठेकेदार खेत में खड़े छह हरे भरे फलदार और तीन सूखे पेड़ों को काटकर ले गये। मामले की जानकारी मिलते ही वन विभाग ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की है।



नगर के मोहल्ला नौबतगंज के प्रिन्स कपूर अपने परिवार के साथ रहते हैं। प्रिन्स कपूर और उनके भाई राजीव कपूर के बिजौरिया रेलवे स्टेशन के पास खेत में आम का बाग खड़ा है। प्रिन्स कपूर के हिस्से में खड़े सात हरे और तीन सूखे पेड़ों को रविवार को काट दिया गया। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंचे वन रक्षक वेद प्रकाश ने मौके का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि प्रिन्स कपूर ने वन विभाग से पेड़ कटाने की अनुमति ली है, विभाग से अनुमति मिलने के बाद ही पेड़ों को काटा गया है। इस मामले में खेत स्वामी प्रिन्स कपूर ने बताया कि उनके खेत में 9 पेड़ खड़े हैं जिसमें छह आम के हरे भरे और तीन सूखे पेड़ खडेघ्हैं। वन विभाग से अनुम. ति लेकर पेड़ों को कटाया गया है। वन विभाग ने जो अनुमति दी है उसमें 9 पेड़ों को छत्र सूखता हुआ, पुराने रोगगस्त बाधक की दी गई है। मालूम हो यह पेड़ों का कटान किसान यूनियन भानू गुट के एक पदाधिकारी द्वारा कराया गया है। खास बात यह है कि जिस जिले के वन मंत्री हैं, उनके ग्रह जनपद में हरे भरे पेड़ों का कटान विभाग धड़ल्ले से करा रहा है।

# अज्ञात महिला का मिला शव पुलिस ने भिजवाया मोर्चरी

शाह टाइम्स संवाददाता

**फतेहगंज पश्चिमी।** रविवार को ग्रामीणों द्वारा पुलिस को सूचना दी गई कि ग्राम माधोपुर माफी रबर फैक्ट्री के खाली पड़े स्थान जहां जंगल इत्यादि है वहां पर महिला मृत अवस्था में पड़ी है। सूचना पर थाना प्रभारी निरीक्षक अभिषेक कुमार मय फोर्स के तथा मौके पर फील्ड यूनिट बुलाकर गहनता से छानबीन की गई तो प्रथम दृष्टिया महिला मांगने खाने वाली मानसिक रूप से विक्षिप्त लग रही है। पास में ही किसी का दिया हुआ खाने का डिब्बा और पानी की पुरानी बोतल भी पड़ी थी। महिला की उम्र लगभग 35 वर्ष है मुंह के पास सियार इत्यादि ने खाया है और कोई जसहीर चोट शरीर पर मौजूद नहीं है शव दो-तीन दिन पुरानी लग रही है। महिला कांस्टेबल की मौजूदगी में पंचायत नामा की कार्यवाही कर डेड बॉडी को मर्चरी भिजवाया गया है।

# बरेली में 125 गो-आश्रय स्थलों में 23,803 गोवंश सुरक्षित

शाह टाइम्स ब्यूरो
( मो० इरफान मुनीम )



**सर्दी से बचाने को तिरपाल, चारा-पानी व चिकित्सा पर विशेष ध्यान**

**बरेली।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर बरेली प्रशासन ने सड़कों और खेतों से बेसहारा गोवंश को हटाने के लिए एक बड़ा अभियान चलाया है। जिले में संचालित 125 स्थायी और अस्थायी गो-आश्रय स्थलों, वृहद गो संरक्षण केंद्रों, नगर निगम व नगर पंचायत क्षेत्रों के कान्हा उपवन और निजी गौशालाओं में अब तक 23,803 निराश्रित गोवंश को सुरक्षित किया गया है।

मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. मनमोहन पांडे ने बताया कि निराश्रित गोवंश की व्यवस्थित देखभाल, चारा-पानी और चिकित्सा सुविधा सुनिश्चित करने के लिए प्रत्येक आश्रय स्थल की नियमित निगरानी की जा रही है। गोवंश को सर्दी और शीतलहर से बचाने के लिए गौशालाओं में तिरपाल लगाए जा रहे हैं, साथ ही उनके लिए चारे, पानी और स्वास्थ्य देखभाल की समुचित व्यवस्था की गई है। डॉ. पांडे ने यह भी बताया कि कई गौशालाओं में क्षमता से अधिक गोवंश का संरक्षण किया गया है, जिससे आश्रय स्थलों पर अतिरिक्त दबाव बना हुआ है। इस समस्या के समाधान के लिए मुख्यमंत्री निराश्रित गोवंश सहभागिता योजना के तहत गोवंशीय पशुओं की सुपुर्दगी का अभियान शुरू किया गया है। इस योजना के माध्यम से ऐसे व्यक्तियों, गो-सेवियों और किसानों को आगे लाया जा रहा है, जो निराश्रित गोवंश की देखभाल के इच्छुक हैं। सुपुर्दगी के बाद पशुओं की देखभाल की जिम्मेदारी लाभार्थी के साथ प्रशासन की निगरानी में रहेगी, ताकि किसी भी स्तर पर लापरवाही न हो। निराश्रित गोवंश को सड़कों और आबादी वाले क्षेत्रों से हटाने के लिए एक विशेष अभियान भी चलाया गया। डॉ. पांडे ने बताया कि 25 मई 2025 से 2 दिसंबर 2025 तक चले इस अभियान के दौरान कुल 719 निराश्रित गोवंश को विभिन्न संचालित गो-आश्रय स्थलों में सुरक्षित स्थानांतरित किया गया। उन्होंने कहा कि सड़कों, खेतों और रिहायशी क्षेत्रों में घूम रहे गोवंश को पकड़ने की कार्रवाई प्रतिदिन जारी है, जिससे किसानों को राहत मिल रही है और सड़क हादसों की संभावनाएं भी कम हुई हैं।

जिले की अधिकांश गौशालाएं वर्तमान में अपनी स्वीकृत क्षमता से अधिक पशुओं का संरक्षण कर रही हैं। इस समस्या के स्थायी समाधान के लिए पांच वृहद गो संरक्षण केंद्रों का निर्माण कार्य प्रगति पर है। इन केंद्रों के तैयार होने के बाद लगभग 1800 अतिरिक्त गौवंशीय पशुओं को सुरक्षित आश्रय मिल सकेगा। इससे मौजूदा गौशालाओं पर बोझ कम होगा और ग्रामीण क्षेत्रों में निराश्रित पशुओं की समस्या पर भी काफी हद तक नियंत्रण पाया जा सकेगा। निराश्रित गौवंश के संरक्षण का कार्य केवल पशुपालन विभाग तक सीमित नहीं है, बल्कि यह एक बहु-विभागीय समन्वय के साथ संचालित किया जा रहा है। डीएम अविनाश सिंह के निर्देश पर विकास विभाग, नगर विकास, पंचायतीराज विभाग, राजस्व विभाग और पशुपालन विभाग द्वारा प्रत्येक विकासखंड और नगरीय निकाय स्तर पर गौवंश संरक्षक टीमें गठित की गई हैं।

इन टीमों में खंड विकास अधिकारी, पशु चिकित्सा अधिकारी, पंचायत सचिव, ग्राम प्रधान और पशुधन प्रसार अधिकारी जैसे प्रमुख अधिकारी शामिल हैं। इन टीमों को अपने-अपने क्षेत्रों में घूम रहे निराश्रित गौवंशों की पहचान करने, उन्हें चिन्हित कर सुरक्षित रूप से गौशालाओं तक पहुंचाने और जन सहभागिता के माध्यम से संरक्षण कार्य को प्रभावी बनाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

# पश्चिमी बंगाल में उवैसी नाकाम हुमायूं कायम मकामः कादरी

शाह टाइम्स संवाददाता

**शीशगढ़।** पश्चिमी बंगाल में उवैसी नाकाम हुए तो हुमायूं कायम मकाम केवल राजनीतिक लाभ के लिए बनाई जा रही मस्जिद मुसलमानों को कुबूल नहीं है।

सुन्नी उलेमा कौंसिल के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना इंतजार अहमद कादरी ने अपने बयान में यह बात कही। उन्होंने आरोप लगाया कि केवल अपने राजनीतिक लाभ के लिए हुमायूं कबीर मुसलमानों को गुमराह कर रहे हैं। उन्होंने ऐसी हरकत से बाज आने की सलाह दी। कहा कि मुसलमान अमन पसंद कौम है, लेकिन शैक्षिक रूप से पिछड़ी जरूर है उसी का लाभ उठाकर हुमायूं कबीर ऐसी हरकत कर रहे हैं। मौलाना इंतजार कादरी ने कहा कि पश्चिमी बंगाल के मुर्शिदाबाद में मुसलमान भले ही बहुसंख्यक हो, लेकिन देश में मुसलमान अल्पसंख्यक है। मुसलमानों को इबादत के लिए बहुत सी इबादतगाह पहले से ही बनी हुई है। मौलाना इंतजार कादरी ने कहा कि मुगलकाल में बाबरी मस्जिद उत्तर प्रदेश के अयोध्या में बनी थी जो 6 दिसंबर 1992को शहीद हो चुकी है। बाबर का शासन खत्म हुए कई सौ वर्ष बीत चुके हैं, अब बाबर के नाम पर मुर्शिदाबाद ने मस्जिद निर्माण का क्या



ओचित्य है। केवल राजनीतिक लाभ के लिए हुमायूं कबीर की यह सोची समझी साजिश है। उन्होंने मुसलमानों को हुमायूं कबीर के बहकावे में न आने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि हमारे देश में सांप्रदायिक सौहार्द को बिगड़ने वालों को जनता सबक सिखाएगी। मौलाना इंतजार अहमद कादरी ने कहा कि जब हम हिंदू फिरका परस्ती को गलत ठहराते है, तो मुस्लिम फिरका परस्तीपरस्ती भी किसी मायने से ठीक नहीं है। सभी जाति धर्म के लोगों को मिलजुलकर रहना एवं देश में सां. प्रदायिक सौहार्द को कायम रखना ही हमारे देश की खूबसूरती है इसको हम सब मिलकर बनाए रखें।

# आयुष्मान कार्ड धारक से वसूली रकम, निजी अस्पताल और सीएमओ को नोटिस जारी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** आयुष्मान कार्ड धारक से इलाज के नाम पर पैसे वसूलने का मामला सामने आया है। फरीदपुर के गांव तुमड़िया निवासी रामेश्वरी देवी ने एक निजी अस्पताल और मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) के खिलाफ स्थायी लोक अदालत में वाद दायर किया है। अदालत ने अस्पताल प्रबंधक और सीएमओ को नोटिस जारी कर 24 दिसंबर को पेश होकर जवाब देने का आदेश दिया है।



रामेश्वरी देवी ने अपनी अर्जी में बताया कि उन्हें 10 अक्टूबर को रात 11:25 बजे रामपुर गार्डन स्थित निजी अस्पताल में आयुष्मान कार्ड के आधार पर भर्ती कराया गया था। उन्हें आश्वासन दिया गया था कि पूरा इलाज आयुष्मान भारत योजना के तहत निःशुल्क होगा। हालांकि, भर्ती के बाद अस्पताल ने उनसे 5801 रुपये की दवाइयां अपने मेडिकल स्टोर से खरीदने के लिए मजबूर किया। इसके अतिरिक्त, अस्पताल स्टाफ ने पांच हजार रुपये की जांचें कराईं, लेकिन उनका कोई बिल नहीं दिया। बिल मांगने पर अस्पताल ने कहा कि आयुष्मान योजना में जांचों का भुगतान मरीज को स्वयं करना होता है। रामेश्वरी देवी ने अन्य दवाइयां भी खरीदीं। वादिनी के अनुसार, अस्पताल ने उनसे कुल 13,324 रुपये वसूले हैं। उन्होंने अदालत से वसूले गए इस रकम की वापसी और क्षतिपूर्ति के रूप में दो लाख रुपये दिलाने की मांग की है।

# हिस्ट्रीशीटर ने भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष को दी हत्या की धमकी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष पूरनलाल लोधी ने सीबीगंज थाना प्रभारी प्रदीप चतुर्वेदी को बताया कि वह भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष रह चुके हैं और प्रदेश के पिछड़ा मोर्चा में भी पद पर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि हिस्ट्रीशीटर और गैंगस्टर सुभाष लोधी ने उन्हें फोन पर हत्या की धमकी दी। सुभाष लोधी ने कार में बैठकर एक वीडियो बनाया और उसे वायरल किया, जिसमें वह सीधे तौर पर पूरनलाल लोधी को धमकी देते हुए कह रहा है कि धज्जियां उड़ा देंगे, चाहे जीवन में कुछ भी हो जाए लेकिन चूकेंगे नहीं। वीडियो में सुभाष ने यह भी कहा कि मैं गुंडा नहीं हूं, मुझे गुंडा बनाया गया है।

पूरनलाल के अनुसार, सुभाष लोधी पहले भी उनसे रंगदारी वसूल चुका है। अब वह दोबारा जमानत और मुकदमों की पैरवी के लिए उनसे रुपये की मांग कर रहा है। पूरनलाल ने बताया कि सुभाष ने धमकी दी है कि यदि उनके मुकदमों का खर्चा नहीं उठाया गया तो वह उनकी हत्या कर देगा। उन्होंने यह भी देखा कि सुभाष लोधी ने उनके तहेरे भाई की पत्नी और बच्चों को रास्ते में घेर रखा था, जिसके बाद उन्होंने तुरंत दरवाजा बंद कर लिया। पूरनलाल लोधी ने पुलिस को बताया कि वह अपनी जान बचाने के लिए सुभाष के परिवार को पहले भी बीस-बीस हजार रुपये दे चुके हैं। वह विवादों से दूर रहना चाहते हैं। उन्होंने सुभाष को गैंगस्टर और हिस्ट्रीशीटर बताया, जो स्मैक व चरस का नशा करने का आदी है। पुलिस ने मुकदमों की जांच शुरू कर दी है।

# एसआईआरः कम मैपिंग, अधिक एएसडी वाले बूथों की होगी जांच

- जिला निर्वाचन अधिकारी ने ईआरओ, एईआरओ को दिए निर्देश



शाह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह ने शनिवार शाम एसआईआर के संबंध में ईआरओ और एईआरओ के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की। इस बैठक में उन्होंने उन मतदेय स्थलों की गहनता से जांच करने के निर्देश दिए, जहां कम मैपिंग और अनुपस्थित, स्थानांतरित, मृत (एएसडी) मतदाताओं का प्रतिशत अधिक है।

कलेक्ट्रेट सभागार में हुई इस बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी ने सीईओ वेबसाइट पर उपलब्ध संबंधित विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र की वर्ष 2003 की मतदाता सूची के डेटा की जांच करने को कहा। उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि पीडीएफ डेटा सर्चेबल हो और इसका प्रमाण पत्र भी उपलब्ध कराया जाए। डीएम अविनाश सिंह ने बताया कि प्रत्येक एएसडी फॉर्म पर बीएलओ की रिपोर्ट आवश्यक है और सभी का मतदेय स्थल-वार उचित रखरखाव किया जाए। उन्होंने सभी बीएलओ और बीएलए की बैठकें 8, 12 और 13 दिसंबर को अनिवार्य रूप से आयोजित करने के निर्देश दिए, जिसकी सूचना पहले से दी जाए। बैठक से संबंधित एएसडी सूची, कार्यवृत्त, फोटोग्राफ्स और उपस्थिति मुख्य निर्वाचन अधिकारी द्वारा निर्धारित प्रारूप पर उपलब्ध कराने और उन्हें मतदेय स्थल-वार संरक्षित करने को कहा गया। एएसडी सूची ईआरओ लॉगिन या बीएलओ ऐप के माध्यम से तैयार की जाएगी। विशेष रूप से, विधानसभा क्षेत्र बरेली शहर और बरेली कैंट में एएसडी का सत्यापन कर साफ-सुथरे रजिस्टर में अंकन करने के निर्देश दिए गए।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी संतोष कुमार सिंह ने बताया कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी द्वारा बीएलओ ऐप पर डेमोग्राफिक्स सिमिलर एंट्रीज और फोटो सिमिलर एंट्रीज के टैब उपलब्ध कराए जाएंगे। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि नोटिस अवधि के दौरान एक अधिकारी (ईआरओ या एईआरओ) एक दिन में 50 से अधिक नोटिस नहीं सुनेगा। सभी ईआरओ को अपने विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के अनुसार आवश्यक एईआरओ की संख्या की गणना कर बताने को कहा गया। मतदाताओं से प्राप्त फॉर्म-6 की बीएलओ-वार और एईआरओ-वार सूची तैयार करने के निर्देश भी दिए गए। जिला निर्वाचन अधिकारी ने ईआरओ, एईआरओ, सुपरवाइजर और बीएलओ के अब तक के कार्य की सराहना करते हुए आगे भी यही हौसला बनाए रखने का आह्वान किया।

बैठक में अपर जिलाधिकारी नगर सौरभ दुबे और अपर जिलाधिकारी न्यायिक देश दीपक सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# रजनी केयर फाउंडेशन के तीन वर्ष पूरे, स्वयंसेवकों का सम्मान



शाह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** रजनी केयर फाउंडेशन ने रविवार को अपना तीसरा स्थापना दिवस मनाया। इस अवसर पर एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें संस्था के स्वयंसेवकों और विभिन्न टीमों को उनके तीन वर्षों के सतत सेवा कार्यों के लिए सम्मानित किया गया।

संस्था रक्तदान, चिकित्सा सहायता, वृद्धजन सेवा, शिक्षा, योग-ध्यान और दिव्यांग सहयोग जैसे क्षेत्रों में सक्रिय है। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि पूर्व महापौर संयुक्ता भाटिया ने फाउंडेशन की कार्यशैली की सराहना करते हुए कहा कि रजनी केयर फाउंडेशन केवल सेवा नहीं, बल्कि संवेदनशील समाज के निर्माण का अभियान है। समारोह में धनन्जय गुप्ता (पूर्व सदस्य, यूपी बोर्ड), मुख्य ट्रस्टी गीता मिश्रा, ट्रस्टी प्रिया बजाज और प्रवीन मिश्रा सहित कोलकाता, बरेली, हरिद्वार, लखनऊ तथा डिजिटल यूनिटों के सदस्य उपस्थित रहे। संस्था के संस्थापक और आध्यात्मिक मार्गदर्शक देवेंद्र मोहन भैया जी ने अपने संबोधन में कहा कि रजनी केयर फाउंडेशन समाज के लिए उम्मीद का धागा है। उन्होंने धन के बजाय समय की साझेदारी पर जोर दिया, जिससे बड़े सामाजिक परिवर्तन की संभावना है। इस अवसर पर मोटिवेशनल स्पीकर मैत्रैय (याहू बाबा), वित्त मंत्रालय की डिप्टी सेकेट्री पूजा रमन, डॉ. कामिनी और डॉ. देवेंद्र सहित कई विशिष्ट व्यक्तित्वों ने अपने प्रेरक अनुभव साझा किए। कार्यक्रम में देश के विभिन्न राज्यों से 300 से अधिक स्वयंसेवकों ने भाग लिया और सेवा भावना को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

# नलकूप पर तार लगाने के विवाद में संविदा लाइनमैन को गोली मारी

**हालत गंभीर, हाथ व कूल्हे में लगी गोली, डाक्टरों ने मेडिकल किया रेफर**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** थाना क्षेत्र के गांव छुर में नलकूप पर अवैध रूप से बिजली का तार लगाने को लेकर हुए विवाद ने रविवार दोपहर छुर गांव में गंभीर रूप ले लिया। विवाद के दौरान संविदा लाइनमैन पर की गई फायरिंग से पूरा गांव दहशत में आ गया। गोली लगने से घायल लाइनमैन को गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है, जबकि आरोपी घटना के बाद से फरार है।

अलीपुर गांव का राकेश पुत्र जयपाल, जो पिछले पांच वर्षों से छुर बिजलीघर में संविदा लाइनमैन के रूप में कार्यरत है, नलकूप के पास नियमित कार्य कर रहा था। तभी गांव के किसान प्रदीप की ओर से नलकूप पर नियम विरुद्ध बिजली का तार जोड़ने का दबाव बना रहा था, लेकिन लाइनमैन द्वारा तार जोड़ने से मना कर दिया गया था। रविवार दोपहर प्रदीप के बेटे ने गांव के बीच में ही राकेश के उपर फायरिंग कर दी, जिसमें एक गोली हाथ व कूल्हे पर जा लगी। गोली की आवाज सुनकर दौड़े ग्रामीणों को देखकर आरोपी मौके से भाग खड़ा हुआ। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को उपचार के लिए सरधना सीएचसी में भर्ती कराया, जहां से प्राथमिक इलाज के बाद जिला अस्पताल में रेफर कर दिया गया। घटना की जानकारी मिलते ही सीओ सरधना आशुतोष कुमार व थाना प्रभारी दिनेश प्रताप सिंह के घटना स्थल का मौका मुआयना किया। सीओ आशुतोष कुमार का कहना था कि आरोपी को पकड़ने के लिए पुलिस टीम लगा दी गई है, जल्द ही आरोपी को पकड़ लिया जायेगा।

# कासमपुर में बूथ दिवस पर मतदाताओं को किया जागरूक

**क्षेत्रीय लोगों के भरवाए गए एसआईआर फॉर्म**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीपुरम।** कंकरखेड़ा क्षेत्र के ग्राम कासमपुर में बूथ संख्या 140, 141, 142, 143, 144, 145 पर बीएलओ अनुज पवार, भोज वीर सिंह, अंकुर सैनी, देवेंद्र सिंह, संजीव, गीता एवं लेखपाल अभय तालियान ने कासमपुर क्षेत्र में घर-घर जाकर व अपने मतदान स्थल पर भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी गणना प्रपत्र बांटे और साथ ही सभी के फॉर्म भरवा कर जमा कराये। आपको बता दें कि कासमपुर के 6 बूथो पर लगभग 5891 मतदाता निवास करते हैं। इस दौरान भाजपा महानगर अध्यक्ष विवेक रस्तोगी के दिशा-निर्देश बूथ अध्यक्ष संजीव मंगवाना, शक्ति सोनकर, सुरेश लोधी, अजय मंगवाना, भूषण करोतया, वार्ड अध्यक्ष महेश लोधी, दीपक चौधरी आदि ने बीएलओ का सहयोग किया।

# रालोद का सारथी इंटर्नशिप प्रोग्राम राजनीति समझने का सुनहरा अवसर

**21 से 30 वर्ष आयु वर्ग के युवा इस कार्यक्रम में कर सकते हैं आवेदन**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** राष्ट्रीय लोकदल ने युवाओं को राजनीति, जनसंपर्क, संगठनात्मक कार्यप्रणाली और नीति निर्माण की गहरी समझ देने के उद्देश्य से 'सारथी इंटर्नशिप प्रोग्राम 2.0' का शुभारंभ किया है। यह कार्यक्रम युवाओं में नेतृत्व क्षमता विकसित करने और उन्हें प्रत्यक्ष राजनीतिक अनुभव उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है।

21 से 30 वर्ष आयु वर्ग के युवा इस कार्यक्रम में आवेदन कर सकते हैं। चयनित अभ्यर्थियों को एक माह की इंटर्नशिप अवधि के दौरान 10 हजार रुपये का स्टाइपेंड मिलेगा। आवेदन की अंतिम तिथि 31 दिसंबर निर्धारित की गई है। इच्छुक युवा रालोद की आधिकारिक वेबसाइट पर 'सारथी 2.0' लिंक के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। रालोद के वरिष्ठ नेता चौधरी सत्येन्द्र सिंह तोमर ने बताया कि सारथी इंटर्नशिप प्रोग्राम युवाओं को राजनीति, संगठन और सामाजिक नेतृत्व के वास्तविक स्वरूप से जोड़ने वाला एक अत्यंत उपयोगी मंच है।

रालोद का उद्देश्य है कि प्रतिभाशाली युवाओं को अवसर देकर उन्हें क्षेत्रीय और राष्ट्रीय राजनीति में प्रभावी भूमिका निभाने के लिए तैयार किया जाए। उन्होंने बताया कि इंटर्नशिप के दौरान युवाओं को नीति अध्ययन और विश्लेषण, राजनीतिक संचार, चुनावी प्रबंधन, जनसंपर्क मॉडल, डिजिटल अभियान, संगठनात्मक गतिविधियों में प्रत्यक्ष भागीदारी जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में प्रशिक्षण दिया जाएगा। इंटर्न को पार्टी के सांसदों, विधायकों और वरिष्ठ पदाधिकारियों के साथ काम करने का अवसर भी प्राप्त होगा। रालोद की ओर से बताया गया कि इस वर्ष इंटर्नशिप सीटें सीमित रखते हुए केवल 10 युवा प्रतिभाओं का चयन किया जाएगा। चयन प्रक्रिया योग्यता, शोध क्षमता, नेतृत्व कौशल और टीम वर्क की योग्यता पर आधारित होगी। कार्यक्रम के पिछले संस्करण में लगभग 800 से अधिक युवाओं ने आवेदन किया था, जिनमें से चयनित प्रतिभाओं ने रालोद के विभिन्न विभागों में कार्य कर मूल्यवान अनुभव प्राप्त किया। इस बार 'सारथी इंटर्नशिप प्रोग्राम 2.0' को और अधिक विस्तृत, संरचित और प्रभावी रूप में लागू किया जा रहा है। इंटर्नशिप का अगला चरण फरवरी 2026 से प्रारंभ होगा।

# ओपन मेरठ कराटे चैंपियनशिप में इंग्राहम व सेंट जॉन्स गर्ल्स विजेता




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** साकेत स्थित इंग्राहम स्पोर्ट्स अकैडमी में YMCA संस्था द्वारा ओपन मेरठ कराटे चैंपियनशिप आयोजित की गई।

मुख्य अतिथि सेंट जेम्स स्कूल के प्रधानाचार्य डॉ. नवीन सिंह, दिनेश स्टेनली पोल, आकाश मसीह और पियूष परमानंद ने प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। सात स्कूलों के खिलाड़ियों ने भाग लिया, जिसमें बालक वर्ग में इंग्राहम स्कूल ने प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि बालिका वर्ग में सेंट जॉन्स गर्ल्स स्कूल विजेता रहा। सेंट जेम्स, सेंट थॉमस, सेंट माइकल, स्टार पब्लिक और काइट इंटरनेशनल के खिलाड़ियों ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस दौरान वसीम अहमद, अलीम शाह, मजहर खान, रवीन्द्र शर्मा ने विजेताओं को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया।

# एक जनवरी से व्यापक आंदोलन करेंगे विद्युत कर्मचारी

**आठ जनवरी को बिजली आपूर्ति के अलावा नहीं करेंगे काम, 22 को लखनऊ में होगी रैली**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति उप्र ने पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम एवं दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण के निर्णय के विरोध में एवं आंदोलन के फलस्वरुप की गयी उत्पीड़नात्मक कार्यवाहियों को समाप्त कराने हेतु व्यापक आंदोलन का ऐलान किया है।

संघर्ष समिति ने यह भी निर्णय लिया है कि आन्दोलन के दौरान बिजली कर्मी उपभोक्ताओं और किसानों की समस्यायें प्राथमिकता पर अटेंड करेंगे और सरकार की बिजली बिल राहत योजना में पूर्ण सहयोग करेंगे। संघर्ष समिति की रविवार को लखनऊ में हुई बैठक में प्रदेश के समस्त जनपदों के संघर्ष समिति के संयोजक और सह संयोजक उपस्थित थे। इसके साथ ही संघर्ष समिति से जुड़े हुए सभी श्रम संघों और सेवा संगठनों के केंद्रीय पदाधिकारी भी बड़ी संख्या में बैठक में उपस्थित थे। संघर्ष समिति के केंद्रीय पदाधिकारियों ने बताया कि बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार बिजली कर्मी आगामी आठ जनवरी से 22 जनवरी तक कार्यालय समय के उपरांत बिजली आपूर्ति को छोड़कर अन्य कोई कार्य नहीं करेंगे। आगामी 22 जनवरी को लखनऊ में बिजली कर्मचारियों, संविदा कर्मियों और अभियंताओं की प्रदेशव्यापी विशाल रैली होगी, जिसमें आंदोलन के अगले कार्यक्रम घोषित किए जाएगें। इसके पूर्व आंदोलन के 400 दिन पूरे होने पर एक जनवरी को बिजली कर्मी समस्त जनपदों और परियोजनाओं पर पूरे दिन काली पट्टी बांधेंगे और कार्यालय समय के उपरांत विरोध प्रदर्शन करेंगें। संघर्ष समिति ने बताया कि निजीकरण और उत्पीड़नात्मक कार्यवाहियों के विरोध में बिजली कर्मी एक जनवरी से आठ जनवरी तक प्रतिदिन ड्यूटी के दौरान काली पट्टी बांधेंगे।

आठ जनवरी को सभी डिस्कॉम मुख्यालयों और परियोजनाओं पर बड़े विरोध प्रदर्शन किए जाएंगें। इसके अतिरिक्त निजीकरण के विरोध में समस्त जनपदों एंव परियोजनाओं पर चल रहे विरोध प्रदर्शन पूर्ववत जारी रहेंगे। संघर्ष समिति ने बिजली कर्मियों पर की गयी एवं की जा रही उत्पीड़नात्मक कार्यवाहियों के विरोध में भारी रोष व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि निजीकरण के विरोध के चलते पावर कारपोरेशन प्रबन्धन ने विगत एक वर्ष में मनमाने ढंग से अत्यंत अल्प वेतन भोगी हजारों संविदा कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया है। कई हजार बिजली कर्मचारियों का प्रशासनिक आधार पर दूरस्थ स्थानों पर ट्रांसफर किया गया है। जिसमें महिला कर्मी भी सम्मिलित हैं, फेसियल अटेंडेंस के नाम पर महीनों तक बिजली कर्मियों का वेतन रोक कर रखा गया है, कार्यालय समय के उपरांत वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से अलग हटने वाले 87 अधिशासी अभियंताओं को चार्ज शीट देकर उनकी पदोन्नति और अन्य देय रोक दिए गए हैं, बिजली कर्मियों को एक्ट के तहत मिल रही रियायती बिजली की सुविधा समाप्त करने हेतु उनके घरों पर जबरिया स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं, संघर्ष समिति के वरिष्ठ पदाधिकारियों पर डिस्प्रो पोर्सनेट एसेट के मामले में झूठी एफआईआर दर्ज की गई है।

# निशुल्क चिकित्सा शिविर में 50 से ज्यादा मरीजों को दिया परामर्श



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीपुरम।** पल्लवपुरम स्थित कुहाड फिजियोथैरेपी सेंटर पर रविवार को निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया।

केंद्र के निदेशक डॉ. लव चौधरी ने बताया कि शिविर के दौरान 50 से अधिक मरीजों का निशुल्क चिकित्सा परामर्श दिया गया। इस दौरान मांस पेशियों का दर्द, जोड़ो के दर्द, कमर दर्द, कोहनी का दर्द, लकवा, साइटीका के दर्द का फिजियोथेरेपी के माध्यम से इलाज किया गया। कैंप के दौरान डॉ. लवली तेवतिया, डॉ. आकांक्षा चौधरी, नरेंद्र चौधरी, हिमांशु चौधरी आदि मौजूद रहे। इस दौरान लोगों को खानपान के बारे में भी विस्तार से बताया गया।

# टैलेंट हंट कार्यक्रम के प्रथम चरण की हुई शुरुआत




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के मीडिया विभाग के दिशा-निर्देश व राहुल गांधी की दूरदृष्टि एवं सकारात्मक सोच के तहत रविवार को टैलेंट हंट कार्यक्रम के प्रथम चरण की सफल शुरुआत हुई। इस कार्यक्रम का उद्देश्य जिला, प्रदेश एवं राष्ट्रीय स्तर पर योग्य प्रवक्ताओं एवं मीडिया पैनलिस्ट का चयन करना है।

कार्यक्रम में पार्टी की ओर से प्रदेश स्तर से प्रतिनिधि पवन दीक्षित, कुलभूषण त्रिपाठी एवं दो समन्वयक संजीव शर्मा, नसीम खान एवं वरिष्ठ पत्रकार श्रीकांत अस्थाना और प्रमोद शर्मा के दो पैनलों ने सभी आवेदकों के साक्षात्कार लिए। यह आयोजन नेताजी सुभाष चंद्र बोस गर्ल्स इंटर कॉलेज, कृष्णानगर, डोरली, रुड़की रोड पर सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित किया गया। पश्चिम उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आए 127 आवेदकों ने साक्षात्कार में प्रतिभाग किया। कार्यक्रम की जिम्मेदारी पूर्व जिला अध्यक्ष अवनीश काजला एवं महानगर अध्यक्ष रंजन शर्मा ने संभाली। साक्षात्कार में आवेदकों का मूल्यांकन उनके संचार कौशल, राजनीतिक जागरुकता व पार्टी के प्रति समर्पण तथा विभिन्न मानकों के आधार पर किया गया। प्रत्येक आवेदक से पार्टी के किसी वरिष्ठ नेता का समर्थन पत्र भी लिया गया। साक्षात्कार के आधार पर चयनित अभ्यर्थियों की शॉर्टलिस्ट तैयार की जाएगी, जिनका द्वितीय चरण का साक्षात्कार लखनऊ में होगा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से देशपाल गुर्जर, धूम सिंह गुर्जर, जाहिद अंसारी, सलीम खान, सेवादल से रीना शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# भारतीय किसान यूनियन टिकैत का आज होने वाला धरना स्थगित

**टोल प्रशासन के गलती मानने पर बनीं सहमति**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** रविवार को काशी टोल प्रशासन द्वारा भाकियू मेरठ मंडल एवं पश्चिम प्रदेश प्रतिनिधिमंडल के बीच हुई वार्ता के बाद टोल प्रशासन ने अपने स्टाफ की गलती मानते हुए माफी मांगी और भविष्य में पुनरावृति न होने का आश्वासन दिया। इस पर प्रतिनिधिमंडल द्वारा मंडलीय शीर्ष नेतृत्व से विचार विमर्श कर आज होने वाले धरना प्रदर्शन को स्थगित करने का निर्णय लिया गया। इस दौरान सोमवार को होने वाले धरने की तैयारी कर रहे पदाधिकारियों व सदस्यों का धन्यवाद दिया गया। बतादें कि आज धरना होना तय था।

# गांधी समर्थन और विरोध को समर्पित दिखा पुतिन दौरा!



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन का स्वागत करने खुद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी प्रोटोकॉल को तोड़ते हुए पहुंचे। यह अच्छी पहल थी क्योंकि अमेरिका के दबाव में विश्वसनीय मित्र से दूरी बनती जा रही थी लेकिन इस यात्रा की उपलब्धियां तो मोदी सरकार के खाते में जाएंगी लेकिन कुछ बातों के लिए पुतिन यात्रा याद भी रहेगी जिनमें प्रमुख तो प्रधानमंत्री का प्रोटोकॉल तोड़कर उनका स्वागत करना ही है। इसके अलावा विपक्ष के नेता राहुल गांधी को न बुलाना भी चर्चा का कारण बना क्योंकि इस बार वह वास्तव में विपक्ष के नेता है, लोकतांत्रिक परम्पराओं का सम्मान होना ही चाहिए था। कांग्रेस से बुलाया भी गया तो शशि थरूर को जो आजकल कांग्रेस के विरोध की भाषा बोल रहे हैं। खैर सियासत करना सियासतदारों का काम है और उसमें लगातार मोदी इक्कीस ही साबित हो रहे हैं लेकिन व्लादिमीर पुतिन ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के सम्मान में बहुत अच्छी पोस्ट लिखकर यह साबित किया कि गांधी परिवार सरकार में हो न हो लेकिन गांधी शब्द भारत के इतिहास में कभी नहीं मिटाया जा सकता। इस बार पहली बार 1989 के बाद ऐसा हुआ है कि किसी गैर कांग्रेसी विरोधी सरकार में मेनका गांधी कैबिनेट में न हो और जब कांग्रेस की सरकार होती है तो गांधी परिवार ही सर्वेसर्वा होता है। इस तरह गांधी परिवार किसी न किसी रूप में सक्रिय रहता है। इस बार भी जनता ने सरकार की चौकीदारी करने का जिम्मा राहुल गांधी को सौंपा है। यह दीगर बात है कि वह अभी तक तमाम प्रयासों के बावजूद विपक्ष का नेता बनने के बाद झाराखण्ड में साख बचाने के अलावा कहीं शिकस्त नहीं दे पाए हैं लेकिन प्रधानमंत्री को कहीं न कहीं विपक्ष के नेता का सम्मान करना ही चाहिए।

# पुलिस ने दहेज हत्या में फरार आरोपी दबोचा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** दहेज हत्या में फरार चल रहे एक आरोपी को देर रात पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपी का चालान कर जेल भेज दिया जानी थानाध्यक्ष अखिलेश मिश्र ने बताया की चार दिन पूर्व सुखदेवी पत्नी कल्लू निवासी जिला बदायूं की बेटी की शादी हुई थी जिसमें दहेज की मांग पूरी न होने पर उसे जला कर मार दिया था। पीड़ित परिवार की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर फरार आरोपी अजय पुत्र जगदीश निवासी बस्तर थाना जिला कासगंज जो फिलहाल सुभारती में रहकर नौकरी कर रहा था गिरफ्तार कर लिया और चालान कर जेल भेज दिया।

# प्रबंध निदेशक ने ग्राम सिरसखेड़ा में आयोजित बिजली बिल राहत योजना के कैम्प का किया औचक निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** जनपद सम्भल में आयोजित कैम्पों एवं अधिशासी अभियन्ता कार्यालय का निरीक्षण करने के उपरान्त प्रबंध निदेशक रवीश गुप्ता (आईएएस) 'बिजली बिल राहत योजना-2025-26' के तहत लगाये गये दलपतपुर उपकेन्द्र के अन्तर्गत ग्राम सिरसखेड़ा में आयोजित कैम्प का औचक निरीक्षण करने जनपद-मुरादाबाद पहुंचें। निरीक्षण के दौरान प्रबन्ध निदेशक ने उपभोक्ताओं को प्रदान की जा रही सेवाओं तथा योजना की प्रगति का अवलोकन किया। प्रबन्ध निदेशक महोदय द्वारा कैम्प में आये उपभोक्ताओं से सीधे संवाद कर उन्हें बिजली बिल राहत योजना-2025-26 का अधिकतम लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया गया। कैम्प में आए उपभोक्ता रामौतार के बिल में सरचार्ज एवं मूल में 25 प्रतिशत की छूट प्रदान की गयी। इसी प्रकार उपभोक्ता अकबरी के बिल में राहत बिल योजना के अन्तर्गत छूट प्रदान की गयी। प्रबंध निदेशक ने पुष्प भेटकर लाभान्वित उपभोक्ताओं को प्रोत्साहित किया। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि इरशाद हुसैन तथा अन्य उपभोक्ता फैजल, धर्मपाल, अकरम आदि को भी योजना का लाभ लेन हेतु प्रेरित किया गया तथा सम्बन्धित स्टाफ को भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। निरीक्षण के दौरान लाभान्वित उपभोक्ताओं द्वारा योजना में प्राप्त फायदे साझा किये गये। इस सम्बन्ध में प्रबंध निदेशक ने निर्देश दियं कि योजना का लाभ लेने के लिए अन्य उपभोक्ताओं को भी बिल जमा करने हेतु प्रोत्साहित किया जाए।

कैम्प का निरीक्षण करने के उपरान्त प्रबन्ध निदेशक द्वारा बिजली बिल राहत योजना-2025-26 के अन्तर्गत अण्डर बिल आउट लेयर की श्रेणी की उपभोक्ता इशरत जहाँ पत्नि श्री गुलफाम निवासी गाम-सिरसखेड़ा के परिसर पर पहुंचकर निरीक्षण किया गया।



निरीक्षण में उक्त उपभोक्ता बिजली बिल राहत योजना के तहत अण्डर बिल आउट लेयर श्रेणी में आती है उपभोक्ता के परसिर पर स्थापित मीटर रीडिंग डिमाण्ड आदि की जांच की गई। इसके अतिरिक्त आज प्रबन्ध निदेशक ने विद्युत कार्यशाला रामपुर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान प्रबन्ध निदेशक द्वारा कार्यशाला परिसर में अधिक से अधिक सफाई एवं रिकॉर्ड के सुव्यवस्थित रख-रखाव सुनिश्चित करने के निर्देश दिये, उन्होने विद्युत वितण खण्ड-मिलक रामपुर का निरीक्षण करने पर, सम्भव शिकायत पोर्टल पर प्राप्त शिकायता के समयबद्ध निस्तारण के लिए भी आवश्यक दिशा निर्देश दियें साथ ही प्रबन्ध निदेशक द्वारा कार्यशाला परिसर की साफ-सफाई मशीनों के रख-रखाव तथा सुरक्षा मानको का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। वितरण खण्ड-मिलक सहित सभी खण्डों के रिकार्ड को निर्धारित मानको के अनुरूप व्यवस्थित रूप से रखने के निर्देश दिये गये। अधिकारियों के कार्यों की समीक्षा करते हुए फील्ड स्तर पर बहतर कार्य प्रणाली अपनाने पर जोर दिया गया। निरीक्षण के पश्चात प्रबन्ध निदेशक द्वारा दिये गये सुझाव एवं निर्देशो के अनुपालन हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश पदान किये गये।

निरीक्षण के दौरान अशोक चौरसिया मुख्य अभियन्ता मुरादाबाद क्षेत्र मुरादाबाद, सत्येन्द्र कुमार चौहान अधीक्षण अभियन्ता विद्युत वितरण मण्डल रामपुर, सोनम सिंह स्टाफ ऑफिसर, राजवीर सिंह अधिशासी अभियन्ता विद्युत कार्यशाला खण्ड-मुरादाबाद, आदि अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# दढ़ियाल मार्ग पर बुधवार की रात बेकाबू डंपर ने कार को मारी टक्कर, दो युवकों की मौत, एक गंभीर

शाह टाइम्स संवाददाता

**टाण्डा।** दढ़ियाल मार्ग पर ग्राम सरकथल के पास बुधवार की रात खनन से लदा एक डंपर अचानक अनियंत्रित होकर दूसरी दिशा से आ रही कार द्धटैक्सीक्ष में जा भिड़ा। भीषण टक्कर में दो युवकों की मौत हो गई, जबकि तीसरा युवक गंभीर रूप से घायल है। हादसे के बाद दोनों परिवारों में मातम छा गया है।बताते हैं कि एआरटीओ खनन से लदे वाहनों की चेकिंग कर रहे थे, चेकिंग से बचने के लिए चालक ने डंपर को रॉंग साइड से तेज गति से निकालने का प्रयास किया।नतीजतन हादसा हो गया।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक डंपर तेज रफ्तार में था और नियंत्रण खोते ही सीधा टैक्सी से जा टकराया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि टैक्सी चालक असद द्ध24क्ष की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं शाहनूर द्ध24क्ष ने अस्पताल ले जाते समय दम तोड़ दिया। तीसरा युवक मुस्तकीम गंभीर रूप से घायल है और उसका इलाज जारी है।





तीनों युवक नगर के मोहल्ला टंडोला के निवासी थे। शाहनूर चार भाइयों में सबसे छोटा था और केरल में हेयर कटिंग का काम करता था, जबकि उसका बड़ा भाई शाहनवाज सऊदी अरब में कार्यरत है। असद तीन भाइयों में सबसे बड़ा था और टैक्सी चलाकर परिवार का खर्च चलाता था। उसके पिता और भाई भी सऊदी अरब में ड्राइवर हैं।

स्थानीय लोगों का कहना है कि खनन वाहनों की तेज रफ्तार लंबे समय से क्षेत्र में खतरा बनी हुई है। कई बार शिकायतें होने के बावजूद स्थिति में सुधार नहीं हुआ, और इसकी कीमत अब दो परिवारों को अपनी जान देकर चुकानी पड़ी।

बताते हैं कि शाहनूर और मुस्तकीम आपस गहरे दोस्त थे। मुस्तकीम अहमदाबाद में सिलाई का काम करता था और शाहनूर केरला के एक सैलून पर हेयर कटिंग करता था। सड़क हादसा उस वक्त हुआ जब कार चालक असद दढ़ियाल से दिल्ली की एक सवारी लेने जा रहा था। मुस्तकीम और शाहनूर का तीसरा दोस्त भूटान में बाल काटने का काम करता है। जिसकी तबीयत खराब थी और इन दोनों को भी दिल्ली से भूटान जाना था। यह लोग चार दिन पूर्व ही दोनों अपने घर आए थे। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अधिकारियों का कहना है कि हादसे की सभी परिस्थितियों की जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।



एक ही मोहल्ले के दो नौजवानों की मौत और एक के गंभीर घायल होने से पूरे इलाके में शोक की लहर है।

डंपर को कब्जे में ले लिया गया है।आरोपी चालक मौके से फरार हो गया है।तहरीर प्राप्त होने पर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जाएगी।
सन्दीप मिश्रा,कोतवाली प्रभारी निरीक्षक टाण्डा।

**मृतक शाहनूर व अशहद**

# चार नफर वारंटी गण को गिरफ्तार किया



शाह टाइम्स संवाददाता

**स्वार।** पुलिस ने छापामार कार्यवाही करते हुए 4 वारंटी गण को गिरफ्तार कर सम्बंधित मुकदमे में विविध कार्यवाही की गई ।पुलिस अधीक्षक के आदेश पर शनिवार की रात्रि कोतवाली प्रभारी प्रदीप कुमार मलिक के निर्देश पर पुलिस द्वारा अपराधियों की धरपकड़ को लेकर चलाए गए अभियान के अंतर्गत पुलिस ने कार्यवाही करते हुए 1 वारंटी मोहन पुत्र बुद्धा 2अरुण पुत्र रामचन्द्र निवासी गण फाजल पुर 3 फारूक पुत्र राजा निवासी ग्राम मधुपुरा 4इस्लाम पुत्र वहीद निवासी चाऊ पुरा को गिरफ्तार कर सम्बंधित मुकदमे में विविध कार्यवाही की गई।गिरफ्तार करने वाली टीम में उ0नि0 ,अजय कुमार शुक्ला,आदर्श गुप्ता,हे0का0 ,जसवीर सिंह,मोहसिन खा,धर्मेन्द्र कुमार आदि मौजूद रहे।

# लकड़ी से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली की चपेट में आने से अधेड़ की मौत

शाह टाइम्स संवाददाता

**मिलक।** लकड़ी से भरी ट्रैक्टर ट्राली की चपेट में आने से एक 50 वर्षीय अधेड़ व्यक्ति की मौत हो गई। रविवार सुबह 6रू00 बजे अतीक अहमद 50 वर्ष पुत्र सफीक अहमद निवासी ग्राम उदयपुर जागीर थाना मिलक जनपद रामपुर अपने यूकोलिप्टिस की लकड़ी ट्रैक्टर चालक अशरफ की ट्रैक्टर ट्राली से लकड़ी लेकर रामपुर को जा रहा था।

रामपुर रोड स्थित किरा गांव के पास ट्रैक्टर ट्राली अनियंत्रित होकर पलट गई जिसमें अतीक अहमद दब गए स्थानीय लोगों की मदद से ट्रैक्टर चालक अशरफ तथा अतीक अहमद को निकल गया जिसमें ट्रैक्टर चालक अशरफ को इलाज के लिए अस्पताल भेज दिया गया।

अतीक अहमद की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर परिजन तथा पुलिस घटनास्थल पर पहुंची मृतक के परिजन यह देख रोने चिल्लाने लगे मृतक के घर में कोहराम मचा हुआ है।

# अटेवा पेंशन बचाओ मंच, रामपुर ने मनाई शहीद डॉ. रामाशीष सिंह की पुण्यतिथि

शाह टाइम्स ब्यूरो

**मिलक/रामपुर।** अटेवा कार्यालय, बिलासपुर रोड मिलक में आज अटेवा पेंशन बचाओ मंच, रामपुर द्वारा शहीद डॉ। रामाशीष सिंह की नवमी पुण्यतिथि पर एक भव्य एवं भावपूर्ण श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। सभा में बड़ी संख्या में शिक्षकों, कर्मचारियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भाग लेकर डॉ। सिंह के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त की।

कार्यक्रम की शुरुआत में उपस्थित जनसमूह ने दो मिनट का मौन रखकर पेंशन बहाली आंदोलन के अग्रदूत रहे डॉ। रामाशीष सिंह को श्रद्धासुमन अर्पित किए। इसके बाद वक्ताओं ने उनके संघर्ष, समर्पण और अदम्य साहस को याद करते हुए कहा कि पुरानी पेंशन व्यवस्था की आवाज बुलंद करने में उनका योगदान सदैव प्रेरणादाई रहेगा।



दिगपाल गंगवार ने सभा को संबोधित करते हुए कहा डॉ। रामाशीष सिंह ने पेंशन आंदोलन को नई दिशा और नई ऊर्जा दी। उनका संघर्ष हमारे लिए केवल इतिहास नहीं, बल्कि आगे बढ़ने का हौसला है। उनका बलिदान पुरानी पेंशन बहाली की लड़ाई को लगातार मजबूत करता रहेगा।

सभा में वक्ताओं ने सामाजिक सुरक्षा को प्रत्एक कर्मचारी का मौलिक अधिकार बताया और शांतिपूर्ण व लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन को आगे बढ़ाने का संकल्प दोहराया। वक्ताओं ने यह भी कहा कि पुरानी पेंशन व्यवस्था की बहाली से कर्मचारी सम्मानजनक भविष्य पा सकते हैं, और इसके लिए एकजुट होना समय की आवश्यकता है।

कार्यक्रम के अंत में संयोजकों ने सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा शहीद डॉ। रामाशीष सिंह की स्मृति हमारे आंदोलन की आधारशिला है। उनके आदर्श हमें हमेशा न्यायपूर्ण पेंशन व्यवस्था के लिए संघर्षरत रहने की प्रेरणा देते रहेंगे।

कार्यक्रम का सफल संचालन अटेवा के जिला प्रवक्ता सुनील कुमार ने किया।

कार्यक्रम में उपस्थित प्रमुख लोग डॉ. नंदन प्रसाद पटेल, एम। पी। सिंह, कमल कुमार गुप्ता, प्रेम सिंह, योगेंद्र कुमार, दुष्यंत कुमार, अशोक कुमार, सुमित कुमार, अमन सिंह, हरद्वारी लाल, रविंद्र आर्य, वकील अहमद, प्रदीप कुमार, अरविंद कुमार, नेत्रपाल सिंह, शुभम सक्सेना, संगम शुक्ला, वीरेंद्र दिवाकर, चूरामणि गंगवार, सुंदर राठौर सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी व पदाधिकारी उपस्थित रहे।अगर चाहें, मैं इसे और भी ज्यादा प्रभावशाली, पेपर हेडिंग स्टाइल, या सोशल मीडिया पोस्ट के रूप में भी तैयार कर सकता हूं।

# भाकियू की पंचायत में किसानों की समस्याओं पर तीखी चर्चाएं, बड़े आंदोलन की चेतावनी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**रामपुर।** रविवार को भारतीय किसान यूनियन की पंचायत ग्राम सनकरा की पेट में सम्पन्न हुई, जिसमें क्षेत्र के किसानों से जुड़े कई गंभीर मुद्दे जोरदार तरीके से उठाए गए। पंचायत में जर्जर सड़कों की खराब स्थिति, नहर सफाई में हो रहे कथित घोटाले तथा धान क्रय केंद्रों पर मनमानी को मुख्य रूप से चर्चा में रखा गया।

सभा को संबोधित करते हुए संगठन के प्रमुख राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मोहम्मद हनीफ वारसी ने कहा कि किसानों का धैर्य अब जवाब दे रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि इन समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो यूनियन जिला मुख्यालय पर बड़ा आंदोलन खड़ा करेगी।

उन्होंने कार्यकर्ताओं को निर्देश दिया कि वे अपनी-अपनी तहसीलों में धान क्रय केंद्रों का निरीक्षण करें, नहरों की



सफाई की वास्तविक स्थिति मौके पर जाकर जांचें तथा जर्जर सड़कों की सूची बनाकर उच्चाधिकारियों को सौंपें।

वारसी ने कहा कि अधिकारी समस्याओं को नजर अंदाज कर अपनी जिम्मेदारियों से बच रहे हैं, जिससे किसान मजदूर लगातार परेशान हो रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ अधिकारी दफ्तर में बैठकर सरकारी कार्यों को नजरअंदाज कर रहे हैं और सरकार की छवि खराब करने में कोई कमी नहीं छोड़ रहे हैं।

उन्होंने गन्ना किसानों की खराब आर्थिक स्थिति पर भी चिंता जताई। वारसी ने बताया कि गन्ना किसानों की लागत लगातार बढ़ रही है, जबकि आय में कमी आई है, जिससे किसान परिवारों का बजट बिगड़ गया है। छोटे किसानों की आर्थिक स्थिति इतनी खराब हो चुकी है कि बेटियों की शादी, मकान, दवाई तथा घरेलू खर्चों ने उन्हें भारी संकट में डाल दिया है। पंचायत में यह निर्णय भी लिया गया कि यूनियन के कार्यकर्ता गांव-गांव जाकर सदस्यता अभियान चलाएंगे और अधिक सदस्यता कराने वाले पदाधिकारियों को सम्मानित किया जाएगा।

पंचायत की अध्यक्षता सैयद जमाल आर्मी ने की, जबकि संचालन जाकिर अली वारसी ने किया। इस अवसर पर अरिफ अली, शाकिर अहमद, मोहम्मद अली, इकरार अहमद, लोकेश पांडे, रोशन लाल, नरेश कुमार, इलियास अहमद, डॉक्टर शाहिद अली, नन्हे राम, देवी चंद, गुफरान अली, मुराद खान, इमरान खान सहित अनेक किसान एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# हजरत बैरंग शाह के उर्स के चौथे दिन कुल शरीफ के बाद उर्स का हुआ समापन

शाह टाइम्स संवाददाता

**मसवासी।** क्षेत्र के खोदकला में हजरत बैरंग शाह के उर्स के चौथे दिन दरगाह पर जायरीन की भारी भीड़ रही । उर्स के आखिरी दिन कुल शरीफ के बाद लंगर का वितरण किया गया फज्र की नमाज के बाद दरगाह पर कुरान ख्वानी की गई। उर्स के आखिरी दिन सुबह से ही दरगाह पर चादरपोशी करने और मन्नत मांगने का सिलसिला जारी रहा दूर दराज से आए जायरीन यहां पहुंचे और दरगाह पर हाजिरी देकर दुआएं मांगी।

कुछ लोगों ने दरगाह पर आज भी अपनी ओर से चादर पेश की और दरगाह पर कुरान की तिलावत की।रविवार सुबह 11रू00 बजे कुल शरीफ का आगाज हुआ तमाम उलेमा ने कुल शरीफ में शिरकत की। इस दौरान मुफ्ती फिराग अहमद नईमी, सज्जादा नशीन हबीब शाह मियां हाफिज फरहान मियां, मौलाना खुर्शीद आलम अहमद जान सेठ नक्शे अली, तहसीन आलम खान आदि शामिल रहे।



उर्स के समापन के बाद में लंगर तकसीम किया गया और दुआएं मांगी गई।दरगाह को दुल्हन की तरह सजाया गया है।

उर्स के मौके पर लगे मेले में लोगों की काफी भीड़ है महिलाएं मीना बाजार में समान की खरीदारी कर रही है तो बच्चे झूलो समेत सर्कस वह अन्य चीजों का आनंद उठा रहे हैं।

# दो दिवसीय कार्यशाला में बच्चों ने सीखा कथक नृत्य




**छात्राओं ने बढ़चढ़कर प्रतिभाग किया, सभी को प्रशस्त्रि पत्र देकर पुरस्कृत किया**

शाह टाइम्स ब्यूरो

**रामपुर।** शिवाय संगीत अकादमी द्वारा रामपुर में दूसरी बार कथक की दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला की शुरुआत मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर की गई। उसके उपरान्त क्षमा शर्मा और हाईकोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता शरद शर्मा ने कथक गुरु अमृत मिश्रा को सम्मानित किया। बनारस से आए प्रसिद्ध कथक नृतक अमृत मिश्रा ने बच्चों को तोड़े, टुकड़े, निहाई, तराना, आमद आदि सीखाए। सभी प्रतिभागी छात्राओं ने कार्यक्रम में बढ़चढ़कर हिस्सा लिया। अंत में सभी को प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया। कथक कार्यशाला की मुख्य आयोजक शीतल गुप्ता एवं सहयोगी सौरभ शर्मा ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर अक्षरा वर्मा, जी, राख्या, वेवीशी, अवनी, अनवी, मान्या क्यारा, अदिविका, अंकिता, प्रिशा, अख्या, टड्ूलिया आर्य रानिता उपस्थित रही।

# इंडियन आर्मी की ट्रेनिंग कर घर लौटे सिपाही का ग्रामीणों ने किया ढोल नगाड़ों के साथ स्वागत



शाह टाइम्स संवाददाता

**मसवासी।** चौकी क्षेत्र के गांव हसनपुर उत्तरी में इंडियन आर्मी में ट्रेनिंग करके घर लौटे युवक का ग्रामीणों ने जोरदार स्वागत किया जिससे परिवार में भी हर्ष का माहौल रहा।

हसनपुर उत्तरी में अरुण कुमार पुत्र विजय सिंह का इंडियन आर्मी में सिपाही के पद पर चयन हुआ है रविवार को वह ट्रेनिंग करके गांव लौटा तो ग्रामीणों ने ढोल नगाड़ों के साथ उसका स्वागत किया और माथे पर तिलक कर दीर्घायु की कामना की।

ग्रामीणों के स्वागत को देखते हुए परिजनों में भी खुशी का माहौल दुगना हो गया और परिजनों ने भी उसका तिलक किया और लंबी दीर्घायु की कामना की सिपाही ने गांव में घर-घर घूम कर लोगों के स्वागत का शुक्रिया अदा किया।

मसवासी क्षेत्र से कई युवक आर्मी सीआरपीएफ बीएसएफ और यू पी पुलिस में पहुंचकर क्षेत्र का नाम रोशन कर रहे हैं।

नवयुवक देश सेवा का जज्बा लेकर फोर्स जाने की तैयारी में जुट गए हैं।

# मारपीट कर धमकी देने में दो के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

शाह टाइम्स संवाददाता

**मिलक।** मारपीट और गाली गलौज कर धमकी देने के आरोप में दो लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। कोतवाली क्षेत्र के भैंसौं शरीफ गांव निवासी सूफी जावेद हुसैन ने कोतवाली में तहरीर दी है जिसमें लिखा है कि 4 दिसंबर 2025 को मेरी माता अफसरी बेगम निवासी ग्राम भैसौं शरीफ तहसील मिलक जनपद रामपुर अब से लगभग 3 साल 6 महीना पहले मेरी माता मुझे बिन बताए अपने नवासे हस्सान पुत्र मोहम्मद ताहिर निवासी नवाबगंज जनपद बरेली के बहकावे में आकर आए दिन मेरे खिलाफ पुलिस तथा अन्य अधिकारियों को झूठा प्रार्थना पत्र के आधार पर लगातार परेशान करती हैं। मैंने अपनी माता अफसरी बेगम को काफी समझाने का प्रयास किया लेकिन वह नहीं मानी और जब मैंने इसका विरोध किया तो मेरी माता झूठे मुकदमे में फसाने के धमकीन देने लगी। इसी दौरान मेरी माता ने मेरे घर पर मौजूद दरबान मंजूर खान के साथ मारपीट गाली गलौज कर डाली यह सारी गतिविधि घर पर लगे कैमरे में कैद हो गई और सूफी जावेद हुसैन भैंसौं शरीफ मजार का सज्जादानशीन है। इस संबंध में सूफी जावेद हुसैन ने कोतवाली में तहरीर दी तहरीर के आधार पर अफसरी बेगम व हस्सान के खिलाफ मारपीट गाली गलौज धमकी देने में हुई रिपोर्ट दर्ज। प्रभारी निरीक्षक पुष्कर सिंह ने बताया कि मामले की विवेचना हल्का प्रभारी के द्वारा कराई जा रही है।

# टेट अनिवार्यता के विरोध में शिक्षकों ने सांसद को सौंपा ज्ञापन

## सांसद नदवी बोले मसला संसद में मजबूती से उठाऊंगा

शाह टाइम्स संवाददाता

**रामपुर।** टीचर फेडरेशन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय आहवान पर शनिवार को उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ का प्रतिनिधि मंडल जिला मंत्री चरन सिंह के नेतृत्व में संत शिरोमणि गेस्ट हाउस पहुंचा। यहां शिक्षकों ने टेट की अनिवार्यता के विरोध में प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन रामपुर के सांसद मोहिबुल्लाह नदवी को सौंपा।



शिक्षकों ने सांसद को बताया कि 1 सितंबर 2025 के सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय से देशभर के लगभग 25 लाख और प्रदेश के करीब 2 लाख शिक्षक प्रभावित हुए हैं। इस निर्णय से शिक्षकों में भारी रोष और चिंता व्याप्त है। जिले के जिला मंत्राी चरन सिंह ने कहा कि 29 जुलाई 2011 से पूर्व सभी नियुक्तियां पूरी औपचारिकताओं के साथ हुई थीं, लेकिन अचानक आए इस पफैसले ने लाखों परिवारों को मानसिक और आर्थिक संकट में डाल दिया है। कई शिक्षक अवसाद का सामना कर रहे हैं और मनोबल लगातार गिर रहा है।

शिक्षकों की समस्याएं सुनने के बाद सांसद मोहिबुल्लाह नदवी ने आश्वासन दिया कि यह मुद्दा अत्यंत गंभीर है और वह इसे संसद में पुरजोर तरीके से उठाएंगे।

उन्होंने कहा कि ह्लाखों शिक्षकों के भविष्य और परिवारों की सुरक्षा का प्रश्न है। मैं इस मसले को मजबूती से संसद में रखकर समाधान की दिशा में प्रयास करूंगा।

ज्ञापन देने वालों में चरन सिंह जिला मंत्री, डॉ। सरफराज अहमद जिला उपाध्यक्ष, नरेंद्र सैनी ब्लॉक अध्यक्ष, मनोज कुमार ब्लॉक मंत्राी, प्रसन्न प्रकाश द्धतहसील प्रभारी, राजेंद्र सिंह तहसील प्रभारी, अमितेश झा कोषाध्यक्ष, राम प्रसाद, दिनेश कुमार, धर्मेंद्र कुमार, सलीम अहमद, विपिन कुमार, अशोक रावत, रामकिशोर, बाबूराम सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

ज्ञापन सौंपने के बाद शिक्षकों ने उम्मीद जताई कि सरकार उनकी उचित मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेगी। यह जानकारी सांसद मीडिया प्रभारी एडवोकेट महबूब अली पाशा ने दी।

# ग्रीनवुड सीनियर सेकेंडरी स्कूल में 51वां वार्षिक क्रीड़ा दिवस धूमधाम से संपन्न



## नेहरू हाउस को मिला चौंपियन हाउस का खिताब

शाह टाइम्स ब्यूरो

**रामपुर।** ग्रीनवुड सीनियर सेकेंडरी स्कूल में रविवार, 7 दिसंबर 2025 को 51वां वार्षिक खेल दिवस अत्यंत उत्साह, उमंग और भव्यता के साथ मनाया गया। पूरे कार्यक्रम में छात्रों की शानदार प्रस्तुतियों, सामूहिक मार्च पास्ट, जिमनास्टिक प्रदर्शन और विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं ने उपस्थित अभिभावकों और अतिथियों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भूतपूर्व उच्च शिक्षा निदेशक नावेद बहार खान शामिल हुए। विद्यालय की फाउंडर नवाब खान, डायरेक्टर शाहिद खान, जॉइंट डायरेक्टर समीना खान, प्रधानाचार्य एन।के। तिवारी, उप प्रधानाचार्य शकील अहमद और हेडमिस्ट्रेस परवीन खान ने उनका भव्य स्वागत किया।

स्कूल संसद ने मुख्य अतिथि को गार्ड ऑफ ऑनर प्रदान किया, जिसके बाद चारों हाउसोंकृनेहरू, सरोजनी, गांधी और टैगोरकृने प्रभावशाली ओपनिंग मार्च पास्ट प्रस्तुत किया।

कक्षा 2 के लगभग 300 बच्चों ने आकर्षक हूला-हूप ड्रिल प्रस्तुत कर तालियां बटोरीं।

कक्षा 5 के छात्रों ने भारत की स्वतंत्रता पर आधारित मनमोहक हिंदी नाटक प्रस्तुत किया।

कक्षा 3 ने समूह नृत्य द्वारा सभी का दिल जीता।

कक्षा 4 के विद्यार्थियों ने शानदार एरोबिक ड्रिल प्रस्तुत कर अपनी शारीरिक दक्षता का प्रदर्शन किया।

कक्षा 6 से 9 तक के लगभग 400 छात्रों ने ग्रीनवुड स्कूल की प्रसिद्ध डें च्च प्रस्तुत की। मैदान के केंद्र में विशाल पिरामिड बनाकर स्कूल ध्वज फहराने का . श्य दर्शकों के लिए रोमांचकारी रहा।

इसके बाद छात्रों ने प्रशिक्षित जिमनास्टिक प्रदर्शन किएकृहवा में कलाबाजियां, करतब और सबसे रोमांचक आग के घेरे में से छलांग ने दर्शकों को आश्चर्यचकित कर दिया।

200 मीटर दौड़, 400 मीटर रिले रेस, रस्साकशी और फायर ड्रिल की प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम में उत्साह बढ़ाया। कक्षा 10 से 12 के छात्रों ने जलती मशालों के साथ पीटी प्रदर्शन कर सभी का मन मोह लिया।

क्लोजिंग मार्च पास्ट के बाद मुख्य अतिथि द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को पुरस्कार वितरित किए गए। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में छात्रों के अनुशासन, मेहनत और कौशल की सराहना की।

कार्यक्रम के अंत में डायरेक्टर शाहिद खान ने मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथियों और उपस्थित अभिभावकों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

### इंटर हाउस खेल प्रतियोगिता के परिणाम 2024-25

चौंपियन हाउस रू नेहरू हाउस

**क्रिकेट**
जूनियर क्रिकेट . नेहरू हाउस
सीनियर क्रिकेट . टैगोर हाउस
फुटबॉल
3. जूनियर फुटबॉल . सरोजिनी हाउस
4. सीनियर फुटबॉल . नेहरू हाउस
वॉलीबॉल
5. सीनियर वॉलीबॉल . नेहरू हाउस
बैडमिंटन
6. जूनियर एकल . नेहरू हाउस
7. जूनियर डबल्स . नेहरू हाउस
8. सीनियर एकल . गांधी हाउस
9. सीनियर डबल्स . गांधी हाउस
**हॉकी**
10. जूनियर हॉकी . नेहरू हाउस
11. सीनियर हॉकी . नेहरू हाउस
**कैरम**
12. जूनियर कैरम . गांधी हाउस
13. सीनियर कैरम . गांधी हाउस
14. जूनियर कैरम द्धसिंगलक्ष . नेहरू हाउस
15। जूनियर कैरम द्धडबलक्ष . सरोजिनी हाउस
16। सीनियर कैरम द्धसिंगलक्ष . टैगोर हाउस
17। सीनियर कैरम द्धडबलक्ष . टैगोर हाउस

**जिमनास्टिक में पुरस्कृत छात्र**
कुंज कौशिक, शायन अहमद, आरव शुक्ला, अली रहमान खान, अफ्फान खान, एम. अजान, अर्हम सैफी, एम. वजीह, एम. अलमान, एम. हादी, लक्ष्य यादव, रजब तैयब, समर्थ सिंह, एम. फैसल, अदनान खान, एम. हसन, प्रत्यक्ष, अरकाम खान, तितिक्ष भदौरिया, दावर मियां, अजलान अखघ्लाक, अब्दुल करीम, विश्व चरण।

# गांव में चोरों का भारी आतंक, पुलिस बेखबर

## चोरों ने की मकान का ताला काटकर लाखों की चोरी, सीसीटीवी में कैद हुए चोर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** गौना गांव में रात्रि अज्ञात चोरो ने एक मकान पर धावा बोल चेनल का ताला काट घर में घुस आये और कमरे की अलमारी में रखे लाखों के जेवरात और लाखो की नगदी चोरी कर ले गये। वही लहचौड़ा में भी चोरो ने एक मकान में शंख मे रखे सोने के कुण्डल चोरी किये। वही दो घरो मे चोरी का प्रयास किया सूचना पर पहुंची पुलिस चोरी की घटना की जांच में जुटी है।

गौना गांव में सूरज पुत्र सो. हनलाल का परिवार घर के आगें लगा चेनल मे ताला लगा कमरे मे सो रहे थे रात्रि किसी समय अज्ञात चोर चेनल का ताला काट घर में घुस आये और एक कमरे में रखी अलमारी का ताला तोड़ उसमे रखा एक लाख रूपया और सोने की नो अंगूठी, दो सोने की चेन,एक सोने का मंगलसूत्र, नो जोड़ी सेम्पिल,चोरी कर ले गये। पीड़ित परिवार ने बताया कि 12 तोला सोना चोरी हुआ है। पीड़ित ने यह भी बताया कि एक लाख रूपये का धान बेचा था जिसके रूपये घर रखे थे। पीड़ित की सूचना पर पहुंची पुलिस चोरी की घटना की जांच में जुटी है और तीन चोर सीसीटीवी केमरे मे भी कैद हुए है।







इसके अलावा चोरो ने लहचौड़ा गांव में नीरज के घर में भी घुसकर शंख में रखे सोने के कुण्डल चोरी कर ले गये जबकि गोपीचंद और सुखबीर पुत्र नेत्रराम के घरो में भी ताला तोड़कर चोरो ने चोरी का प्रयास किया। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौकें पर पहुंच चोरी की घटना की जांच कर रही है।

## खेतों की जाली काट रहे चोरों को किसानो ने दौड़ाया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** लहचौड़ा गांव में ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस-वें के समीप खेतो में जंगली जानवरों के बचाव के लगी जाली काट रहे चोरो को किसानो ने लिया और उन्हें पकड़ने का प्रयास किया, लेकिन चोर फरार हो गये। वही सूचना पर पहुंची ने भी चोर की तलाश की लेकिन चोर जंगल के रास्ते फरार हो गये।

ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस-वें के रटौल अन्डरपास से सरफाबाद तक एक्सप्रेस-वें और खेतो में जंगली जानवरों से बचाव के लिए खेतो किनारे लोहे की जाली लगी हुई है जिससे पिछले एक माह से चोरी जाली काट ले जाते है। दो दिन पहले भी लहचौड़ा के जंगल दो दिन पहले भी चोर जाली काट ले गये थे जिससे देख किसानों ने खेतो पर पहरा देना शुरू कर दिया था। लहचौड़ा निवासी किसान देवेन्द्र शर्मा ने बताया कि रात जब वह खेतो पर पहुंचे तो चोर जाली काट रहे थे तभी उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचना दी और चोरो को पकड़ने का प्रयास किया लेकिन चोर आहट सुन वहा से जंगल के रास्ते फरार हो गये। वही सूचना पर पहुंची पुलिस ने भी काबिंग कर चोरो की तलाश की लेकिन चोर ईखो मे घुस गये और फरार हो गये। किसानो ने बताया की पुलिस के सामने ही चोर फरार हुए है।

## मतदाता गहन पुननिरीक्षण को लेकर भाजपा का कार्यक्रम आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** भाजपा द्वारा रविवार को क्षेत्र के गांव बावली में भाजपा जिला उपाध्यक्ष अनिल तोमर के निवास पर मतदाता गहन पुनरीक्षण एसआईआर को लेकर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राज्य मंत्री व प्रभारी मंत्री जशंवत सैनी उपस्थित रहे। बैठक की शुरुआत दीनदयाल उपाध्याय, डा.श्यामा प्रसाद मुखर्जी तथा भारत माता के चित्रों पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई। राज्य मंत्री जशंवत सैनी ने कहा कि पार्टी का लक्ष्य है कि प्रत्येक बूथ पर शत-प्रतिशत पात्र मतदाताओं का पंजीकरण सुनिश्चित हो। उन्होंने कार्यकर्ताओं से हर फॉर्म की बारीकी से जांच कर भरवाने की अपील की। उन्होंने कहा कि मतदाता पुनरीक्षण अवधि बढ़ा दी गई है, इसलिए सभी कार्यकर्ताओं को समय निकालकर प्रत्येक वोट को सही ढंग से दर्ज कराने पर ध्यान देना होगा। उन्होंने एसआईआर को पार्टी का अत्यंत महत्वपूर्ण अभियान बताते हुए कहा कि कोई भी पात्र मतदाता पंजीकरण से वंचित न रहे। यह हमारा संकल्प होना चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी कार्यकर्ता प्रशासनिक अधिकारियों के साथ मिलकर इस कार्य को जल्द ही पूरा करें। चंद्रमोहन ने कहा कि मतदाता गहन सूची परीक्षण का कार्य राष्ट्र प्रथम से जुड़ा हुआ है। सरकार अंत्योदय के लिए कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि हमें जल्द से जल्द इस कार्य को पूर्ण करना है। अपने और अपने परिवार वालों के एसआईआर फॉर्म जमा करना हमारा प्रथम लक्ष्य होना चाहिए।

## लगातार हो रही इन चोरी की घटनाओं से पुलिस की कार्यशैली पर उठे सवाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** पिछले तीन दिनों में चोरी की चार बड़ी वारदातें सामने आई हैं, जिससे पुलिस की चिंता बढ़ गई है। चोरों ने पुलिस को खुली चुनौती देते हुए इन घटनाओं को अंजाम दिया है। इन वारदातों में पाठशाला चौकी से मात्र 100 मीटर दूर एक देसी शराब की दुकान में चोरी हुई। इसके अलावा, सिंघावली अहीर थाना क्षेत्र में चार दुकानों से हजारों रुपए का सामान चुराया गया।
भगोट गांव में किसानों के दर्जनों नलकूपों से उपकरण चोरी कर लिए गए। वहीं, थाना चांदीनगर क्षेत्र के गौना में सूरज यादव के मकान से लाखों रुपये की चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया। सभी मामलों में पुलिस को शिकायत दी गई है और मुकदमे दर्ज कर लिए गए हैं। पुलिस ने चोरों की तलाश शुरू कर दी है और घटनाओं के खुलासे के लिए टीमें गठित की गई हैं। लगातार हो रही इन चोरी की घटनाओं से स्थानीय लोग सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठा रहे हैं। उन्होंने पुलिस से रात्रि गश्त बढ़ाने और सभी चोरियों का जल्द खुलासा कर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।



## एक नजर

### पुलिस ने किया 6 अंतर्राज्यीय साइबर ठगों को गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**


**बागपत।** पुलिस की साइबर और स्वाट टीम ने एक संयुक्त अभियान में 6 अंतर्राज्यीय साइबर ठगों को गिरफ्तार किया है। ये ठग लोगों को लुभावने ऑफर देकर धोखाधड़ी करते थे। पुलिस ने इनके पास से ठगी में इस्तेमाल होने वाले उपकरण, सोने-चांदी के आभूषण, दो लग्जरी गाड़ियां और 5 लाख रुपये नकद बरामद किए हैं।

पुलिस अधीक्षक सूरज राय ने बताया कि पुलिस को पोर्टल पर ठगी से संबंधित कुल नौ शिकायतें प्राप्त हुई थीं, जिन पर टीम कार्रवाई कर रही थी। इसी क्रम में इन 6 अभियुक्तों को पकड़ा गया है। गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों की पहचान अनुज पुत्र बलराम कस्बा बड़ौत, हिमांशु पुत्रर धर्मपाल गौसपुर, बागपत, मोनू पुत्र विजय दिल्ली, विनीत उर्फ गोलू पुत्र विनोद सुभानपुर, बागपत, अक्षय पुत्र कुलदीप मुजफ्फरनगर और तुषार पुत्र राजकुमार देहरादून के रूप में हुई है। ये ठग फर्जी आईडी पर गलत तरीके से सिम कार्ड खरीदते थे और उन पर फर्जी प्रोफाइल बनाकर लोगों को ठगी का शिकार बनाते थे। ये अपराधी ऑनलाइन गेमिंग, स्पोर्ट्स बैटिंग, बोनस ऑफर और वीआईपी आईडी जैसे विभिन्न प्रकार के फर्जी ऑफर देकर लोगों को ठगते थे। पुलिस ने इनके कब्जे से 17 मोबाइल फोन, एक लैपटॉप, एक टैब, 24 सिम कार्ड जिनमें से 10 फर्जी आईडी पर लिए गए थे, 15 डेबिट कार्ड, 67 आधार कार्ड, तीन अंगूठियां, 53 पैन कार्ड, एक चेक बुक और 5 लाख रुपये नकद बरामद किए हैं। इसके अतिरिक्त, ठगी के पैसों से खरीदी गई दो गाड़ियां भी जब्त की गई हैं। पुलिस पूरे मामले की गहनता से जांच कर रही है और इनके अन्य साथियों की तलाश जारी है।

## बुजुर्ग की आग में झुलसकर मौत, परिजनों पर हत्या का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** कोतवाली क्षेत्र के हरचंदपुर गांव में एक बुजुर्ग की आग में झुलसकर हुई मौत ने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी है। घटना शनिवार देर रात की है। मृतक के बेटे ने इस मामले में अपने ही भाई, भाभी और भतीजे पर गंभीर आरोप लगाए हैं। बेटे का कहना है कि संपत्ति विवाद के चलते उसके पिता को जलाकर मार दिया गया है। उसने पुलिस में तहरीर देकर आरो. पियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।
पुत्र अनीस ने बताया कि बुजुर्ग घर में अकेले थे, तभी अचानक कमरे से धुआं उठता देखा गया। जब तक परिवार के अन्य सदस्य मौके पर पहुंचे, बुजुर्ग आग की लपटों में बुरी तरह झुलस चुके थे। आनन-फानन में उन्हें बाहर निकाला गया, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी।



अन्य बेटे ने आरोप लगाया कि आग लगने की घटना सामान्य नहीं है, बल्कि पूरी योजना के तहत की गई वारदात है। उसका कहना है कि संपत्ति को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा है, जिसके तहत परिवार के ही तीन लोगों ने इस घटना को अंजाम दिया। वहीं, पुलिस ने मामले में जांच शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि प्रारंभिक जांच में जलती हुई बीड़ी के बिस्तर पर गिरने से आग लगने की बात सामने आई है। पुलिस टीम ने मौके से मिले साक्ष्यों के आधार पर अनुमान लगाया है कि बुजुर्ग नींद में थे और हाथ से सुलगती बीड़ी गिरने के कारण रजाई व गद्दे ने आग पकड़ ली, जिससे घटना हुई। हालांकि, परिजन हत्या का आरोप लगा रहे हैं, ऐसे में पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है, ताकि मृत्यु के कारण स्पष्ट हो सकें। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही वास्तविक स्थिति सामने आएगी। फिलहाल मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच को कई बिंदुओं पर आगे बढ़ाया जा रहा है।



## पीड़ितों ने की एसपी से की धारा बढ़ाने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खेकड़ा।** क्षेत्र के गोना गांव निवासी राजबीर ने धोखाधड़ी कर सरकारी बेचने के आरोप में दर्ज मुकदमे में धारा ओर आरोपियों के नाम बढ़ाने की मांग को लेकर एसपी को पत्र दिया। उसने पत्र देकर मामले की जांच में धारा और आरोपियों के नाम बढ़ाने की मांग की।
क्षेत्र के गोना गांव निवासी राजबीर पुत्र गजे सिंह ने एसपी को शिकायती पत्र दिया। शिकायती पत्र देकर उसने बताया कि गोना गांव के कुछ लोगों ने धोखाधड़ी कर उसको चवालीस लाख रुपए में सरकारी जमीन बेच दी। वहीं तहसील प्रशासन ने भी जांच करने के बाद भी उसका नामांतरण कर दिया, लेकिन उसको जब इसका पता चला तो उसने इसकी शिकायत तहसील प्रशासन से की तो तहसील प्रशासन ने तत्काल ही नामांतरण खारिज कर दिया। उसके बाद उसने संबंधित अधिकारियों ओर कर्मचारियों के खिलाफ जनपद के आला अधिकारियों से शिकायत की लेकिन वह मामले को दबाकर बैठ गए। उसके बाद उसने मुख्यमंत्री से शिकायत की तो मामले की जांच दोबारा शुरू की गई। पीड़ित ने कहा कि मामले की जांच बालेनी थाना प्रभारी द्वारा की जा रही है। उन्होंने कहा कि जांच में धोखधड़ी करने वालों के साथ तहसील के संबन्धित अधिकारी ओर कर्मचारियों के नाम भी इसमें शामिल किए जाए। इसके साथ ही सभी जमीन विक्रेताओं के नाम के साथ धारा भी बढ़ाई जाए। उसने कहा कि संबन्धित अधिका. रियों को तहसील से भी हटाया जाए ताकि जांच प्रभावित ना हो। पीड़ित ने जल्द से जल्द मामले की जांच कर आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की।

## पूर्व नौसैनिकों ने मनाया नौसेना दिवस वीरांगनाओं को किया सम्मानित

**मथुरा।** नवादा राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित होटल विनायक पैलेस में पूर्व नौसेनिकों ने नेवी सप्ताह के तहत परिवार सहित नौसेना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया। संयोजक डॉ. रमेश चन्द पूर्व जेसीओ ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत कोर मुख्यालय द्वारा भेजे गए बुगलरों की राष्ट्रगान की धुन पर राष्ट्रीय ध्वज फहराकर की। मुख्य अतिथि नौसेना मुख्यालय नई दिल्ली से आए कमांडर दशरथ भड़ाना ने वीरनारियों एवं भारत पाकिस्तान युद्ध के वीर योद्धाओं को सम्मानित किया साथ ही सभी को सदैव राष्ट्रप्रेम और राष्ट्रहित में कार्य करने के लिए प्रेरित किया। वीर योद्धाओं ने अपने योगदान को देश के लिए समर्पित किया। देश के वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। बच्चों ने मंच से नेवी डे के बारे में विचार प्रस्तुत किए। महिलाओं और बच्चों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया। विजेता प्रतिभागियों को पुरुस्कृत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता लेफ्टिनेंट खजान सिंह सेवा निवृत्त ने की तथा संचालन डॉ. रमेश चन्द पूर्व जेसीओ ने किया। एस के सिंह, ओमप्रकाश शर्मा, चौधरी रामपाल सिंह, यतेंद्र कुमार शर्मा पीसीएस, अनूप शर्मा, डॉ. रमेश चन्द, देवेंद्र, विनोद, राजेंद्र, दर्शन, सतबीर, लोकेश, संतोष, लाखन सिंह, वीरनारियां, महिलाएं एवं बच्चे उपस्थित रहे

## पद्मावती धाम में भक्तों ने की भक्ति आराधना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खेकड़ा।** नगर के बड़ा गांव मार्ग स्थित पार्श्वनाथ धरनेंद्र पद्मावती धाम निर्भय एंक्लेव में एक भक्ति आराधना कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें भजन गायकों ने अपने भजनों से श्रद्धालुओं को झूमने मजबूर कर दिया।
रविवार को नगर के पार्श्वनाथ धरनेंद्र पद्मावती धाम मंदिर पर सरस्वती माता के सानिध्य में भक्ति आराधना कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अलंकर ग्रुप के हिमांशु जैन, दीपक सरगम, आर्यन जैन ने जोरदार भजनों से श्रद्धालुओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। चौकी नमन करता प्रीति जैन राजकुमार जैन रहे। नण्मोकार मंत्र के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। आर्यिका सरस्वती माता ने कहा कि भक्ति में शक्ति है। मनुष्य को अहंकार और दुर्भावना का त्याग कर ईश्वर की भक्ति करनी चाहिए। भक्ति के माध्यम से ईश्वरीय शक्ति की प्राप्ति तो होती ही है। इसके साथ ही मानव के कर्मों में भी परिवर्तन होता है। उन्होंने कहा कि सांसारिक जीवन में जिस तरह मनुष्य सांसारिक कार्यों के लिए समय देता है। उसी तरह से ही भक्ति के लिए भी समय निकालकर समय देना चाहिए। इस अवसर पर जनेश्वर दयाल जैन, अंकुश जैन, सचिन जैन, राजेश जैन, परमेश्वर, संदीप, मनोज जैन, नरेश जैन, लाजपत जैन, रीना जैन, दीपा जैन, मंजू जैन आदि मौजूद रहे।



## ताइक्वांडो एकेडमी में सम्मान समारोह आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** खेकड़ा नगर में रविवार को ताइक्वांडो एकेडमी परिसर में एक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इसमें ताइक्वांडो स्पोर्ट्स कोटे से भारतीय सेना में चयनित हुए जतीन यादव और महेश यादव को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर खिलाड़ियों के परिवारों, एकेडमी के प्रशिक्षुओं और क्षेत्र के कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।
जिला पंचायत सदस्य मनुपाल बंसल समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। ताइक्वांडो एसोसिएशन बागपत के अध्यक्ष सुभाष त्यागी ने जतीन और महेश को बधाई दी। उन्होंने कहा कि दोनों खिलाड़ियों का सेना में चयन पूरे जिले के लिए गर्व का विषय है। त्यागी ने यह भी बताया कि खेल युवाओं के शारीरिक और मानसिक विकास में सहायक होते हैं, साथ ही रोजगार के नए अवसर भी प्रदान करते हैं। एकेडमी के कोच सचिन शर्मा ने बताया कि संस्थान के कई खिलाड़ी पहले भी राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पदक जीत चुके हैं। उन्होंने कहा कि जतीन और महेश की यह उपलब्धि एकेडमी के सभी प्रशिक्षुओं के लिए प्रेरणादायक है। शर्मा के अनुसार, ताइक्वांडो जैसे मार्शल आर्ट युवाओं में अनुशासन, आत्मविश्वास और फिटनेस को बढ़ावा देते हैं, जिससे उन्हें एक सुरक्षित भविष्य बनाने में मदद मिलती है। कार्यक्रम में आदेश धामा, अजीत यादव, अमित धामा, देव सिरोही, राजू शर्मा, हर्ष शर्मा और रोहित सहित कई अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। सभी उपस्थित लोगों ने दोनों खिलाड़ियों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दीं और उम्मीद जताई कि वे राष्ट्रीय सेवा में उत्कृष्ट योगदान देंगे तथा ताइक्वांडो के माध्यम से देश का मान बढ़ाएंगे।



## पुलिस टीम पर हमले का आरोपी मुठभेड़ में घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मथुरा।** थाना गोवर्धन पुलिस और एंटी रिवार्डेड टीम की संयुक्त कार्रवाई में राजस्थान के डीग जिले का अपराधी शनिवार रात पुलिस मुठभेड़ में घायल हो गया। पुलिस ने उसके कब्जे से तमंचा कारतूस और बाइक बरामद की। इसके बाद घायल अवस्था में उपचार को भर्ती कराया। इसका एक साथी भागने में कामयाब हो गया। घायल शातिर ने अपहरण के आरोपी को पकड़ने डीग गयी गोवर्धन पुलिस पर हमला करते हुए गोवर्धन के उप निरीक्षक को बंधक बना कर पीटा था। को गोवर्धन अनिल कुमार सिंह ने बताया कि शनिवार शाम थाना प्रभारी निरीक्षक रवि त्यागी रीवार्डेड टीम प्रभारी सावेज चौधरी पुलिस टीम के साथ ने इनामी, शातिर बदमाशों की तलाश में गोवर्धन क्षेत्र में भ्रमण पर थे। रात करीब पौने आठ बजे कुंजीलाल तिराहा के समीप पुलिस द्वारा चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान बाइक सवार दो बदमाशों को पुलिस ने रुकने का इशारा किया, लेकिन बदमाशों ने पुलिस को देख कर भागने लगे। शक होने पर पुलिस टीम ने इनका पीछा किया तो बाइक सवार बदमाश जंगल की ओर कच्चे रास्ते पर बाइक लेकर भागे। आगे बाइक फिसलने पर खुद को घिरा देख बदमाशों ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर भागने लगे। पुलिस द्वारा आत्मरक्षा में की गई जवाबी कार्रवाई में बदमाश संजय उर्फ आकाश निवासी इकलहरा थाना कोतवाली डीग, राजस्थान पैर में गोली लगने से घायल हो गया। इसके कब्जे से तमंचा कारतूस और बाइक बरामद कर दाहिने पैर में गोली लगने से घायल को उपचार को भर्ती कराया। इस दौरान इसका साथी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया।

## पीड़ित व्यक्ति ने की सरकारी भूमि से अवैध कब्जा हटवाने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खेकड़ा।** नगर के काठा रोड स्थित सीएचसी के पास सरकारी जमीन पर दबंगों द्वारा अवैध कब्जे को लेकर एक व्यक्ति ने जिलाधिकारी से शिकायत की। शिकायत कर उसने दबंगों से सरकारी जमीन को कब्जामुक्त कराने की मांग की।
नगर निवासी ब्रह्मानंद ने जिला. धिकारी से शिकायत की। उसने कहा कि नगर की सीएचसी के पास सरकारी भूमि है। जिस पर नगर के ही एक दबंग व्यक्ति द्वारा अवैध कब्जा कर लिया गया है। दबंग द्वारा जमीन पर प्लाटिंग करने की तैयारी चल रही है। उसका कोई विरोध करता है तो वह तमंचे ओर बंदूक लेकर मारने के लिए दौड़ने लगता है, जिसके चलते उसका विरोध करने का भी कोई प्रयास नहीं करता है। इसको लेकर वह पहले भी शिकायत कर चुका है, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। उसने शिकायती पत्र देकर सरकारी भूमि से अवैध कब्जा हटवाने की मांग की।

[redacted]

## नगर में जैन समाज ने निकाली रथ यात्राा, उमड़े जैन श्रद्धाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** संस्कारप्रणेता, ज्ञानयोगी, आचार्य श्री 108 सौरभ सागर महाराज के सानिध्य एवं श्री मुनिसुव्रतनाथ दिगंबर जैन मंदिर कमेटी के तत्वावधान में दिगंबर जैन कॉलेज ए फील्ड में पंच कल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव का शुभारंभ मुनिसुव्रतनाथ भगवान की रथयात्रा से हुआ। सोधर्म इंद्र सौरभ जैन कुबेर इंद्र सिद्धार्थ जैन, यज्ञनायक प्रभात जैन, ईशान इंद्र राजीव जैन, सनत इंद्र सतीश जैन, महेंद्र इंद्र अशोक जैन, भगवान के माता पिता चेतन लाल जैन, अन्य इंद्र मनोज जैन, संजय जैन, अभिषेक जैन, अंकुर जैन, विभोर जैन, राजेंद्र जैन, अनुज जैन, नीरज जैन, नितिन जैन, विकास जैन, राहुल जैन, अंकुर जैन आदि रथ और बग्गी पर विराजमान होकर रथयात्रा की शोभा बढ़ा रहे थे। भारत के प्रसिद्ध बैंड धार्मिक धुन बजाते चल रहे थे। वहीं ढोल, ताशे,भजन मंडली की मधुर धुनों पर जैन श्रद्धालु भक्ति कर रहे थे। रथयात्रा श्री मुनिसुव्रतनाथ दिगंबर जैन मंदिर दिल्ली रोड से प्रारंभ होकर नया बाजार, भगवान महावीर मार्ग होते हुए दिगंबर जैन कॉलेज, ए फील्ड पहुंची। जहां पर ध्वजारोहण प्रवीण जैन और मनोज जैन द्वारा किया गया। सुंदर विशाल मंडप का उद्घाटन धनपाल जैन द्वारा किया गया। चित्र अनावरण जितेंद्र कुमार संदीप जैन डब्बू द्वारा और दीप प्रज्वलन अजय जैन मनीष जैन द्वारा किया गया। ध्वजारोहण प्रवीण जैन और मनोज जैन द्वारा तथा मंडप उद्घाटन धनपाल जैन द्वारा किया जाएगा। चित्र अनावरण जितेंद्र कुमार संदीप जैन द्वारा और दीप प्रज्वलन अजय जैन मनीष जैन द्वारा किया गया। पंडित हंसमुख राय के निर्देशन में मंडप शुद्धि, याज्ञमंडल पूजन, सकलीकरण आदि की धार्मिक क्रियाएं संपन्न हुई। प्रथम दिन गर्भ कल्याणक के प्रथम दिन प्रवचन देते हुए आचार्य सौरभ सागर महाराज ने कहा कि साधारणतया गर्भ का अर्थ होता है,मरण के बाद जन्म के पूर्व कुछ दिन केलिए विश्राम का स्थान। उस गर्भ के साथ कल्याणक शब्द जोड़ दिया गया है, जिस कारण से गर्भ में कुछ विशेषता आ गयी, कुछ अतिशय प्रगट हो गया, देवी-देवता का सम्बन्ध जुड़ गया, रत्नों की वृष्टि होने लग गयी, 8 देवियां, 56 कुमारियां सेवार्थ आ गयी, माँ को 16 स्वप्न दिख गये, नगर का सारा दारिद्रय समाप्त हो गया, क्योंकि चौद्ह करोड़ रत्नों की बरसात प्रतिदिन होने लगी, धरती हिरण्य -गर्भा हो गयी, दु:खी जीव सुखी होने लग गये।



## संक्षिप्त खेल समाचार

### 2026 सीजन के बाद टेनिस से संन्यास लेगी सोराना

**रोमानिया, वार्ता।** रोमानिया की महिला टेनिस खिलाड़ी सोराना सिर्स्टिया ने सोशल मीडिया मंच पर कहा है कि वह 2026 सीजन के बाद टेनिस से संन्यास लेगी। 35 साल की रोमा. नियाई खिलाड़ी ने शनिवार को सोशल मीडिया मंच इंस्टाग्राम पोस्ट में कहा कि डब्लयूटीए टूर पर उनका 20वां सीजन का आखिरी साल होगा। सिर्स्टिया ने लिखा, ष्मुझे टेनिस बहुत पसंद है। मुझे इसका अनुशासन, रूटीन, कड़ी मेहनत पसंद है। मुकाबला और एड्रेनालाईन मेरी आत्मा को एनर्जी देते हैं। लेकिन जिदगी में हर चीज की तरह, इसका भी अंत होना है। उन्होंने कहा कि मैंने कभी इतने लंबे समय तक खेलने की उम्मीद नहीं की थी, लेकिन पिछले कुछ साल कोर्ट पर मेरे सबसे खुशहाल साल रहे हैं और उन्होंने मुझे आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

### हम दबाव का सामना नहीं कर पाए हैं: बेन स्टोक्स

**ब्रिसबेन, वार्ता।** इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने एशेज सीरीज के दूसरे टेस्ट मैच में ऑस्ट्रेलिया के हाथों मिली आठ विकेट से करारी हार पर कहा कि हम दबाव का सामना नहीं कर पाए। उन्होंने कहा कि हम कमजोर नहीं है और वापसी के लिए जरूरत पड़ने पर जोश दिखाना होगा। मैच के बाद स्टोक्स ने कहा कि हम मैच में दबाव का सामना नहीं कर पाये। उन्होंने कहा इंग्लैंड को सीरीज में बने रहे के लिए और अधिक संघर्ष करना होगा। उन्होंने कहा कि उनकी टीम मुश्किल हालात से वापसी कर सकती और अब 3-2 का नतीजा ही एशेज वापस जीतने का एकमात्र रास्ता है। उन्होंने कहा कि कैच छोड़ना टीम की मुख्य खामी रही जिसने लाइट्स में पिंक बॉल से उनकी वापसी के प्रयास को कमजोर कर दिया।

# जायसवाल वनडे शैली से तालमेल बैठा लेंगे: गंभीर



**वनडे क्रिकेट में जरूरी चीज यह है कि आपको पता होना चाहिए आप किस शैली में क्रिकेट खेलना चाहते है**

**विशाखापत्तनम, वार्ता।** भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने तीसरे एकदिवसीय में यशस्वी जायसवाल की शतकीय पारी के बाद कहा कि जिस समय उन्हें यह पता लग गया कि एकदिवसीय प्रारुप में किस शैली से बल्लेबाजी करनी है तब फिर उनके पास अनंत संभावनाएं होगी।

जायसवाल भारतीय टेस्ट दल का नियमित हिस्सा हैं लेकिन उन्होंने अब तक केवल चार एकदिवसीय मैच ही खेले हैं। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ वनडे सीरीजी में उन्हें अवसर नियमित सलामी बल्लेबाज और कप्तान शुभमन गिल के चोटिल होने के कारण मिला। दक्षिण अफ्रीका पर भारत की नौ विकेट से जीत के बाद गंभीर ने कहा, ष्वनडे क्रिकेट में जरूरी चीज यह है कि आपको पता होना चाहिए कि आप किस शैली में क्रिकेट खेलना चाहते हैं। जब आप लाल गेंद क्रिकेट खेलकर एकदिवसीय क्रिकेट खेलने आते हैं तो आपको लगता है कि यहां आपको आक्रामक शैली में खेलना है लेकिन आपको वनडे क्रिकेट में आक्रामक बल्लेबाजी करने की जरूरत नहीं है। आप इसे 30 और 20 ओवर में भी विभाजित कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि अगर आप 30 ओवर एकदिवसीय क्रिकेट की तरह खेलते हैं तो जो क्षमता जायसवाल के पास है वह तब तक शतक के पास होंगे। इसके बाद भी आपके पास 20 ओवर बचे होंगे और आप इस चरण में टी-20 क्रिकेट की तरह खेल सकते हैं। केवल शैली का अनुसरण जरूरी है। यह जायसवाल का चौथा मैच था। जिस समय उन्हें यह पता लग गया कि एकदिवसीय क्रिकेट में किस शैली से बल्लेबाजी करनी है तब फिर उनके पास अनंत संभावनाएं होंगी। जायसवाल ने पूरी पारी में बल्लेबाजी की, पहले उन्होंने रोहित शर्मा के साथ पहले विकेट के लिए 155 रन जोड़े और फिर विराट कोहली के साथ 116 रनों की नाबाद पारी खेलते हुए अंत तक डटे रहे। इस सीरीज में इससे पहले ऋतुराज गायकवाड़ ने भी शतक जड़ा, जो कि स्वयं भी वनडे दल का नियमित हिस्सा नहीं हैं और उन्होंने ऐसे स्थान पर बल्लेबाजी करते हुए शतक जड़ा जिस स्थान पर वह अमूमन बल्लेबाजी नहीं करते हैं। उन्होंने कहा कि ऋतु ने अपने नियमित स्थान से दूसरे क्रम पर बल्लेबाजी की। हम सभी जानते हैं कि वह बेहरतीन बल्लेबाज हैं। जिस तरह वह इंडिया ए के लिए प्रदर्शन कर रहे थे उसे देखते हुए हम उन्हें इस सीरीज में अवसर देना चाहते थे और उन्होंने मौके को अच्छी तरह से भुनाया। हमने 40 पर दो विकेट गंवा दिए थे और उस स्थिति में बल्लेबाजी करने आने के बाद शतक लगाना वाकई प्रशंसनीय था। उन्होंने कहा कि देखिए, हमें जब भी अवसर मिलता है हम नए खिलाड़ियों को अवसर प्रदान करने की कोशिश करते हैं। क्योंकि हम आगामी विश्व कप के लिए 20-25 खिलाड़ियों का एक ग्रुप चाहते हैं। लेकिन जब आपके कप्तान व उपकप्तान (वनडे में अय्यर) वापस आ जाते हैं तो आपको उन्हीं से शुरुआत करनी होगी। लेकिन जिस तरह का उन्होंने (यशस्वी व गायकवाड़) प्रदर्शन किया है, जब संभव होगा हम उन्हें मौका जरूर देंगे। यह उन कारणों में से एक है कि हम क्यों हर्षित जैसे खिलाड़ियों को विकसीत करना चाहते हैं जो कि आठवें नंबर पर बल्लेबाजी कर टीम के लिए योगदान दे सके।

## एसएमएटी में मुंबई के लिए खेलेंगे यशस्वी जायसवाल

**मुम्बई, वार्ता।** विशाखापत्तनम में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीसरी एकदिवसीय मुकाबले में नाबाद शतक बनाने वाले सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी (एसएमएटी) में अपनी घरेलु टीम मम्बई के लिए खेलेंगे। यशस्वी जायसवाल ने राष्ट्रीय टी-20 चैंपियनशिप में घरेलू टीम के लिए खेलने की सहमति दे दी है। जायसवाल की उपलब्धता की पुष्टि मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन (एमसीए) के एक वरिष्ठ अधिकारी ने की है। अधिकारी ने रविवार को क्रिकबज को बताया कि उन्होंने एसएमएटी अभियान के लिए स्वयं को उपलब्ध कराया है। जायसवाल आखिरी बार एसएमटी में 2023-24 क्वार्टर-फाइनल में खेले थे और राष्ट्रीय प्रतिबद्धता के कारण पिछले एडिशन में हिस्सा नहीं ले पाए थे। 23 साल के इस खिलाड़ी ने टूर्नामेंट में 28 मैच खेले हैं, जिसमें 26 पारियों में 27 की औसत और 136-42 के स्ट्राइक रेट से 648 रन बनाए हैं। टूर्नामेंट में उनके नाम तीन हाफ-सेंचुरी हैं। हालांकि, अभी यह स्पष्ट नहीं है कि रोहित शर्मा एसएमएटी में खेलेंगे या नहीं। हालांकि उनकी भागीदारी के बारे में खबरें आई हैं, लेकिन एमसीए के अधिकारी इसकी पुष्टि नहीं की। एमसीए के एक अधिकारी ने कहा कि उन्होंने अभी तक इसकी पुष्टि नहीं की है। इससे पहले, टीम के सूत्रों ने संकेत दिया था कि रोहित टी-20 टूर्नामेंट में खेलेंगे, लेकिन रविवार सुबह तक भी कोई निश्चितता नहीं थी। जायसवाल की तरह, रोहित भी भारत की एकदिवसीय टीम का हिस्सा थे।

## कोहली ने परिवार के साथ सिंहाचलम मंदिर में दर्शन किए

● **आलरांडर वाशिंगटन सुंदर भी साथ थे, इसी साल अयोध्या-वृंदावन भी गए थे**

**विशाखापट्टनम, वार्ता।** इंडियन बैटर विराट कोहली ने अपने परिवार और आलराउंडर वाशिंगटन सुंदर के साथ रविवार को विशाखापट्टनम स्थित सिंहाचलम मंदिर में दर्शन किए। 2 मिनट 36 सेकंड के वीडियो में विराट कोहली मंदिर में पूजा-पाठ करते नजर आ रहे हैं।

उनके साथ सुंदर भी हैं। विराट ने पारंपरिक कप्पस्थम्भम अलिंगनम (पवित्रा स्तंभ को गले लगाना) अनुष्ठान में भाग लिया। मंदिर प्रशासन ने बताया कि को. हली पूरे परिवार के साथ दर्शन करने आए थे, लेकिन फोटो-वीडियो में कहीं भी अनुष्का और बच्चे नजर नहीं आए। विराट ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ वनडे सीरीज में दो शतकों के सहारे 151.00 की एवरेज से 302 रन बनाए। विराट ने तीसरे वनडे में नाबाद 66 रनों की पारी खेली। इस मैच को भारत ने 9 विकेट से जीता। पुजारियों ने वेद आशीर्वाद पाठ किया दर्शन के बाद पुजारियों ने नादस्वरम की ध्वनि के साथ वेद आशीर्वाद का पाठ किया। पुजारियों ने खिलाड़ियों को मंदिर का पवित्रा वस्त्रा दिया और देवस्थानम की ओर से उन्हें भगवान का चित्रा और प्रसाद भेंट किया। मई में अयोध्या गए थे, रामलला-हनुमान गढ़ी में दर्शन किए विराट कोहली और अनुष्का शर्मा 25 मई को अयोध्या गए थे। दोनों ने सुबह 7 बजे रामलला के दर्शन किए। दोनों गर्भगृह में करीब 10 मिनट रहे। हालांकि, राम मंदिर में विराट-अनुष्का की तस्वीरें सामने नहीं आई। उसके बाद दोनों ने हनुमानगढ़ी मंदिर में 20 मिनट तक पूजा-अर्चना की।

## स्मृति-पलाश की शादी कैंसिल

● **भारतीय महिला क्रिकेटर ने लिया कि मामले को यही खत्म करना चाहती हूं, अब आगे बढ़ने का वक्त**

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय महिला क्रिकेटर स्मृति मंधाना और सिंगर पलाश मुछाल की शादी कैंसिल हो गई है। स्मृति और पलाश ने इंस्टाग्राम पर स्टोरी लगाकर इसकी जानकारी दी। दोनों की शादी 23 नवम्बर को होनी थी। संगीत से लेकर हल्दी के कार्यक्रम हो चुके थे।

बारात की तैयारियां चल रही थीं। ऐसे में 23 नवम्बर की सुबह स्मृति के पिता को हार्ट अटैक आने के बाद शादी पोस्टपोन कर दी गई थी। शादी टलने के बाद सोशल मीडिया पर कई तरह की अफवाहें फैलने लगीं। दावा किया गया कि पलाश ने स्मृति के साथ धोखा किया है और उनका नाम वेडिंग कोरियोग्राफर से जोड़ा गया। इसी बीच, स्मृति ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट से शादी से जुड़ी सभी तस्वीरें हटा दी थीं। स्मृति ने पोस्ट में लिखा- पिछले कुछ हफ्तों से मेरी निजी जिंदगी को लेकर काफी अटकलें लगाई जा रही हैं, इसलिए मुझे लगा कि इस समय मुझे खुद इस बारे में बात कर देनी चाहिए।

मैं बहुत निजी स्वभाव की इंसान हूं और अपनी प्राइवेसी बनाए रखना चाहती हूं, लेकिन यह साफ करना जरूरी है कि शादी अब कैंसिल हो गई है। मैं चाहती हूं कि यहीं इस मामले को खत्म कर दिया जाए और आप सभी से भी यही अनुरोध है कि इस विषय को आगे न बढ़ाएं। कृपया इस समय दोनों परिवारों की निजी जिंदगी का सम्मान करें और हमें थोड़ा समय दें, ताकि हम अपनी भावनाओं को संभाल सकें और आगे बढ़ सकें। पलाश ने इंस्टा स्टोरी में लिखा कि मैंने अपने जीवन में आगे बढ़ने और अपनी निजी रिश्ते से पीछे हटने का फैसला किया है। मेरे लिए यह बहुत मुश्किल स्थिति रही है, खासकर तब जब लोग बिना किसी आधार के फैल रही अफवाहों पर इतनी आसानी से रिएक्ट करते हैं। जो चीज मेरे लिए सबसे पवित्रा थी, उसी पर ऐसी बातें होना बेहद दुखद है। यह मेरे जीवन का सबसे कठिन दौर है, और मैं इसे अपनी मान्यताओं पर टिके रहते हुए शांत और सम्मानजनक तरीके से संभालूंगा। मैं सच में उम्मीद करता हूं कि हम एक समाज के रूप में यह सीखें कि किसी के बारे में बिना सत्यापित खबरों और अनजान सोर्स वाली गासिप पर भरोसा करके तुरंत फैसला न करें। हमारे शब्द कभी-कभी ऐसे घाव दे सकते हैं जिनकी गहराई हम समझ भी नहीं पाते। मेरी टीम उन लोगों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करेगी जो झूठी और बदनाम करने वाली बातें फैला रहे हैं।

## नामीबिया ने गैरी कर्स्टन को सलाहकार किया नियुक्त

● **अब टीम आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप 2026 के लिए अपनी तैयारियां कर रही है**

**विडहोक, वार्ता।** नामीबिया क्रिकेट ने दक्षिण अफ्रीका के पूर्व ओपनर और मशहूर अंतर्राष्ट्रीय कोच गैरी कर्स्टन को अपनी पुरुष क्रिकेट टीम का सलाहकार नियुक्त किया है। नामीबिया क्रिकेट ने यह नियुक्ति ऐसे समय की है जब टीम आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप 2026 के लिए अपनी तैयारियां कर रही है। आईसीसी की वेबसाइट के अनुसार, कर्स्टन ने 101 टेस्ट में 7,289 रन और 185 एकदिवसीय में 6,798 रन के साथ एक शानदार खेल करियर का आनंद लिया, वह मैदान पर और मैदान के बाहर दोनों जगह बहुत अनुभव रखते हैं।

एक भरोसेमंद शीर्षक्रम के बल्लेबाज की पहचान के अलावा, उन्होंने घरेलू, अंतर्राष्ट्रीय और फ्रेंचाइजी क्रिकेट में एक शानदार कोचिंग करियर बनाया है। 56 साल के कर्स्टन पहले भारतीय टीम के भी मुख्य कोच रह चुके हैं और उन्होंने 2011 में भारत को अपना दूसरा पुरुष क्रिकेट विश्व कप खिताब जिताया था। बाद में उन्होंने अपने देश दक्षिण अफ्रीका को कोचिंग दी और हाल ही में पाकिस्तान की नेशनल टीम के साथ काम किया। कर्स्टन ने नामीबिया क्रिकेट के साथ जोड़ने को लेकर एक बयान में कहा कि क्रिकेट नामीबिया के साथ काम करना वाकई में एक गर्व की बात है। मैं एक हाई-परफॉर्मेंस क्रिकेट माहौल बनाने के उनके डेडिकेशन और पक्के इरादे से पूरी तरह इम्प्रेस हुआ हूं। उनका नया स्टेट-ऑफ-द-आर्ट क्रिकेट स्टेडियम इस बात का सबूत है कि वे यह पक्का करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## सीएम साहा ने त्रिपुरा में किया पहले गोल्फ टूर्नामेंट शुभारंभ

● **त्रिपुरा में खेल और व्यवसाय के लिए एक नए युग की शुरुआत है**

**अगरतला, वार्ता।** त्रिपुरा के मुख्यमंत्री डा. माणिक साहा ने रविवार को त्रिपुरा गोल्फ एसोसिएशन (टीजीए) और बीएसएफ फंटियर मुख्यालय द्वारा भारत गोल्फ महोत्सव के तहत यहां पूर्वोत्तर में आयोजित पहले गोल्फ टूर्नामेंट का शुभारंभ किया। टूर्नामेंट में देशभर विभिन्न क्षेत्रों के 30 से अधिक गोल्फर शामिल हुए। आज यहां त्रिपुरा के मुख्यमंत्री डा. माणिक साहा ने खेल मंत्री टिकू रॉय, गोल्फ फेडरेशन ऑफ इंडिया (जीएफआई) के महासचिव आर्यवीर आर्य, टीजीए के अध्यक्ष डेविड देबबर्मा और सीमा सुरक्षाबल (बीएसएफ) के पुलिस महानिरीक्षक ए-के-चक्रवर्ती के साथ यहां शालबगान में बीएसएफ गोल्फ क्लब में इस कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने राष्ट्रीय और वैश्विक स्तर पर त्रिपुरा की पहचान को बढ़ाने के लिए राज्य में एक अंतर्राष्ट्रीय-मानक गोल्फ कोर्स स्थापित करने की घोषणा की, जिससे अधिक पर्यटन और निवेश के अवसर मिलेंगे। डा. साहा ने कहा कि यह त्रिपुरा में खेल और व्यवसाय के लिए एक नए युग की शुरुआत है। उन्होंने कहा , ष्मैं भारत गोल्फ महोत्सव के तहत पूर्वोत्तर में पहले गोल्फ टूर्नामेंट का उद्घाटन करके बहुत खुश हूं। यह त्रिपुरा के लिए एक गर्व का क्षण है क्योंकि हम टीजीए द्वारा आयोजित इस उद्घाटन कार्यक्रम में देश के विभिन्न हिस्सों से 30 से ज्यादा गोल्फ खिलाड़ियों की मेजबानी कर रहे हैं। उन्होंने यह भी बताया कि अप्रत्याशित उड़ान व्यवधानों के कारण लगभग 25 गोल्फ खिलाड़ी इस कार्यक्रम में शामिल नहीं हो पाए, लेकिन कई बाधाओं के बावजूद, कार्यक्रम में अच्छी खासी उपस्थिति रही।

## ऐश्वर्य तोमर ने वर्ल्ड कप फाइनल में थ्री पोजीशन में जीता रजत पदक

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय निशानेबाज ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर ने रविवार को अंतर्राष्ट्रीय निशानेबाजी स्पोर्ट फेडरेशन आईएसएसएफ विश्वकप फाइनल में 50 मीटर थ्री पोजीशन स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक हासिल किया। दोहा के लुसैल शूटिंग कॉम्प्लेक्स में खेले गए मुकाबले में दो बार के ओलंपियन, पूर्व जूनियर विश्व चैंपियन, मौजूदा एशियाई चैंपियन और पिछले महीने विश्व चैंपियनशिप में रजत जीतने वाले इस भारतीय खिलाड़ी ने चेकिया के जिरी प्रिव्रात्स्की के बाद दूसरा स्थान हासिल किया, जिन्होंने नए आईएसएसएफ फॉर्मेट के 40-शॉट के फाइनल में 414.2 का स्कोर किया, जिससे वह 0-9 पीछे रह गए। ओलंपिक चैंपियन लियू युकुन ने कांस्य पदक जीता। ऐश्वर्य ने क्वालिफिकेशन में 595 का स्कोर किया और चीन के टियान जियामिंग के बाद दूसरे स्थान पर रहे।

# माइकल नीसर के पंजे से ऑस्ट्रेलिया ने एशेज सीरीज में 2-0 की बढ़त हासिल की



● **माइकल नीसर ने शानदार गेंदबाजी करते हुए पांच विकेट हासिल किए**

**ब्रिस्बेन, वार्ता।** माइकल नीसर (पांच विकेट) की अगुवाई में गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन के दम ऑस्ट्रेलिया ने एशेज सीरीज के दूसरे टेस्ट के चौथे दिन रविवार को इंग्लैंड को दूसरी पारी में 241 के स्कोर पर समेटने के बाद जीत के लिए मिले 65 रनों के लक्ष्य को 10 ओवर में हासिल कर मुकाबला आठ विकेट से अपने नाम करने के साथ पांच मैचों की इस टेस्ट सीरीज में 2-0 की बढ़त बना ली है।

मिचेल स्टार्क को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' के पुरस्कार से नवाजा गया। जेक वेदरॉल्ड और ट्रेविस हेड की जोड़ी ने 65 रनों के लक्ष्य के लिए ऑस्ट्रेलिया की दूसरी पारी की शुरुआत की और टीम जीत की ओर बढ़ रही थी कि इसी दौरान छठें ओवर में गस ऐटकिसन ने ट्रेविस हेड को बोल्डकर इंग्लैंड को पहली सफलता दिलाई। ट्रेविस हेड ने 22 गेंदों में दो चौकों और एक छक्के की मदद से 22 रनों की पारी खेली। आठवें ओवर में गस ऐटकिसन मार्नस लाबुशेन (तीन) को आउटकर अपना दूसरा शिकार किया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आए कप्तान स्टीव स्मिथ ने जेक वेदरॉल्ड के साथ संभलकर खेलते अपनी टीम को 10 ओवर में दो विकेट पर 69 रन बनाकर आठ विकेट से जीत दिला दी। स्मिथ ने ऐटकिसन की गेंद पर छक्का उड़ाते हुए अपनी टीम को जीत दिलाई। स्मिथ ने नौ गें. दों में नाबाद 23 रन बनाए। वहीं जेक वेदरॉल्ड ने 23 गेंदों में नाबाद 17 रनों की पारी खेली। इंग्लैंड के लिए गस ऐटकिसन ने दो विकेट झटके। इससे पहले आज यहां इंग्लैंड ने कल के छह विकेट पर 134 रन से आगे खेलना शुरु किया। इंग्लैंड का सातवां विकेट विल जौक्स के रूप में 224 के स्कोर पर गिरा। विल जौक्स ने 92 गेंदों में दो चौकों की मदद से 41 रन बनाए। उन्हें माइकल नीसर ने आउट किया। इसके बाद नीसर ने कप्तान बेन स्टोक्स का भी शिकार कर लिया। बेन स्टोक्स ने 152 गेंदों में चार चौकों की मदद से 50 रनों की पारी खेली। गस ऐटकिसन (तीन) रन बनाकर आउट हुए। नीसर ने 76वें ओवर में ब्राइडन कार्स (सात) को आउट कर इंग्लैंड की दूसरी पारी को 241 के स्कोर पर समेट दिया। ऑस्ट्रेलिया को दूसरी पारी में जीत के लिए 65 रनों का लक्ष्य मिला। ऑस्ट्रेलिया के लिए माइकल नीसर ने पांच विकेट लिए। मिचेल स्टार्क और स्टॉक बोलैंड को दो-दो विकेट मिले। ब्रेंडन डॉगेट ने एक बल्लेबाज को आउट किया। इंग्लैंड ने पहली पारी में 334 रन बनाए थे। इसके बाद ऑस्ट्रेलिया ने अपनी पहली पारी में 511 रनों का विशाल स्कोर खड़ा कर 177 रनों की बढ़त हासिल की।

## मणिपुर ने 12वीं बार जीता डा. तालिमेरेन एओ जूनियर गर्ल्स एनएफसी का खिताब

**आंध्र प्रदेश, वार्ता।** मणिपुर ने रविवार को बंगाल को 9-0 से हराकर अपना 12वां डा. तालिमेरेन एओ जूनियर गर्ल्स' नेशनल फुटबॉल चैंपियनशिप टियर 1 का खिताब जीत लिया। इस जीत के साथ ही मणिपुर ने खिताबों की शानदार हैट्रिक भी पूरी की। यहां अनंतपुर के आरडीटी स्टेडियम में खेले गए खिताबी मुकाबले में मणिपुर के लिए, चिगखामयुम रेडिमा देवी (आठवें, 41वें, 65वें) मिनट और लोंगजाम नीरा चानू ने (29वें, 55वें, 59वें) मिनट में गोलकर हैट्रिक लगाई, जबकि याइफबी थोकचोम ने (68वें, 76वें) मिनट में दो गोल किए। मोंगजाम पुष्पाराणी देवी ने (75वें) मिनट में एक गोल किया। चैंपियनशिप के फाइनल में मणिपुर के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए हाफ टाइम तक मणिपुर 3-0 से बढत बनाई।

# प्रथमेश ने तीरंदाजी को जीते दो स्वर्ण



**जयपुर, वार्ता।** सावित्री ज्योतिबाई फुले यूनिवर्सिटी ऑफ पुणे का प्रतिनिधित्व कर रहे प्रथमेश फुगे ने खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स राजस्थान 2025 में शानदार प्रदर्शन करते हुए कंपाउंड तीरंदाजी में दो स्वर्ण पदक जीते। आर्थिक चुनौतियों को पार करते हुए 22 वर्षीय तीरंदाज प्रथमेश ने व्यक्तिगत फाइनल में मिहिर नितीन को परफेक्ट 10 स्कोर करते हुए हराया और महक पाठन के साथ मिश्रित टीम कंपाउंड स्पर्धा में भी स्वर्ण जीता।

दोहरे स्वर्ण पदक जीतने के बाद प्रथमेश ने साई मीडिया से कहा कि मैं जीतने के बारे में नहीं सोचता, मैं बस अपना सर्वश्रेष्ठ देने और बाकी ऊपर छोड़ने में विश्वास करता हूं। हर 10-पॉइंटर शॉट के लिए मैं सिर्फ अपने मसल मेमोरी पर निर्भर करता हूं, न प्रतिद्वंद्वी की परवाह करता हूं और न हवा की। उन्होंने कहा, ष्मैं हर दिन और कठिन अभ्यास करता था ताकि साई के नेशनल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (एनसीओई), सोनीपत में चयन हो जाए, जिससे मेरे माता-पिता पर खर्च का बोझ न पड़े। 22 साल की उम्र में यह मेरी जिम्मेदारी है कि मैं परिवार पर बोझ न बनूं। प्रथमेश ने याद किया, ष्कोविड के बाद पिता का काम लगभग बंद हो गया था और स्थिति बेहद खराब थी। आर्चरी के सामान के लिए वे रिश्तेदारों और दोस्तों से उधार लेते थे। मुझे पता था कि मुझे कड़ी मेहनत करके परिवार की मदद करनी है, कर्ज चुकाने में उनका साथ देना है और अपनी आर्चरी को भी आगे बढ़ाना है।

# फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल 52वां संस्करण संपन्न

**नई दिल्ली/वाराणसी, वार्ता।** फिट इंडिया संडेज ऑन साइकिल के 52वें संस्करण का मुख्य कार्यक्रम सांस्कृतिक रूप से जीवंत शहर वाराणसी में हुआ। आज सुबह आयोजित हुए इस कार्यक्रम में भारत को कॉमनवेल्थ गेम्स 2030 की मेजबानी का अधिकार मिलने की ऐतिहासिक उपलब्धि पर फिटनेस, संस्कृति और राष्ट्रीय गौरव का शानदार संगम देखने को मिला। इस एडिशन में प्राइवेट सिक्योरिटी गाड्र्स को विशेष रूप से शामिल किया गया। केंद्रीय खेल मंत्री डा. मनसुख मांडविया की अगुवाई में, यह आंदोलन अपने पहले वर्षगांठ एडिशन में प्रवेश कर रहा है, जो 21 दिसम्बर को पुडुचेरी में होने वाला है। केन्द्रीय मंत्री ने कहा, ष्सिर्फ एक साल में फिट इंडिया संडेज ऑन साइकिल पहल 10 हजार से अधिक जगहों पर आयोजित की जा रही है, जिससे हर हफ्ते एक लाख से अधिक लोग जुड़ रहे हैं। एथलीटों और कलाकारों से लेकर अभिनेताओं और नागरिकों तक, हर कोई इस आंदोलन में शामिल हुआ है। डा. मांडविया ने कहा, ष्आज बनारस हिदू यूनिवर्सिटी (बीएचयू) में यह मेगा इवेंट उस गौरवपूर्ण उपलब्धि का भी जश्न है कि भारत 2030 कॉमनवेल्थ गेम्स की मेजबानी करने जा रहा है। साथ ही, आज पहली बार संगीत और संस्कृति की जानी-मानी हस्तियां वाराणसी में इस कार्यक्रम में शामिल हुई हैं। प्राइवेट सिक्योरिटी गार्ड, जो समाज को सुरक्षित रखने के लिए अथक प्रयास करते हैं, वे भी खास पार्टनर हैं जो हमारे एथलीटों के साथ शामिल हुए हैं, जो हमारी खेल संस्कृति को तेजी से आगे बढ़ाने में हर दिन योगदान दे रहे हैं। बीएचयू में सुबह के कार्यक्रम ने काशी की गलियों को स्वास्थ्य, सद्भाव और भारत की बढ़ती खेल प्रतिष्ठा के एक ऊर्जावान उत्सव में बदल दिया। नागरिक, एथलीट, सांस्कृतिक हस्तियां, प्राइवेट सिक्योरिटी कर्मी और छात्र बीएचयू में एकत्र हुए, जिससे कार्यक्रम में लोगों की संख्या 1000 हो गई। साइकिलिंग के अलावा, आज सुबह जुम्बा, योग और रस्सी कूद जैसी गतिविधियां भी आयोजित की गईं। इस कार्यक्रम में सांस्कृतिक क्षेत्र की जानी-मानी हस्तियों का एक खास जमावड़ा हुआ, जिसमें उत्तर प्रदेश सरकार के आयुष, खाद्य सुरक्षा और औषधि प्रशासन राज्य मंत्री दया शंकर मिश्रा, पद्म भूषण पुरस्कार से सम्मानित और बनारस घराने के मशहूर गायक पंडित साजन मिश्रा, जाने-माने संगीतकार और बनारस घराने के तबला वादक संजू सहाय, संकट मोचन मंदिर के महंत विश्वंभर नाथ मिश्रा, काशी विश्वनाथ मंदिर के प्रधान अर्चक शशि भूषण त्रिपाठी (गुड्डू महाराज), और भारत के टॉप एथलीट, जिनमें बॉक्सर अमित पंघाल, वेटलिफ्टर सुनीलसिंह और फ्रीस्टाइल पहलवान पूजासिंहाग शामिल थे। श्री दया शंकर मिश्रा ने इस पहल पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा, ष्मैं माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी का दिल से आभार व्यक्त करता हूं कि उन्होंने परोपकारी और दूरदर्शी फिट इंडिया मूवमेंट शुरू किया, जिसने फिटनेस को देशव्यापी जन आंदोलन में बदल दिया है। मैं केंद्रीय खेल मंत्री डा. मनसुख मंडाविया जी का भी तहे दिल से धन्यवाद करता हूं कि उन्होंने आज का व्ब शुरू किया और लगातार इनोवेटिव और समावेशी पहलों के माध्यम से इस आंदोलन को मजबूत कर रहे हैं। आज का यह उत्सव सच में एक स्वस्थ, सक्रिय और सशक्त नए भारत की भावना को दर्शाता है। पद्म भूषण साजन मिश्रा ने राष्ट्रमंडल खेलों 2030 के उत्साह को और बढ़ाया कि यह बहुत गर्व का क्षण है। हमने यहां एशियाई खेल भी आयोजित किए हैं, और 5 साल से भी कम समय में यहां राष्ट्रमंडल खेल होने जा रहे हैं। माननीय प्रधानमंत्री मोदी जी हमेशा कहते हैं कि जब तक आप स्वास्थ्य के लिहाज से फिट नहीं रहेंगे, तब तक आप अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सकते। साइकिलिग भी फिट इंडिया का हिस्सा है, इसलिए हमें ऐसे प्रयास जारी रखने चाहिए। संकट मोचन मंदिर के महंत विश्वंभर नाथ मिश्रा ने कहा, ष्शहर में ऐसी गतिविधियां नियमित रूप से होनी चाहिए। लोग आलसी होते जा रहे हैं।

# केवल चार दिन शेष

चुनाव आयोग ने हालांकि साफ कर दिया कि एसआईआर फार्म समय पर नहीं भरने पर किसी तरह की सजा या जुर्माने का कोई प्रावधान नहीं है, लेकिन इससे आपका नाम मतदाता सूची में शामिल नहीं हो पाएगा, यदि कोई निर्धारित अवधि के तहत एसआईआर फार्म यानी एन्युमरेशन फार्म नहीं भरा, तो उसका नाम ड्राफ्ट वोटर लिस्ट में शामिल नहीं किया जा सकता है। एसआईआर की प्रक्रिया यूपी, एमपी, बंगाल, राजस्थान समेत नौ राज्यों और तीन केंद्र शासित प्रदेशों में चल रही है और अब एसआईआर फार्म भरने के लिए केवल चार दिन बचे हैं। एसआईआर फार्म भरने का काम 4 नवम्बर को शुरू हुआ था और अब 11 दिसम्बर तक चलेगा। जैसे-जैसे निर्धारित समय नजदीक आ रहा है, यह सवाल उठ रहा है कि यदि समय रहते एसआईआर फार्म नहीं भरे तो क्या होगा, क्या एसआईआर फार्म भरना जरूरी है, मतदाता सूची की स्क्रूटनी के लिए एसआईआर फार्म भरने की डेडलाइन 11 दिसम्बर है। इस तारीख तक एसआईआर फार्म भरने से चूकने पर क्या-क्या नुकसान होंगे। मतदाता सूची में नाम न रहने पर आप मताधिकार से वंचित हो जाएंगे। लोकसभा, विधानसभा चुनाव या पंचायत या नगरपालिका चुनाव में वोट नहीं डाल पाएंगे। इसके अलावा भविष्य में ऐसे लोग कई योजनाओं के लाभ से भी वंचित रह सकते हैं, जो केंद्र सरकार की ओर से चलाई जाती हैं। आगामी विधानसभा या लोकसभा चुनावों में मताधिकार का इस्तेमाल करने के लिए वोटर लिस्ट में नाम होना बहुत ही जरूरी है। मतदान करना वोटर या नागरिक का संवैधानिक अधिकार है। मतदाधिकार का प्रयोग कर आप अपनी सरकार का चुनाव करते हैं। यहां यह उल्लेख किया जा सकता है कि जिनका नाम पिछली एसआईआर वोटर लिस्ट में पहले से है या फिर उनके माता-पिता या दादा-दादा या नाना-नानी का नाम दर्ज हैं। उन्हें फार्म भरना जरूरी है। यूपी में 2003 और पश्चिम बंगाल में 2002 की वोटर लिस्ट से उन्हें मिलान करना होगा और उन्हें 11 दिसम्बर तक एसआईआर फार्म भरना होगा। इसके अतिरिक्त जिन मतदाताओं के नाम एसआईआर में नहीं है। वे भी फार्म भर सकते हैं। चुनाव आयोग ने ऑनलाइन भी फार्म भरने की सुविधा जारी की है। वैसे ठस्ब्के घर पर तीन बार आने की बात है, लेकिन अगर वे किसी वजह से बीएलओ का आपसे संपर्क नहीं हो पाता है या आपको फार्म नहीं मिला, तो अभी भी समय है, आप अवजमते।मबप।हवअ।पद पर ऑनलाइन फार्म जमा कर दें, अन्यथा आपका नाम 16 दिसम्बर को जारी होने वाली ड्राफ्ट वोटर लिस्ट में नहीं होगा। किसी गलती को सही करने के लिए थ्वतउ 8 भरने का चुनाव आयोग ने विकल्प दिया है। अगर आपका नाम पिछली वोटर लिस्ट में था और आपका नाम 2002 या 2003 वाले एसआईआर रिकार्ड में नहीं है, फिर भी एसआईआर फार्म भरें, हालांकि इसके लिए सत्यापन के लिए आपको नोटिस जारी किया जा सकता है, अगर आप फार्म नहीं भर पाएं हैं या आपके माता-पिता का 2003 एसआईआर की सूची में नहीं हैं, तो आपका नाम ड्राफ्ट लिस्ट में नहीं होगा, लेकिन इसके बावजूद आप दावा आपत्ति अवधि के दौरान जनवरी 2026 तक अपनी जानकारी जमा करने का विकल्प है। मतदाता सूची में नया नाम जोड़ने के लिए म्ब्प् वेबसाइट पर उपलब्ध थ्वतउ 6 का प्रयोग करें। इसके लिए एक दस्तावेज जैसे आधार, बर्थ सर्टिफिकेट या पुराना एपिक कार्ड देना होगा, यदि ड्राफ्ट रोल जारी होने के बाद आपने फार्म भरा, तो आपको चुनाव अधिकारी के सामने सुनवाई में उपस्थित होना होगा, सुनवाई में नहीं पहुंचे और अपनी पात्रता साबित नहीं कर पाए, तो आपका नाम अंतिम मतदाता सूची में शामिल नहीं किया जाएगा।

## कश्मीर इश्यू का नाम लेना अब गुनाह



केंद्र सरकार की नीतियां पूरी तरह से फेल हो गई है, जिसके चलते डाक्टर सुसाइड बॉम्बर बना, कश्मीर इश्यू का नाम लेना अब गुनाह समझा जाता है, लेकिन मुल्क में जो समझदार लोग हैं, वे समझेंगे कि एक पढ़ा-लिखा डाक्टर अपने ऊपर बम बांधकर बेगुनाह लोगों को मारकर खुद भी जान देता है, ये कोई अच्छी बात है क्या, हम तो गांधी के देश से मिले, बस अपनी जिंदगी इज्जत से जीने के लिए, हम यह तो नहीं कहते कि हमें उठाकर पाकिस्तान को दे दो या यहां-वहां फेंक दो, हमें इज्जत दो, हमारे पढ़े-लिखे युवाओं को इज्जत दो, आपने जम्मू-कश्मीर को सुरक्षित बनाने का वादा किया था, लेकिन उसे पूरा करने के बजाय, आपकी नीतियों ने राजधानी दिल्ली को असुरक्षित बना दिया है। **-महबूबा मफ्ती, पूर्व सीएम, जम्मू कश्मीर**

# लोकतंत्र में बंदों को गिना करते हैं तौला नहीं करते



तनवीर जाफरी




नवनिर्वाचित बिहार विधानसभा के पहले सत्र में शपथ ग्रहण के दौरान गत 1 दिसंबर को भारतीय लोकतान्त्रिक व्यवस्था की वास्तविकता का एक अजीब दृश्य देखने को मिला जबकि राज्य की नवादा विधानसभा क्षेत्र से निर्वाचित जनता दल (यूनाइटेड) विधायक विभा देवी को हिंदी में भी शपथ पत्र पढ़ने में कठिनाई का सामना करना पड़ा।

अनपढ़ होने के कारण ही वह ठीक से शपथ नहीं पढ़ पा रही थीं। इस संबंध में वायरल हुई वीडियो में देखा गया कि शपथ लेने के दौरान वे बार-बार रुक गईं और उन्होंने पास में बैठी एक अन्य जेडीयू विधायक मनोरमा देवी से शपथ पूरी करने में मदद मांगीं, जिन्होंने उन्हें शब्दों का उच्चारण बताया। स्वयं स्पीकर महोदय ने बार-बार शपथ लेने में मनोरमा देवी की सहायता की जिसके बाद ही विभा देवी किसी तरह शपथ लेने की औपचारिकता निभा सकीं।

विभा देवी का परिचय व उनकी योग्यता केवल यह है कि वे पूर्व विधायक और विवादित बाहुबली राजबल्लभ यादव की पत्नी हैं। वे आरजेडी के प्रत्याशी कौशल यादव को 27,594 वोटों से हराकर विजई घोषित हुई हैं। गोया अब बिहार का भाग्य लिखने वालों में एक नाम विधायक विभा देवी का भी शामिल होगा। राज्य के नेतृत्व में ऐसे और भी कई उदाहरण हैं।

इसी बिहार विधानसभा चुनाव में पहली बार देश के प्रसिद्ध चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर शायद यह सोचकर जन सुराज नामक अपनी पार्टी बनाकर मैदान में उतरे होंगे कि जब वे दूसरे दलों व उनके नेताओं को चुनावी जीत दिला सकते हैं तो स्वयं अपने गृह राज्य में अपनी पार्टी बनाकर विजई क्यों नहीं हो सकते? सुख और विलासता के जीवन को त्याग कर गत तीन वर्षों तक पूरे बिहार की खाक छानने के बाद अपनी ही कमाई के करोड़ों रुपये पानी में बहाकर जो मुद्दे वे जनता के सामने रख रहे थे निश्चित रूप से वही मुद्दे आज की राजनीति विशेषकर बिहार की जरूरत हैं। जैसे शिक्षा, पलायन, बेरोजगारी व भ्रष्टाचार जैसे मुद्दों को ही उन्होंने अपने चुनाव के सर्वप्रमुख मुद्दे के रूप में उठाया।

इतना ही नहीं बल्कि जितने शिक्षित, अनुभवी, सज्जन, योग्य व दूरदर्शी लोगों को प्रशांत किशोर ने जन सुराज पार्टी का प्रत्याशी बनाया शायद राज्य के किसी अन्य दल ने नहीं बनाया परन्तु भारतीय राजनीति व देश की लोकतान्त्रिक व्यवस्था का आज का सच यही है कि नवादा की जिस नवनिर्वाचित विधायक विभा देवी के अनपढ़ होने के कारण उनका मजाक उड़ाया गया उनके मुकाबले में जन सुराज पार्टी ने जिस अनुज सिंह को अपना उम्मीदवार बनाया था वे संसाधन भूगोल Resource Geography में पीएचडी धारक थे परन्तु उन्हें कुल 19349 वोट हासिल हुए और वे तीसरे नंबर पर रहे, जबकि अनपढ़ विभा देवी ने कुल 87423 वोट पाकर जबरदस्त जीत दर्ज की।

अब एक नजर डालते हैं पूर्व केंद्रीय ऊर्जा मंत्री आर के सिंह प्रकरण पर। भाजपा के वरिष्ठ नेता राज कुमार सिंह ने बिहार विधान सभा चुनाव के दौरान ही बिहार की नीतीश सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए सरकार की नीतियों, भ्रष्टाचार और पार्टी नेताओं पर कुछ गंभीर सवाल उठाए थे। उन्होंने बिहार सरकार व अदानी पावर लिमिटेड के मध्य रु. 62,000 करोड़ के घोटाले का आरोप लगाते हुए यह दावा किया था कि यह अडानी को फायदा पहुंचाने की साजिश है। उन्होंने इस विषय पर सीबीआई जांच की मांग की थी। इसके अलावा उन्होंने भाजपा नेताओं जैसे भाजपा के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी पर 1995 हत्या मामले आरोपी होने, अपनी आयु व शिक्षा छिपाने जैसे प्रशांत किशोर के गंभीर आरोपों का समर्थन किया था।

आरके सिंह ने अनंत सिंह जैसे एनडीए उम्मीदवारों को अपराधी बताते हुए लोगों से उन्हें वोट न देने की अपील भी की थी परन्तु बलिहारी हो इस लोकतंत्र की कि सम्राट चौधरी भी चुनाव जीतकर पुनः राज्य के उप मुख्यमंत्री बन गए और आपराधिक पृष्ठभूमि वाले अनंत सिंह भी विजई हो गए, जबकि दूसरी ओर इनको आइना दिखाने वाले आर के सिंह जैसे ईमानदार व शिक्षित नेता के आरोपों को भाजपा ने अनुशासनहीनता व पार्टी-विरोधी गतिविधियां मानते हुए उल्टे उन्हें ही पार्टी से निलंबित कर दिया। उधर अपने निलंबन के कुछ ही घंटों बाद सिंह ने भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा को पत्र लिखकर पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया।

उन्होंने अपने इस्तीफे में भी साफ कहा कि यह कार्रवाई भ्रष्ट लोगों के साथ साठगांठ को साबित करती है। उन्होंने भाजपा आलाकमान से यह भी पूछा कि भ्रष्टाचार व अपराधियों के विरुद्ध आवाज उठाना क्या भाजपा की नजरों में अनुशासनहीनता है? परन्तु लोकतंत्र में तथ्य व आरोप से भी बड़ा है जनमत या बहुमत। यानी जो जीता वही सिकंदर। अब एक नजर राहुल गांधी की बिहार में की गई पदयात्रा पर भी डालिए। राहुल गांधी ने बिहार में कभी पलायन रोकने के विषय को मुद्दा बनाकर तो कभी वोट अधिकार यात्रा के नाम पर बिहार के लोगों को जागरूक करने की पूरी कोशिश की। राजनीति व राज्य के विकास के बुनियादी मुद्दों पर उन्होंने जनता को जागृत करने का प्रयास किया। परन्तु चुनाव नतीजों ने उन सभी बुनियादी मुद्दों पर भी पानी फेर दिया।

गोया मतदाताओं को न तो शिक्षित व चरित्रवान राजनीतिज्ञ समझ आए न ही भ्रष्टाचार विरोधी मुहिम। न ही राहुल गांधी, आर के सिंह व प्रशांत किशोर जैसे स्पष्ट बोलने व राजनैतिक दूरदृष्टि रखने वाले संघर्षशील नेता। बल्कि राज्य की जनता जनार्दन ने मुफ्त राशन, बैंक खातों में मुफ्त पैसा, धर्म-जाति, परिवारवाद, अनपढ़, अपराधी जैसे मुद्दों व प्रत्याशियों के पक्ष में अपनी राय जाहिर की। दरअसल आज के चतुर व शातिर राजनेता यह समझ चुके हैं बहुमत हासिल करने के लिए क्या क्या हथकंडे अपनाए जाने चाहिए और किस तरह मतदान में बहुमत को अपने पक्ष में करना चाहिए। शायद लोकतंत्र की इसी त्रासदी से प्रभावित होकर ही अल्लामा इकबाल ने लिखा था कि जम्हूरियत वह तर्ज-ए-सियासत है कि जिसमें। बन्दों को गिना करते हैं, तौला नहीं करते।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

**खनन अरावली की प्रकृति और संस्कृति क् दोनों के विरुद्ध है। इससे हमारी पारिस्थितिकी बिगड़ती है। हां, कुछ खनन-मालिकों की आर्थिक स्थिति में सुधार होता है, परंतु अधि. कतर लोगों को सिलि. कोसिस जैसी भयानक बीमारियां हो जाती हैं, जिससे उनका स्वास्थ्य बिगड़ता है और फिर बीमारी के कारण आर्थिक स्थिति भी खराब होने लगती है। अरावली की हरियाली ही हमारी अर्थव्यवस्था और पारिस्थितिकी का आधार है। जैसे हमारे शरीर का आधार हमारी रीढ़ है, वैसे ही अरावली भारत की रीढ़ है, इसलिए इसकी सुरक्षा आवश्यक है। अरावली को खनन-मुक्त करना ही भारत की समृद्धि का मार्ग है।**

# राजधानी दिल्ली का भविष्य खतरे में!



विनीत नारायण

सर्वोच्च न्यायालय के ताजा आदेश ने दिल्लीवासियों और उनकी भविष्य की पीढ़ियों का जीवन खतरे में डाल दिया है। इस आदेश के अनुसार दिल्ली की सीमा से सटी अरावली पर्वत शृंखला की हरियाली पर दूरगामी विपरीत प्रभाव पड़ेगा। सुप्रीम कोर्ट के नए फैसले ने अरावली पर्वतमाला को 100 मीटर की ऊंचाई के आधार पर परिभाषित कर दिया है, जिससे इसके विशाल भाग को कानूनी संरक्षण से बाहर रखा जा रहा है। यह फैसला उत्तर-पश्चिम भारत, खघसकर दिल्ली एनसीआर के पर्यावरण के लिए खतरनाक साबित हो सकता है, क्योंकि अरावली न केवल रेगिस्तानीकरण की एकमात्र रोक है, बल्कि यह जल संवर्धन क्षेत्र, प्रदूषण के लिए सिंक, वन्यजीवों के आवास और जन स्वास्थ्य के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। अरावली दिल्ली-एनसीआर की वायु गुणवत्ता को बनाए रखने में अहम भूमिका निभाती है। यह थार मरुस्थल से आने वाली धूल और प्रदूषण को रोकती है। अगर अरावली के बड़े हिस्से को संरक्षण से बाहर रखा गया, तो दिल्ली-एनसीआर में धूल तूफान, वायु प्रदूषण और जल संकट बढ़ सकता है। अरावली की चट्टानों में दरारें प्राकृतिक जल संवर्धन के लिए अहम हैं। यहां प्रति हेक्टेयर दो मिलियन लीटर जल संवर्धन की क्षमता है, जिससे पूरे क्षेत्र का भूजल स्तर बना रहता है। इसके अलावा, अरावली विविध वन्यजीवों का आवास है, जिसमें सैकड़ों प्रजातियां शामिल हैं। सुप्रीम कोर्ट ने अरावली को केवल उन्हीं भू-आकृतियों तक सीमित कर दिया है जो स्थानीय स्तर से 100 मीटर ऊंचाई पर हैं। इससे अरावली के लगभग 90: भाग को संरक्षण से बाहर रखा गया है, जिसमें छोटे टीले, ढलानें और बफर क्षेत्र शामिल हैं। यह निर्णय खनन, निर्माण और रियल एस्टेट गतिविधियों के लिए दरवाजे खोल देगा, जिससे जैव विविधता, जल संवर्धन और वायु गुणवत्ता पर गंभीर खतरा होगा। सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला न्यायिक संरक्षण के सिद्धांतों के खिलाफ भी जा सकता है। अदालतें पर्यावरणीय न्याय के लिए जानी जाती हैं। लेकिन इस निर्णय से ऐसा लगता है कि व्यावसायिक और विकासात्मक हितों को पर्यावरणीय और सामाजिक हितों पर प्राथमिकता दी जा रही है। यह भविष्य में अन्य पर्यावरणीय मामलों में भी खराब उदाहरण साबित हो सकता है, जिससे प्राकृतिक संसाधनों की लूट को और बढ़ावा मिल सकता है।विशेषज्ञों का कहना है कि यह निर्णय भारत के पर्यावरणीय संतुलन को गहराई से प्रभावित करेगा। अरावली पर्वतमाला के संरक्षण का मुद्दा न केवल पर्यावरणीय और आर्थिक है, बल्कि यह नैतिक और न्यायिक भी है। भारत के संविधान के अनुच्छेद 48 A और 51A में पर्यावरण संरक्षण का अधिकार और कर्तव्य शामिल है, जिसके तहत राज्य और नागरिकों की जिम्मेदारी है कि वे प्राकृतिक संसाधनों की रक्षा करें। जानकारों के अनुसार इस नए निर्णय से यह जिम्मेदारी और अधिकार कमजोर हो रहा है, क्योंकि अरावली के बड़े हिस्से को संरक्षण से बाहर रखकर इसकी प्राकृतिक संपदा का दोहन आसान हो जाएगा। अरावली के आसपास रहने वाले स्थानीय समुदाय, आदिवासी, किसान और ग्रामीण इस पर्वतमाला की सुरक्षा के लिए सबसे ज्यादा आवाज उठा रहे हैं। उनका तर्क है कि अरावली न केवल उनकी आजीविका का स्रोत है, बल्कि उनकी संस्कृति और पहचान का हिस्सा भी है। अगर इसकी सुरक्षा नहीं होगी, तो इन समुदायों की जीवन शैली, आस्था और भावनाएं भी खतरे में पड़ेंगी। यह निर्णय न केवल पर्यावरण को नुकसान पहुंचाएगा, बल्कि सामाजिक असमानता और विस्थापन को भी बढ़ावा देगा। राजस्थान में जहां बादल उठते थे, वहीं अरावली के जंगल उन्हें बरसाते थे। खनन के कारण अरावली का तापमान 3 से 5 डिग्री तक बढ़ जाता है। पहले जयपुर की झालाना डूंगरी में खनन के कारण दोपहर बाद, जयपुर के अन्य हिस्सों की तुलना में, वहां का तापमान 1 से 3 डिग्री अधिक रहता था। सर्दियों में भी झालाना का तापमान जयपुर से अलग रहता था।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# रूस-भारत साझेदारी- पुतिन की यात्रा के व्यापक प्रभाव





एम. फहीम तन्हा

रूस के राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन की इस हफ्ते दिसंबर 2025 में हुई भारत यात्रा को अंतर्राष्ट्रीय कूटनीति के महत्त्वपूर्ण क्षणों में से एक माना जा रहा है। यह यात्रा यूक्रेन संघर्ष के बाद उस समय हुई जब वैश्विक परिदृश्य तेजी से बदल रहा है और ऊर्जा सुरक्षा, भू-रणनीतिक संतुलन, रक्षा सहयोग तथा आर्थिक स्थिरता जैसे मुद्दे वैश्विक एजेंडे के केंद्र में हैं। भारत और रूस पिछले 25 वर्षों से विशेष और विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी में जुड़े हुए हैं, और यह यात्रा उस साझेदारी को नए आयाम देने वाली साबित हुई है।

**प्रधानमंत्री मोदी का दृष्टिकोण**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पुतिन की भारत यात्रा को दोनों देशों के लिए ऐतिहासिक और सकारात्मक क्षण बताया। उन्होंने कहा कि यह दौरा केवल औपचारिक मुलाकात नहीं, बल्कि भारत-रूस रिश्तों को नई ऊर्जा, स्थिरता और बहुआयामी विकास देने वाला कदम है। मोदी ने विशेष रूप से यह रेखांकित किया कि रक्षा, ऊर्जा, आर्थिक और तकनीकी सहयोग के सभी क्षेत्र राष्ट्रीय हितों के अनुरूप मजबूत किए जा रहे हैं, और यह साझेदारी भविष्य में दुनिया में भारत की भूमिका को और सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण योगदान देगी।

**भारत-रूस संबंधों में नई दिशा**

पिछले वर्षों में द्विपक्षीय व्यापार तेजी से बढ़ा है और वर्तमान में यह 60-70 बिलियन डॉलर के आसपास पहुंच चुका है। दोनों देशों ने इसे 2030 तक 100 बिलियन डॉलर तक बढ़ाने का लक्ष्य रखा है। महत्वपूर्ण बात यह है कि अब यह साझेदारी केवल ऊर्जा और रक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें विनिर्माण, कृषि-तकनीक, दवाइयों, परिवहन-लॉजिस्टिक्स, निवेश और नवाचार जैसे कई नए क्षेत्र शामिल हो रहे हैं। इसका उद्देश्य व्यापार को अधिक संतुलित, टिकाऊ और बहुआयामी बनाना है।

**ऊर्जा और आपूर्ति सुरक्षा का भरोसा**

भारत की ऊर्जा सुरक्षा इस यात्रा का प्रमुख केंद्र रही। रूस ने भारत को दीर्घकालिक, स्थिर और निरंतर ऊर्जा आपूर्ति का भरोसा दिया है। वैश्विक अस्थिरता, पश्चिमी प्रतिबंधों और बदलते बाजार भावों के बीच यह आश्वासन भारत के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। इससे भारत न केवल प्रतिस्पर्धी मूल्यों पर ऊर्जा प्राप्त कर सकेगा, बल्कि अपनी घरेलू ऊर्जा-नीति को स्थिर रखने में भी सक्षम होगा।

**रक्षा व लॉजिस्टिक्स साझेदारी का विस्तार**

भारत-रूस रक्षा संबंध ऐतिहासिक रूप से मजबूत रहे हैं। इस यात्रा के दौरान दोनों देशों ने रक्षा उत्पादन में सहयोग, तकनीक साझा करने, संयुक्त विकास और लॉजिस्टिक सपोर्ट को बढ़ाने पर जोर दिया। इससे न केवल भारत की रक्षा क्षमता मजबूत होगी, बल्कि मेक इन इंडिया के तहत रक्षा-उद्योग को भी बड़ा प्रोत्साहन मिलेगा। पारंपरिक खरीदार-विक्रेता संबंध के स्थान पर अब सह-निर्माण और तकनीकी साझेदारी को प्राथमिकता दी जा रही है।

**आर्थिक अवसरों का विस्तार**

भारत और रूस दोनों ने निवेश, तकनीकी सहयोग और व्यापार को नए क्षेत्रों में विस्तारित करने का रोडमैप तय किया है। रूस की कंपनियां अब भारतीय बाजार में ऊर्जा, खनिज, लोहे-इस्पात, इंफ्रास्ट्रक्चर, फार्मा और आईटी क्षेत्रों में निवेश बढ़ाने के लिए इच्छुक हैं। वहीं भारत रूस को कृषि-उत्पाद, औषधि, दूरसंचार उपकरण, मशीनरी और सेवाओं का निर्यात बढ़ाने पर ध्यान देगा। यह परिवर्तन भारत के लिए नए रोजगार, तकनीकी प्रगति और आर्थिक विविधीकरण की राह खोलता है।

**कूटनीतिक जीत: संतुलित विदेश नीति का संकेत**

पुतिन की यह यात्रा बताती है कि भारत अपनी विदेश नीति में संतुलन और स्वायत्तता बनाए रखने में सफल रहा है।

पश्चिमी देशों और रूस के बीच तनाव के बावजूद, भारत ने अपनी राष्ट्रीय हितों को प्राथमिकता दी और दोनों पक्षों के साथ मजबूत संबंध बनाए रखे। यह भारत की परिपक्व, बहुध्रुवीय और स्वतंत्र विदेश नीति की स्पष्ट सफलता है। पुतिन की भारत यात्रा केवल एक औपचारिक शिष्टाचार यात्रा नहीं थी, बल्कि भारत-रूस संबंधों में नए युग की शुरुआत थी। ऊर्जा सुरक्षा, रक्षा सहयोग, आर्थिक साझेदारी और तकनीकी सहयोग, इन सभी क्षेत्रों में व्यापक प्रगति का मार्ग तय हुआ है।

यदि भारत इन अवसरों का पूरी क्षमता से उपयोग करता है, तो आने वाले वर्षों में यह साझेदारी भारत की आर्थिक मजबूती, रणनीतिक स्वायत्तता और वैश्विक प्रभाव को और अधिक बढ़ाएगी।

**(लेखक स्वतंत्र पत्रकार एवं टिप्पणीकार हैं, ये लेखक के निजी विचार हैं)**



तिरुवनंतपुरम। आगामी केरल स्थानीय निकाय चुनावों की तैयारियों के बीच एक घर की दीवारों पर पार्टी के बैनर लगाए गए।

## मिजोरम में म्यांमार, बांग्लादेशी शरणार्थियों का पंजीकरण अभियान तेज

**एजल।** मिजोरम में शरण लिए हुए म्यांमार के लगभग दो-तिहाई नागरिकों का पंजीकरण फॉरेनर्स आइडेंटिफिकेशन पोर्टल पर अब तक पूरा हो गया है। अधिकारियों के अनुसार, शनिवार तक मिजोरम में इस समय मौजूद 30893 म्यांमार शरणार्थियों में से 65.82 प्रतिशत का बायोमेट्रिक नामांकन किया जा चुका है। अधिकारियों ने बताया कि एजल और लुंगलेई जिलों में सभी शरणार्थियों का नामांकन पूरा कर लिया है, जिनकी संख्या क्रमशः 4100 के करीब और लगभग 1600 है। खावजॉल (94.19 प्रतिशत) और सेरछिप (92.87 प्रतिशत) जिलों ने भी इस अभ्यास में अच्छी प्रगति की है। म्यांमार से लगते खुली और लंबी सीमा वाले चम्फाई जिले में शरणार्थियों की सबसे अधिक संख्या है।

## पूर्व पीएम खालिदा जिया की हालत नाजुक लंदन रवाना होने की तैयारी फिर टली

**ढाका।** बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री और तीन बार देश का नेतृत्व कर चुकीं खालिदा जिया की हालत बेहद नाजुक बनी हुई है। लंदन ले जाने की तैयारी कई दिनों से चल रही थी, लेकिन डाक्टरों ने एक बार फिर उनकी यात्रा टाल दी है। शनिवार को मेडिकल बोर्ड ने साफ कहा कि इस समय खालिदा जिया का विदेश जाना सुरक्षित नहीं है। इसी वजह से लंदन रवाना करने की योजना अनिश्चित काल के लिए टाल दी गई। डाक्टरों के मुताबिक, खालिदा जिया को फिलहाल ढाका के एवरकेयर अस्पताल के सीसीयू में रखा गया है। 80 साल की जिया को पिछले महीने सीने में गंभीर संक्रमण होने के बाद भर्ती कराया गया था। उनकी हालत लगातार उठ-बैठ रही है, इसलिए मेडिकल बोर्ड ने यात्रा को 'जोखिम भरा' बताया।

# इमरान खान राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा नहीं

## पीटीआई ने की सेना की टिप्पणियों की निंदा, संविधान संशोधनों के बाद कमजोर लोकतांत्रिक व्यवस्था पर भी चेतावनी दी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) ने सेना के प्रवक्ता की पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के खिलाफ टिप्पणियों की आलोचना की और कहा कि इमरान खान 'राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा नहीं हैं।

पार्टी ने हाल ही में संविधान संशोधनों के बाद कमजोर होती लोकतांत्रिक व्यवस्था को लेकर भी चेतावनी दी। इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) के महानिदेशक अहमद शरीफ चौधरी ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि इमरान खान 'सेना-विरोधी' रुख अपना रहे हैं और उनकी बयानबाजी राजनीति से आगे बढ़कर 'राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा' बन गई है। पीटीआई के महासचिव सलमान अकरम राजा ने इस आरोप पर कहा पाकिस्तान के लोगों को दूर मत भगाइए, वे इमरान खान और पीटीआई के



■ पाक के लोगों को दूर मत भगाइए, वे इमरान खान और पीटीआई के साथ हैं
■ इमरान राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा नहीं हैं: सलमान

साथ हैं। इमरान खान राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा नहीं हैं। उन्होंने लोगों को एकजुट रखा। राजा ने कहा कि पाकिस्तान में जातीय और सांप्रदायिक जैसे कई दृष्टिकोण हैं, लेकिन इमरान ने सभी को ठुकराकर पाकिस्तान की विचारधारा के साथ खड़े रहने का विकल्प चुना। उन्होंने खैबर पख्तूनख्वा में चुनी हुई सरकार को कमजोर करने की कोशिशों के खिलाफ चेतावनी दी। उन्होंने आईएसपीआर की प्रेस कान्फ्रेंस को 'दुर्भाग्यपूर्ण' बताया और कहा कि पीटीआई अपने संस्थापक के खिलाफ लगाए गए आरोपों का जवाब नहीं देगी। उन्होंने कहा कि आज हमें बताया जा रहा है कि देश के सबसे लोकप्रिय नेता राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा हैं, जो कि हास्यास्पद है। राजा ने कहा कि लोकतंत्र और संविधान को कमजोर करने के प्रयासों का इतिहास पाकिस्तान में कई बार देखा गया है। उन्होंने कहा कि सैन्य शासन कभी भी समृद्धि नहीं ला सका और लोकतंत्र, कानून और संविधान के खिलाफ कथित तर्क हमेशा गलत साबित हुए। पीटीआई के अध्यक्ष बैरिस्टर गोहर अली ने भी आईएसपीआर की टिप्पणियों की निंदा की और कहा कि यह लोकतंत्र के लिए 'दुर्भाग्यपूर्ण' है। उन्होंने कहा कि मौजूदा माहौल बदलना चाहिए, वरना नुकसान केवल इमरान खान का नहीं बल्कि सभी का होगा। गोहर ने कहा कि पीटीआई हमेशा लोकतंत्र, शांति और कानून के शासन के पक्ष में रही है और इमरान हमेशा कहते रहे हैं कि पाकिस्तान और उसकी सेना जनता की हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर मौजूदा हालात जारी रहे तो लोकतंत्र को सबसे बड़ा नुकसान उठाना पड़ेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### बेनिन में तख्तापलट के प्रयास के बाद अनिश्चितता

**पोर्टो-नोवो।** पश्चिम अफ्रीकी राष्ट्र बेनिन में रविवार को लेफ्टिनेंट कर्नल पास्कल टिग्री के नेतृत्व में एक सैन्य समूह द्वारा राष्ट्रपति पैट्रिस तालोन को पद से हटाने की घोषणा के बाद देश में संवैधानिक संकट और अनिश्चितता की स्थिति उत्पन्न हो गई है। तख्तापलट के प्रयास की शुरुआत राजधानी पोर्टो-नोवो में राष्ट्रपति तालोन के आधिकारिक आवास पर तड़के हुए हमले से हुई। इसके तुरंत बाद, खुद को 'पुनर्निर्माण के लिए सैन्य समिति' कहने वाले सैनिकों ने राष्ट्रीय टेलीविजन पर कब्जा कर लिया।

### पोलैंड ने सुरक्षा के लिए तैनात किए जेट

**वारसॉ।** यूक्रेन पर रूसी हवाई हमलों के बाद पोलैंड ने अपने एयरस्पेस की सुरक्षा के लिए जेट विमानों को तैनात कर दिया है। पोलैंड के सशस्त्र बलों की ऑपरेशनल कमांड ने शनिवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि उसने जरूरी सुरक्षात्मक उपायों को सक्रिय कर दिया है। लड़ाकू विमान हवा में गश्त पर थे और जमीन पर मौजूद वायु-रक्षा और रडार प्रणाली को सजग रखा गया था। इन कदमों को बचाव के तौर पर उठाया गया था। कमांड ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि इसका मकसद एयरस्पेस, खासकर संभावित खतरे वाले इलाकों के पास की सुरक्षा सुनिश्चित करना है।

### नाव डूबने से 18 प्रवासियों की मौत

**एथेंस।** यूनान में क्रेते के दक्षिणी तट पर प्रवासियों से भरी एक नाव के पलट जाने से कम से कम 18 लोगों की मौत हो गई। यूनान के सार्वजनिक प्रसारक ईआरटी ने शनिवार को यह जानकारी दी। यह नाव द्वीप के दक्षिणी तट पर स्थित इरापेट्रा शहर से लगभग 26 समुद्री मील (48.2 किमी) दक्षिण में डूब गई। हेलेनिक तटरक्षक बल के अनुसार, दो जीवित बचे लोगों को पानी से बचा लिया गया। बचाव दल क्षेत्र में अभियान जारी रखे हुए हैं और गश्ती नौकाएं समुद्र से शव बरामद कर रही हैं। दुर्घटना का कारण अभी तक पता नहीं चल पाया है और तटरक्षक बल ने जांच शुरू कर दी है।

### अमेरिका का नशीले पदार्थों के विरुद्ध अभियान 'एक ढोंग': क्यूबा

**हवाना।** क्यूबा के विदेश मंत्री ब्रूनो रोड्रिगेज ने कहा कि होंडुरास के पूर्व राष्ट्रपति जुआन ऑरलैंडो हर्नांडेज को दी गई माफी यह दर्शाती है कि अमेरिकी सरकार द्वारा घोषित नशीले पदार्थों के विरुद्ध युद्ध 'एक ढोंग' है। नशीले पदार्थों की तस्करी और अन्य आरोपों में संयुक्त राज्य अमेरिका में 45 साल जेल की सजा पाने वाले हर्नांडेज को ट्रम्प प्रशासन से आधिकारिक माफी मिलने के बाद सोमवार को रिहा कर दिया गया था।

# पुतिन की भारत यात्रा ट्रम्प की नाकामी

## पेंटागन के पूर्व अधिकारी का बड़ा बयान, अमेरिकी नीति को बताया पाखंड, पाकिस्तान को गले लगाने पर भी उठाए सवाल

**वाशिंगटन।** अमेरिकी रक्षा मुख्यालय पेंटागन के पूर्व अधिकारी माइकल रूबिन ने कहा कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के भारत दौरे को बहुसंख्य अमेरिकी नागरिक राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की घोर नाकामी के रूप में देख रहे हैं। अमेरिकी नागरिक ट्रम्प को पसंद नहीं करते। रूबिन ने दावा किया कि हालिया सर्वे में पाया गया है कि अमेरिका के 65 प्रतिशत लोग ट्रम्प को नापसंद करते हैं। अमेरिकी पूर्व अधिकारी ने कहा कि रूस से रियायती तेल खरीदने पर भारत को लेक्चर देकर अमेरिका पाखंड कर रहा है क्योंकि वाशिंगटन खुद मास्को के साथ व्यापार में शामिल है। उन्होंने नई दिल्ली की अपनी जरूरतों को प्राथमिकता देने की स्थिति को सही ठहराया। पेंटागन के पूर्व अधिकारी ने अमेरिका की कड़ी आलोचना तब की जब उनसे नई दिल्ली दौरे के दौरान रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की उस टिप्पणी के बारे में पूछा गया कि मास्को बढ़ती भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए ईंधन की बिना रुकावट आपूर्ति जारी रखने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि भारत जल्द ही दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने वाला है और उसकी अपनी ऊर्जा जरूरतें हैं। उन्होंने अगस्त में भारतीय आयात पर अमेरिका की तरफ से 50 प्रतिशत टैरिफ लगाने की आलोचना की। वाशिंगटन का दावा है कि यह तेल यूक्रेन में मास्को के युद्ध प्रयासों को बढ़ावा देता है। रूबिन ने खास बातचीत में कहा, जो बात अमेरिकियों को समझ नहीं आती, वह यह है कि भारतीयों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भारत के हितों का प्रतिनिधित्व करने के लिए चुना है। अमेरिका पाखंड कर रहा है क्योंकि हम रूस से खरीदते हैं। हम ऐसे सामान और मटीरियल खरीदते हैं जिनके लिए हमारे पास कोई दूसरा बाजार नहीं है। उन्होंने कहा अगर हम नहीं चाहते कि भारत रूसी तेल खरीदे तो हमें भारत को सस्ती कीमत पर और जितनी मात्रा में उसे जरूरत है उतनी मात्रा में ईंधन देने के लिए हम क्या करने वाले हैं? पूर्व पेंटागन अधिकारी ने पाकिस्तान को गले लगाने के लिए अमेरिका के पास कोई रणनीतिक तर्क नहीं होने का दावा करते हुए कहा कि इस्लामाबाद को आतंकवाद का स्टेट स्पान्सर घोषित किया जाना चाहिए। उन्होंने जून में पाकिस्तान के आर्मी चीफ फील्ड मार्शल आसिम मुनीर के व्हाइट हाउस दौरे पर भी आपत्ति जताई और कहा कि मुनीर को अमेरिका में गिरफ्तार किया जाना चाहिए। वहीं अमेरिका की अंडर सेक्रटरी ऑफ स्टेट फार पालिटिकल अफेयर्स एलिसन हुकर 7 से 11 दिसम्बर तक भारत के दौरे पर रहेंगी। अमेरिकी दूतावास द्वारा जारी बयान के अनुसार, उनका यह दौरा भारत-अमेरिका रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने और व्यापार, रक्षा और उभरती तकनीकों में सहयोग बढ़ाने पर केंद्रित रहेगा। आधिकारिक बयान में कहा गया है कि एलिसन हुकर की प्राथमिकताओं में अमेरिकी निर्यात को बढ़ावा देना, आर्थिक संबंधों को और गहरा करना और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), अंतरिक्ष अनुसंधान तथा अन्य उभरते क्षेत्रों में सहयोग मजबूत करना शामिल है। इस दौरे के दौरान एलिसन हुकर नई दिल्ली में वरिष्ठ भारतीय अधिकारियों से मुलाकात करेंगी। वह विदेश सचिव विक्रम मिस्री के साथ 'फारेन आफिस कंसल्टेशन' में हिस्सा लेंगी, जिसमें इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में सुरक्षा, आपसी हितों और क्षेत्रीय मुद्दों पर चर्चा होगी।



भारत के पांच दिन के दौरे पर शीर्ष अमेरिकी राजनयिक हूकर, रणनीतिक साझेदारी, तकनीकी सहयोग पर होगा

## अमेरिका में और सख्त हुई वीजा जांच

**वाशिंगटन।** अमेरिका में ट्रम्प प्रशासन ने अपने 'अमेरिका फर्स्ट' एजेंडे के तहत इमिग्रेशन नियमों को और सख्त कर दिया है। व्हाइट हाउस ने कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प काम से जुड़े वीजा नियमों को कड़ा कर रहे हैं और जांच प्रक्रिया को और मजबूत बना रहे हैं। इसके तहत अमेरिका की ट्रम्प सरकार ने घोषणा की है कि 15 दिसम्बर से एच-1बी वीजा और उनके परिवार (एच-4) आवेदकों की जांच और कड़ी होगी। इसके लिए बनाए गए नए नियमों के तहत सबसे पहले सभी वीजा आवेदकों को अपने सोशल मीडिया अकाउंट 'पब्लिक' करना होगा, ताकि अधिकारी उनकी आनलाइन गतिविधियों की जांच कर सकें। अमेरिकी विदेश विभाग ने कहा कि वीजा पाना एक अधिकार नहीं, बल्कि एक विशेष अनुमति है। हर वीजा जांच राष्ट्रीय सुरक्षा का मामला है। मामले में अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि वे सभी उपलब्ध जानकारी देखकर ही फैसला लें कि आवेदक को वीजा दिया जाए या नहीं। बता दें कि ट्रम्प प्रशासन के इस नए और सख्त कदम के बाद अमेरिका में वीजा पर काम करने वाले भारतीयों के लिए थोड़ी-बहुत चिंता बढ़ने की बात कही जा रही है।

## चीन ने ताइवान के करीब बढ़ाई सैन्य गतिविधियां

■ गश्त करते दिखे दो विमान और सात नौसैनिक जहाज
■ उस दिन चीन के 29 लड़ाकू विमानों ने उड़ान भरी और छह नौसैनिक जहाजों की गतिविधि देखी गई

**ताइपे (ताइवान)।** ताइवान के राष्ट्रीय रक्षा मंत्रालय (एमएनडी) ने रविवार को बताया कि उसके क्षेत्र के आस-पास चीनी सेना (पीएलए) के दो विमान उड़ान भरते हुए और सात नौसैनिक (पीएलएएन) जहाज गतिविधि करते हुए दिखाई दिए। इसी समय एक चीनी गुब्बारा भी देखा गया। मंत्रालय ने एक्स पर जानकारी साझा करते हुए कहा, आज सुबह छह बजे (स्थानीय समयानुसार) तक ताइवान के आसपास पीएलए के दो विमानों और पीएलएएन के सात जहाजों की गतिविधि दर्ज की गई।

इसी समय एक चीनी गुब्बारा भी पाया गया। ताइवान के रक्षा बलों ने स्थिति की निगरानी और प्रतिक्रिया दी। शनिवार को ताइवान के आसपास चीनी सैन्य गतिविधियां बढ़ गईं। उस दिन चीन के 29 लड़ाकू विमानों ने उड़ान भरी और छह नौसैनिक जहाजों की गतिविधि देखी गई। इस बीच, जो बाइडन प्रशासन के पूर्व रक्षा अधिकारी एलि रैटनर ने जापानी प्रधानमंत्री साने ताकाइची के बयान को समर्थन दिया है। उन्होंने कहा कि ताइवान की रक्षा में जापान के शामिल होने की संभावना पर चीन की प्रतिक्रिया अनुचित है। ताइपे टाइम्स के मुताबिक, एलि रैटनर 2021 से इस वर्ष तक हिंद-प्रशांत सुरक्षा मामलों के लिए सहायक रक्षा सचिव थे। उन्होंने कहा कि ताइवान पर टिप्पणी कर ताकाइची ने केवल जापान की आधिकारिक नीति दोहराई है। सात नवम्बर को जापानी प्रधानमंत्री ने संसद में कहा था कि अगर चीन ताइवान पर हमला करता है, तो इसे 'जापान के अस्तित्व के लिए खतरा' माना जा सकता है और जापान को कदम उठाना पड़ सकता है। ताकाइची दशकों में पहली जापानी नेता हैं, जिन्होंने खुलकर कहा कि ताइवान जलडमरूमध्य में संकट के समय जापान की सेना शामिल हो सकती है। उनके बयान से चीन नाराज हुआ और उसने जापान की अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुंचाने के लिए कई कदम उठाए, जिनमें जापान की यात्रा और शिक्षा पर चेतावनी और जापानी समुद्री भोजन के आयात को रोकना शामिल है।

## बल प्रयोग कर सकते हैं राष्ट्रपति ट्रम्प

**वाशिंगटन।** अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने कथित ड्रग कार्टेल से जुड़ी नावों पर सैन्य हमलों का बचाव किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के पास देश की सुरक्षा के लिए 'जैसा वह उचित समझें' कार्रवाई करने का अधिकार है। हेगसेथ ने कहा कि ट्रम्प अपनी इच्छानुसार बल का इस्तेमाल कर सकते हैं।

रोनाल्ड रीगन प्रेसिडेंशियल लाइब्रेरी में बोलते हुए हेगसेथ ने हमलों की आलोचनाओं को खारिज कर दिया। गौरतलब है कि इन सैन्य हमलों में 80 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई थी। इन हमलों पर अंतर्राष्ट्रीय कानून के संभावित उल्लंघन को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं। पीट हेगसेथ ने तर्क दिया कि अमेरिकी नागरिकों की सुरक्षा के लिए ये ऑपरेशन वाजिब था। उन्होंने इसकी तुलना 11 सितम्बर 2001 के हमलों के बाद लिए गए फैसलों से की। हेगसेथ ने कहा कि अगर आप किसी घोषित आतंकी संगठन के लिए काम कर रहे हैं और देश में नाव के जरिये ड्रग्स लाते हैं तो हम आपको ढूंढ लेंगे और डुबो देंगे। इसमें कोई शक नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति ट्रम्प देश के हितों की रक्षा के लिए जैसा सही समझेंगे, वैसी निर्णायक सैन्य कार्रवाई कर सकते हैं और करेंगे।



■ कथित ड्रग तस्करी से जुड़ी नावों पर हमलों को लेकर बोले अमेरिकी रक्षा मंत्री हेगसेथ

# रूस को खतरा नहीं कहेगा अमेरिका

## ट्रम्प प्रशासन ने अपनी नेशनल सिक्योरिटी स्ट्रैटेजी (एनएसएस) में बड़ा बदलाव किया

● ट्रम्प बोले: यूरोप का वजूद खत्म हो रहा
● क्रीमिया को 2014 में रूस से मिलाने और 2022 में यूक्रेन पर पूर्ण हमले के बाद से अमेरिका रूस को बड़ा खतरा मानता है

**वाशिंगटन।** ट्रम्प प्रशासन ने अपनी नेशनल सिक्योरिटी स्ट्रैटेजी (एनएसएस) में बड़ा बदलाव किया है। इसके तहत अमेरिका अब रूस को 'खतरा' नहीं कहेगा। यह ट्रम्प की अमेरिका फर्स्ट नीति पर आधारित है। रूसी प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने बताया कि अमेरिका ने शुक्रवार को 29 पन्नों का एक दस्तावेज जारी किया।

अब अमेरिका रूस के लिए 'डायरेक्ट थ्रेट' और दुश्मन कहने वाली भाषा का इस्तेमाल नहीं करेगा। रूस ने इस बदलाव का स्वागत किया है। क्रीमिया को 2014 में रूस में मिलाने और 2022 में यूक्रेन पर पूर्ण हमले के बाद से अमेरिका रूस को बड़ा खतरा मानता रहा है। अब नई नीति में रूस के तरफ नरमी बरती गई है और कुछ मुद्दों पर सहयोग करने की बात कही गई है। वहीं ट्रम्प प्रशासन ने यूरोप की आलोचना करते हुए कहा कि उसका वजूद खत्म हो रहा है। यह नया अमेरिकी दस्तावेज ट्रम्प के 'लचीले यथार्थवाद' के सिद्धांत पर आधारित है। इसके मुताबिक अब अमेरिका की विदेश नीति बस उसके हितों पर बेस्ड होगी। इसका एकमात्र मापदंड होगा अमेरिका के लिए जो सबसे ज्यादा फायदेमंद है, वहीं करो। दस्तावेज में यूक्रेन जंग को जल्द से जल्द खत्म करने की बात कही गई है। इसे अमेरिका का खास एजेंडा बताया गया है। साथ ही रूस के साथ फिर से रणनीतिक स्थिरता बहाल करने की इच्छा जताई गई है, ताकि परमाणु हथियारों की होड़ और यूरोप में बड़े युद्ध का खतरा कम हो। अमेरिका का फायदा: एक्सपर्ट्स के मुताबिक ट्रम्प हमेशा से मानते हैं कि रूस से दुश्मनी करके अमेरिका को कुछ नहीं मिला। वे पुतिन की तारीफ करते रहे हैं और कहते हैं कि पुतिन के साथ डील करके यूक्रेन युद्ध 24 घंटे में खत्म कर दूंगा। ट्रम्प नहीं चाहते कि अमेरिका यूक्रेन को हथियार देकर अरबों डालर खर्च करता रहे।

वे चाहते हैं कि जल्दी समझौता हो जाए। चीन को ताकत दिखाने के लिए-ट्रम्प की नई रणनीति में चीन को बार-बार 'सबसे बड़ा और लंबे समय का खतरा' कहा गया है। उनका मानना है कि रूस से लड़ते रहने से चीन को फायदा हो रहा है। यूरोप को सबक सिखाना-ट्रम्प नाराज हैं कि यूरोपीय देश अमेरिका से सुरक्षा मांगते हैं लेकिन खुद कम खर्च करते हैं। वे कहते हैं कि अगर यूरोप को यूक्रेन की इतनी चिंता है तो खुद लड़ लो। व्यापारिक लाभ-कई विश्लेषकों का कहना है कि ट्रम्प प्रशासन के कई लोग (खासकर जेरेड कुशनर ट्रम्प के दामाद) रूस और खाड़ी देशों के साथ बड़े व्यापारिक सौदे करना चाहते हैं।

## हमारी रक्षा प्रणाली को चीन ने दो बार बनाया 'निशाना': जापान

**टोक्यो।** चीनी जे-15 लड़ाकू विमानों के दो बार जापान की वायु-रक्षा प्रणाली को निशाना बनाने के बाद चीन और जापान के बीच जारी तनाव गहरा गया। जापान के रक्षा मंत्री शिनजिरो कोइजुमी ने रविवार तड़के यह दावा किया। कोइजुमी ने यहां एक आपातकालीन संवाददाता सम्मेलन में कहा कि लियाओनिग एयरक्राफ्ट कैरियर से उड़ान भरने वाले एक चीनी जे-15 लड़ाकू विमान ने शनिवार दोपहर और शाम को ओकिनावा द्वीप के दक्षिण-पूर्व में अंतर्राष्ट्रीय जलक्षेत्र में वायु रक्षा-प्रणाली के एफ-15 लड़ाकू विमानों पर दो बार 'रडार से निशाना' साधा। मंत्रालय के अनुसार, पहली घटना स्थानीय समय के अनुसार शाम 4:32 और 4:35 बजे के बीच दर्ज की गई।

# रूस ने यूक्रेन पर 700 हवाई हमले किए

## गलती से अपने शहर पर गिराया 1000kg का बम, जंग रोकने यूएस-यूक्रेन बातचीत बेनतीजा

**कीव/मास्को।** यूक्रेन में आर्म्ड फोर्सेज डे से पहले रूस ने शनिवार को बड़े पैमाने पर हवाई हमला किया। यूक्रेन एयरफोर्स के मुताबिक रूस ने 29 ठिकानों पर 653 ड्रोन और 51 मिसाइल दागीं। इनमें से 585 ड्रोन और 30 मिसाइल मार गिराई गईं।

इससे 8 लोग घायल हुए। कई एनर्जी स्टेशन और रेलवे ढांचे को नुकसान पहुंचा। जापोरेजिया न्यूक्लियर पावर प्लांट कुछ समय के लिए ऑफ-साइट पावर से कट गया, हालांकि रिएक्टर बंद होने के कारण कोई बड़ा खतरा नहीं हुआ। रूस ने भी यूक्रेन पर हवाई हमले करने का आरोप लगाया है। रूस ने यूक्रेन पर हमले के दौरान गलती से अपने ही एक शहर बेल्गोरोड (यूक्रेन सीमा से करीब 40 किमी दूर) पर एफएबी-1000 (हाई- एक्सप्लोसिव बम) गिरा दिया। हालांकि, इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी है। बम का कुल वजन लगभग 1000 किलो के करीब था। बम पूरी तरह फटा नहीं, लेकिन जमीन पर जोरदार धमाका हुआ और एक बहुत बड़ा गड्ढा बन गया। हमले के बाद यूक्रेनी और अमेरिकी अधिकारियों के बीच तीन दिनों की वार्ता बिना किसी सफलता के खत्म हो गई। यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने ट्रम्प के शांति दूत स्टीव विटकाफ और अमेरिकी राष्ट्रपति के दामाद जेरेड कुशनर के साथ फोन पर बातचीत की थी। वहीं, यूरोपीय नेता सोमवार को लंदन में मिलने की तैयारी कर रहे हैं। इससे पहले फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों अमेरिका की नीयत को लेकर आशंका जता चुके हैं। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने चेतावनी दी थी कि अमेरिका, यूक्रेन को धोखा दे सकता है। रूस ने भी दावा किया कि उसने रातभर में 116 यूक्रेनी ड्रोन मार गिराए। साथ ही यूक्रेन ने रूस के रयाजान तेल रिफाइनरी पर लंबी दूरी के ड्रोन से हमला किया। यूक्रेनी सेना और रूसी क्षेत्रीय अधिकारियों ने इसकी पुष्टि की। पिछले कुछ महीनों से यूक्रेन रूस के तेल रिफाइनरियों पर लगातार हमले कर रहा है, ताकि रूस का तेल निर्यात आय कम हो।



■ बम पूरी तरह फटा नहीं, लेकिन जमीन पर जोरदार धमाका हुआ और एक बहुत बड़ा गड्ढा बन गया



